धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, सोमवार

20.01.2025

* * नगर संस्करण। पेज : 12


# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | माघ, कृष्ण पक्ष, षष्ठी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 190



12 2047 तक भारत को विकसित बनाएंगे : राजनाथ सिंह

## न्यूज डायरी

### टाटा में कांग्रेस नेता के भाई की गोली मारकर हत्या

**जमशेदपुर।** मानगो थाना क्षेत्र के गुरुद्वारा बस्ती निवासी संतोष सिंह नामक व्यक्ति की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। वह ट्रांसपोर्टर थे। इस हत्या से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। संतोष के परिजनों ने बताया कि वे अपने घर के पास खड़े थे, इसी दौरान अपराधी आये और गोली चलाने लगे। संतोष सिंह वहां से भाग कर एक घर में घुस गये, लेकिन अपराधियों ने उनका पीछा किया और घर में घुस कर गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। संतोष सिंह के सीने में तीन गोली लगी है। संतोष सिंह पश्चिमी विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी जितेंद्र सिंह के भाई हैं।

### धनबाद में फ्लाईओवर को गडकरी ने दी मंजूरी

**रांची।** धनबाद में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 19 के बरवाअड्डा-पानागढ़ के पास निरसा और गोविंदपुर क्षेत्र में स्थित मौजूदा फुटपाथ के पुनर्निर्माण को स्वीकृति मिल गयी है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने जिस सिक्स-लेन एलिवेटेड फ्लाईओवर को मंजूरी दी है। यह फ्लाईओवर झारखंड और पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-19, पुरानी जीटी रोड एनएच-02) का एक हिस्सा है।

### बिहार में जहरीली शराब से 5 की मौत

**पटना।** बेतिया के लौरिया थाना के मठिया गांव में पांच लोगों की शराब पीने से मौत की खबर है। मेडिकल टीम के डॉक्टर मूर्तजा अंसारी और परिजनों का कहना है की शराब पीने और गांजा पीने से मौत हुई है। 36 घंटे के अंदर मठिया गांव में पांच की मौत हुई है। एक के बाद एक लोगों की मौत से गांव में दहशत हैं। परिजनों ने आनन फानन में सभी शव का दाह संस्कार कर दिया है।

### ट्रक के केबिन में जिंदा जले ड्राइवर और खलासी

**अमृतसर।** बरनाला में एक निजी फैक्ट्री के पार्किंग स्थल पर खड़े एक ट्रक में आग लगने से तमिलनाडु के दो लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। यह दुखद घटना बरनाला-मनसा रोड पर हुई, जहां तमिलनाडु के रजिस्ट्रेशन नंबर वाले एक खड़े ट्रक में अचानक आग लग गयी। चालक और खलासी वाहन के अंदर फंस गये और जिंदा जल मरे।

### ओरमांझी में सुजीत गैंग का दो अपराधी गिरफ्तार

**रांची।** ओरमांझी थाना पुलिस ने सुजीत सिन्हा गैंग के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक टैब, दो मोबाइल, एक पैकेट डायरी और एक बैग बरामद किये हैं। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में विक्की वर्मा और आयुष राज शामिल हैं।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 74600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 96000 रु./प्रति किलो |




## झारखंड में उद्योगों को बढ़ावा देने की तैयारी में हेमंत सरकार

# पूर्वी सिंहभूम में बनाये जायेंगे रेल के डिब्बे

### 8086.86 करोड़ निवेश करेंगी कंपनियां, 5406 लोगों को रोजगार

सुधीर

**रांची।** अब, झारखंड के पूर्वी सिंहभूम में भी रेल के डिब्बे बनाये जायेंगे। अब तक रेल के डिब्बों का निर्माण भारत में चेन्नई, रायबरेली, लातूर और सोनीपत में ही होता था। हेमंत सरकार के फैसले के बाद अब झारखंड में भी रेल के डिब्बों का निर्माण होने लगेगा।

झारखंड के पूर्वी सिंहभूम में वोलटॉक्स रेल प्राइवेट लिमिटेड रेल के डिब्बे को असेंबल करेगी।



यहां कंपनी लगभग 6000 रेल डिब्बे का असेंबल करेगी। इसके लिए कंपनी को 205.21 एकड़ जमीन उपलब्ध कराया जायेगा। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार झारखंड में इसके अलावा फेब्रीकेशन, कास्टिंग कोपोंनेंट, स्टील और एल्यूमिनियम के भी प्लांट लगाये जायेंगे।

#### कौन कंपनी कितना निवेश करेगी

**वोलटॉक्स रेल प्राइवेट लिमिटेड :** पूर्वी सिंहभूम में 205.21 एकड़ में प्लांट स्थापित करेगी। इसमें 3967.84 करोड़ निवेश होगा और प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से 1900 लोगों को रेजगार की उम्मीद है।

**रामकृष्णा फोरगिन्स लिमिटेड :** यह कंपनी सरायकेला-खरसांवा में 139.58 करोड़ के निवेश से फेब्रिकेशन प्लांट लगायेगी। करीब 210 को रोजगार मिलेगा।

**रामकृष्णा फोरगिन्स लिमिटेड :** यह कंपनी 173.44 करोड़ का निवेश कर सरायकेला-खरसांवा में कॉस्टिंग कोपोंनेंट प्लांट लगायेगी। करीब 296 लोगों को राजगार की उम्मीद है।

**रश्मि मेटालिक लिमिटेड :** यह कंपनी खरसांवा में 3800 करोड़ की लागत से स्टील और एल्यूमिनियम का प्लांट लगायेगी। इसमें प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से 3000 को रोजगार मिलेगा।

#### लुभा रही है झारखंड की इंसेंटिव पॉलिसी

झारखंड सरकार की इंसेंटिव पॉलिसी निवेशकों को भी लुभा रही है। राज्य सरकार अब तक विभिन्न कंपनियों को 98.49 करोड़ का इंसेंटिव विभिन्न औद्योगिक पॉलिसी के तहत दे चुकी है। इस दिशा में झारखंड अब तेजी से आगे बढ़ रहा है। उद्योग-धंधे भी खड़े होने शुरू हो गये हैं। झारखंड में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए हेमंत सरकार ने कई कंपनियों के साथ राज्य सरकार ने एमओयू की सहमति दी है। एमओयू करने वाली कंपनियां झारखंड में 8086.86 करोड़ रुपये निवेश करेंगी। साथ ही प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 5406 लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

#### कितना दिया गया है इंसेंटिव

झारखंड इंडस्ट्रीयल इंवेस्टमेंट एंड प्रमोशन पॉलिसी के तहत 27.08 करोड़ का इंसेंटिव दिया गया है। कैप्टिव पावर प्लांट को 42.20 करोड़ का इंसेंटिव दिया गया है। झारखंड फूड प्रोसेसिंग इंस्ट्रीज पॉलिसी के तहत 7.65 करोड़ का इंसेंटिव दिया गया है। इंटरेस्ट सब्सिडी के रूप में 26.29 लाख रुपये दिये गये हैं। झारखंड टेक्सटाइल अपेरल एंड फूटवेयर पॉलिसी के तहत 16.33 करोड़ रुपये इंसेंटिव दिया गया है। पावर सब्सिडी के रूप में 4.84 करोड़ रुपये दिये गये हैं। वहीं झारखंड टेक्सटाइल अपेरल एंड फूटवेयर पॉलिसी के तहत 19.57 लाख रुपये दिये गये हैं।

## महाकुंभ मेला क्षेत्र में आग, कोई जनहानि नहीं, कई टेंट जल कर राख

### सीएम योगी पहुंचे, पीएम मोदी ने भी ली जानकारी

एजेंसी

**प्रयागराज।** महाकुंभनगर में झूंसी थाना क्षेत्र में लोअर संगम के सेक्टर 19 में रविवार को अचानक आग लगने से 18 टेंट जलकर खाक हो गये। आग से कुछ देर के लिए मेला क्षेत्र में अफरातफरी मच गयी। शीघ्र ही आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने की खबर मिलते ही सीएम योगी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। पीएम मोदी ने भी यूपी के योगी आदित्यनाथ से बात कर स्थिति की जानकारी ली। प्रयागराज के डीएम के अनुसार आग दोपहर बाद करीब 4:30 बजे कुंभ क्षेत्र के सेक्टर 19 स्थित गीता प्रेस के टेंट में लगी। आग लगने के तुरंत बाद तुरंत अग्निशमन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और



आग को बुझाया। उन्होंने कहा स्थिति सामान्य है और कोई जनहानि की सूचना नहीं है।

**खाना बनाते समय हुआ हादसा :** जानकारी के अनुसार टेंट सिटी में खाना बनाते समय यह हादसा हुआ। आग ने कई और टेंटों को अपनी चपेट में ले लिया। किचेन में रखे सिलेंडर फटने से आग और भीषण हो गयी। आग पर अग्निशमन की 15 से अधिक गाड़ियों ने तुरंत काबू पा लिया। कोई जनहानि की सूचना नहीं है। मेला अधिकारी विजय किरन और अन्य आला अधिकारी भी घटनास्थल पर मौजूद हैं। अधिकारियों ने सुनिश्चित किया कि आग बुझाने के साथ-साथ किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दिया जाये। (शेष पेज 11 पर)

## शपथ ग्रहण के दौरान आधा झुका रहेगा अमेरिका का झंडा

# सबसे ताकतवर देश की आज फिर कमान संभालेंगे ट्रंप

एजेंसी

**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप दूसरी बार अमेरिका का राष्ट्रपति बनने जा रहे हैं। वह 20 जनवरी को अमेरिका के राष्ट्रपति की शपथ लेंगे। सेना, नौसेना और वायुसेना के सैन्य प्रमुख संबंधित सेवाओं के कार्यवाहक के रूप में पदभार संभालेंगे। राष्ट्रपति पद के शपथ ग्रहण के समय सभी वर्तमान राजनीतिक नियुक्तियों वाले मंत्री और अधिकारी अपने पद से इस्तीफा दे देंगे जो 20 जनवरी को दोपहर 12 बजे से प्रभावी होगा। इसके कारण रक्षा विभाग में सैकड़ों पद खाली हो जाएंगे जिनमें कई ऐसे पद भी होंगे जिन्हें सीनेट की मंजूरी



की आवश्यकता होती है। डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ के साथ पदभार संभालने और उनके प्रशासन के पहले हफ्ते में भी झंडे आधे झुके रहेंगे। शपथ ग्रहण के दिन लगभग 7,800 गार्ड सैनिक विभिन्न राज्यों और अमेरिकी क्षेत्रों से वाशिंगटन में ड्यूटी पर होंगे।

**शपथ दिलाने की प्रक्रिया :** अमेरिका में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति को मुख्य न्यायाधीश (चीफ जस्टिस ऑफ द यूनाइटेड स्टेट्स) शपथ दिलायेंगे।

(शेष पेज 11 पर)

### मुकेश-नीता अंबानी ने ट्रंप के साथ किया रात्रिभोज

अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में चुने गए डोनाल्ड जे ट्रंप ने शपथ ग्रहण समारोहके एक दिन पूर्व रविवार को वाशिंगटन में एक रिसेप्शन समारोह का आयोजन भी किया। इस समारोह में रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी और रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक और अध्यक्ष नीता अंबानी ने डोनाल्ड ट्रंप को शपथ ग्रहण से पहले उन्हें बधाई दी और ट्रंप के साथ रात्रिभोज में शामिल हुए। मुकेश अंबानी सूट पहने थे जबकि नीता अंबानी पारंपरिक साड़ी पहने थी। दोनों को डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। रात्रिभोज में शामिल होने वाले एकमात्र भारतीय थे।

## टायर फटने से बस पलटी, तीन की मौत

### गोमिया-विष्णुगढ़ मार्ग पर हादसा, दर्जन भर घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**विष्णुगढ़।** हजारीबाग जिला के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र में गोमिया-विष्णुगिढ़ मार्ग पर नरकी में रविवार को एक भीषण सड़क हादसे में तीन यात्रियों की मौत हो गयी। यह हादसा उस वक्त हुआ जब नेहा नामक एक निजी यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गयी। इसमें तीन लोगों की मौत हो गयी और 15 से अधिक यात्री घायल हो गये। हादसा नरकी मोड़ से करीब दो किलोमीटर पहले सदारो के पास हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अगला चक्का फट जाने के कारण बस अनियंत्रित हो कर पलट गयी।



एक मृतक की पहचान नरकी निवासी मंगर कमार के रूप हुई। बस के नीचे दब जाने से उसकी मौत हो गयी। दो अन्य की शिनाख्त अभी नहीं हो सकी है।

घायल यात्रियों का विष्णुगढ़ अस्पताल इलाज कराया गया। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल और बोकारो बेहतर इलाज के लिए भेजा गया है। घायल यात्रियों में शनि कुमार विष्णुगढ़, मनोज पंडित फुसरो, बीरबल नोनिया फुसरो, रनिया देवी खरिका, हीरालाल हांसदा गोनियाटो, शांति देवी फुसरो निवासी भी शामिल हैं। अन्य की पहचान की जा रही है। घायल यात्री ने बताया कि सीट से अधिक लोगों को गाड़ी में बैठा दिया गया था, पूरी बस भरी हुई थी। बस में 50 से भी अधिक लोग सवार थे जो हजारीबाग से बोकारो के फुसरो जा रहे थे। स्थानीय लोग घायलों की मदद कर रहे हैं समाचार लिखे जाने तक बस अभी भी घटनास्थल पर ही मौजूद है।

## संजय रॉय की मां बोली, फांसी की सजा पर भी एतराज नहीं

### अकेले में रो लूंगी, नियति मान कर सबकुछ स्वीकार कर लूंगी

**कोलकाता निर्भया कांड**

**कोलकाता।** आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डाक्टर से रेप व हत्या मामले में दोषी ठहराये गये संजय रॉय की मां मालती रॉय ने कहा कि उसके पुत्र को उसके किये की सजा मिलनी चाहिए। रविवार को उसकी मों ने कहा कि यदि उनका बेटा दोषी है, तो उसे उसके सजा मिलनी ही चाहिए, फिर चाहे वह सजा फांसी ही क्यों न हो। मां ने कहा, वह अकेले में रोएंगी और उसकी सजा को नियति मानकर उसे स्वीकार करेंगी। सियालदह की अदालत ने



संजय रॉय को शनिवार को मामले में दोषी ठहराया था। मामले में कोर्ट सोमवार को उसकी सजा की घोषणा करेगी। कोलकाता पुलिस के साथ नागरिक स्वयंसेवक के रूप में काम कर चुका संजय रॉय इस मामले में अरेस्ट किया जाना वाला इकलौता व्यक्ति है।


**पीड़िता के परिजन की पीड़ा समझती हूं :** संजय की मां ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि एक महिला और तीन बेटियों की मां होने के नाते, मैं उस महिला डॉक्टर की मां की पीड़ा और तकलीफ को महसूस कर सकती हूं। अपनी झुग्गी के दरवाजे पर खड़ी मालती ने कहा कि यदि कोर्ट उसे फांसी के फंदे पर लटकाने का फैसला करती है, तो मुझे कोई एतराज नहीं होगा, क्योंकि कानून की नजर में उसका अपराध सिद्ध हो चुका है। इसे नियति का खेल मानकर स्वीकार कर लूंगी।

## मन की बात : महाकुंभ एकता और समता का प्रतीक, कोई भेदभाव नहीं

# राष्ट्र निर्माण में सर्वहित के भाव से जुटें : पीएम

एजेंसी

**नयी दिल्ली ।** पीएम मोदी ने संविधान निर्माता के सपनों के अनुरूप भारत के निर्माण का आह्वान करते हुए कहा है कि इसके लिए सर्वहित, संस्कृति संरक्षण और समानता के मूल्यों को लेकर आगे बढ़ना होगा। 'मन की बात' की 118वीं कड़ी में राष्ट्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कहा कि इस बार का 'गणतंत्र दिवस' बहुत विशेष है। ये भारतीय गणतंत्र की 75वीं वर्षगांठ है। मैं संविधान सभा के उन सभी महान व्यक्तित्वों को नमन करता हूँ, जिन्होंने हमें हमारा पवित्र संविधान दिया। वहीं महाकुंभ' को एकता और समता-समरसता का असाधारण संगम



करार दिया। साथ ही कहा कि हजारों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में कहीं भी कोई भेदभाव और जातिवाद नहीं है। पीएम मोदी ने रविवार को आकाशवाणी पर अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने महाकुंभ में युवाओं की बढ़ती भागीदारी का उल्लेख किया और कहा कि जब युवा पीढ़ी अपनी सभ्यता के साथ गर्व से जुड़ जाती है तो उसकी सभ्यतागत जड़े और मजबूत होती है और तब उसका स्वर्णिम भविष्य भी सुनिश्चित हो जाता है।

(शेष पेज 11 पर)

#### चुनाव आयोग का किया धन्यवाद

पीएम ने 25 जनवरी को मनाये जाने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस का जिक्र करते हुए कहा कि यह दिन इसलिए अहम है, क्योंकि इसी दिन भारतीय निर्वाचन आयोग' की स्थापना हुई थी। उन्होंने कहा, मैं चुनाव आयोग का भी धन्यवाद दूंगा, जिसने समय-समय पर, हमारी मतदान प्रक्रिया को आधुनिक बनाया है, मजबूत किया है। आयोग ने जन-शक्ति को और शक्ति देने के लिए, तकनीक की शक्ति का उपयोग किया। उन्होंने देशवासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने-अपने मताधिकार का उपयोग करने और देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया सशक्त बनाने का भी आह्वान किया।

## एक्टर सैफ अली खान का हमलावर बांग्लादेशी निकला

**मुंबई(एजेंसी)।** बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान पर हमला करने वाले गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद बांग्लादेश का निवासी है। मुंबई पुलिस ने इस बात का खुलासा किया। मुंबई पुलिस ने रविवार को बताया कि सैफ अली के घर हमला करनेवाले 30 वर्षीय बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। हमलावर को नहीं पता था कि यह बॉलीवुड अभिनेता का घर है। पुलिस की प्रारंभिक जांच से पता चला है कि उसका इरादा चोरी करने का था। उन्होंने बताया कि हमलावर को ठाणे जिले के घोड़बंदर रोड स्थित हीरानंदानी एस्टेट से गिरफ्तार किया गया।

अधिकारी ने बताया कि वह बांग्लादेशी नागरिक है और उसने भारत में आने के बाद अपना नाम शरीफुल इस्लाम शहजाद मोहम्मद रोहिल्ला अमीन फाकिर से बदलकर बिजॉय दास कर लिया था। आरोपी बांग्लादेश के झालोकाटी से है और वह पिछले पांच महीने से मुंबई में रह रहा था और छोटे-मोटे काम करता था।

**अवैध रूप से भारत में घुसा था :** पुलिस उन दस्तावेजों को इकट्ठा करने की कोशिश कर रही है जिनके जरिये आरोपी अवैध रूप से भारत में घुसा था। सैफ (54) पर बांद्रा के ह्यसतगुरु शरणह्न बिल्डिंग की 12वीं मंजिल पर स्थित उनके घर में 16 जनवरी को हमलावर ने कई बार चाकू से वार किया था।

# राज्य के दो आइएएस अधिकारियों का दिखा टाटा मुंबई मैराथन में दम

- केके सोन और मनोज कुमार ने दिखाया अपना दमखम
- केके सोन केंद्र में पेयजल विभाग के तो मनोज कुमार झारखंड के खेल सचिव

## टाटा मुंबई मैराथन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के दो आइएएस केके सोन और मनोज कुमार ने टाटा मुंबई मैराथन में फुल मैराथन में भाग लेकर अपना दमखम दिखाया। केके सोन ने मुंबई मैराथन में पूर्व में भी भागीदारी की है। 9वीं बार वे इस मैराथन में शामिल हुए। मनोज कुमार ने तीसरी बार इस मैराथन रेस में भागीदारी की। बताते चलें कि झारखंड में अलग-अलग विभागों में सेवा दे चुके श्री सोन इन दिनों केंद्र सरकार में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी (पेयजल विभाग) संभाल रहे हैं। मनोज कुमार



फिलहाल झारखंड में खेल विभाग के सचिव हैं। मैराथन में इन दोनों



अधिकारियों की खूब दिलचस्पी देखने को मिलती रही है। मुंबई मैराथन के अलावा केके सोन पचास से भी अधिक मैराथन प्रतियोगिताओं में जबकि मनोज कुमार करीब 30 मैराथन रेस में भागीदारी कर चुके हैं। अभी मुंबई मैराथन में दोनों ने गैर पेशेवर केटेगरी में 42 किमी की रेस में भागीदारी की। इसमें 13,716 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था।

**मुंबई मैराथन है खास :** बताते चलें कि वर्ष 2004 से निरंतर टाटा मुंबई मैराथन का आयोजन महाराष्ट्र में होता आ रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में देश विदेश के अंतरराष्ट्रीय स्तर के एथलेटिक्स प्लेयर्स भी भाग लेते हैं। इस वर्ष आयोजित इस प्रतियोगिता में शौकिया वर्ग में पूर्ण मैराथन के लिए 12,000 से अधिक धावकों ने नामांकन कराया जबकि अर्ध-मैराथन में लगभग 15,000 धावकों ने भाग लिया। ओपन 10ङ में लगभग 8,500 धावक, ड्रीम रन में 25,000 से कुछ अधिक धावकों ने हिस्सा लिया। सीनियर सिटीजन रन में 1,894 धावक जबकि दिव्यांग चैम्पियन (किसी साथी के साथ) में लगभग 1,100 धावकों ने रजिस्ट्रेशन कराया था।

### मजदूर-किसान एकता दिवस पर सीटू व किसान सभा ने किया प्रदर्शन

## मजदूर और किसान विरोधी नीतियां बदलने तक मोदी सरकार के विरूद्ध संघर्ष का लिया संकल्प




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीटू और झारखंड राज्य किसान सभा ने राजधानी रांची में शहीद अल्बर्ट एक्का चौक पर रविवार को प्रदर्शन किया और देशव्यापी मजदूर-किसान एकता दिवस का पालन किया। मौके पर उपस्थित लोगों ने मजदूर-किसान विरोधी नीतियाँ बदलने तक केन्द्र की मोदी सरकार के खिलाफ संघर्ष करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से मोदी सरकार द्वारा पारित कार्पोरेट परस्त चार लेबर कोड एवं नई कृषि बाजार नीति रद्द करने की मांग की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मजदूर एवं किसान नेताओं ने कहा कि स्वतंत्र भारत में मजदूर वर्ग की पहली आम हड़ताल 19 जनवरी 1982 को हुई थी जिसे समाज के विभिन्न तबकों और सभी विपक्षी दलों ने समर्थन किया था। उस ऐतिहासिक आंदोलन से मजदूर वर्ग ने जीत हासिल की थी। लेकिन वर्तमान मोदी सरकार मजदूर-किसान की मांगों के प्रति घोर उदासीन है और समझौतों का उल्लंघन करते हुए वादाखिलाफी एवं लोकतंत्र विरोधी रवैया अपना रही है। इसलिए मोदी सरकार की कार्पोरेट परस्त नीतियों को बदलने के लिए मजदूरों व किसानों की व्यापक एकता बनाकर संघर्ष तेज किया जाएगा।

कार्यक्रम में सीटू नेता अनिर्वान बोस, कनक रंजन चौधरी, एम एल सिंह, अभिजीत मल्लिक, एजाज खान, सुमित गुप्ता, मनोज मंडल, नवीन चौधरी, अमित राय, किसान सभा के प्रफुल्ल लिंडा, विरेन्द्र कुमार, सुखनाथ लोहरा, बेन्जामिन कुजुर, प्रकाश टोप्पो, आक्रांत सिंह मुण्डा, शूलचंद नायक, एडवा नेत्री, वीणा लिण्डा आदि शामिल थे।

### परीक्षा के लिए टकटकी लगाये बैठे हैं राज्य के 3.50 लाख अभ्यर्थी

# अधर में लटका है झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा, विद्यार्थी हैं परेशान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट) अब अधर में लटक गई है। इस कारण छात्रों की परेशानी बढ़ गयी है। बताते चलें कि झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए जब बीते साल 2024 के जुलाई महीने में जैक ने आवेदन मांगा तो लगा कि आठ साल बाद राज्य में टेट परीक्षा का रास्ता साफ हो गया है। जैक ने 23 जुलाई से 26 अगस्त 2024 तक ऑनलाइन आवेदन मांगा। इसमें करीब 3.50 लाख छात्रों ने आवेदन किया। इसी बीच शिक्षा विभाग ने जेटेट के सिलेबस में बदलाव होने का हवाला देते हुए परीक्षा आयोजित करने पर रोक लगा दी, जो कैबिनेट की मंजूरी की प्रत्याशा में है। अब जैक अध्यक्ष अनिल कुमार महतो भी रिटायर कर गये हैं। ऐसे में इस परीक्षा के आयोजन पर ग्रहण लग गया है।




### 25 वर्ष में सिर्फ 2 बार हुई शिक्षक पात्रता परीक्षा

राज्य गठन के बाद से महज 2 बार झारखंड में शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की गई है। 2013 में पहली बार परीक्षा आयोजित किए गये। इसमें 68 हजार अभयर्थी सफल हुए थे। दूसरी बार साल 2016 में शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित हुई, जिसमें 53 हजार अभयर्थी पास हुए थे। ऐसे में काफी जद्दोजहद के बाद जैक द्वारा निकाली गई जेटेट से छात्रों को उम्मीद जगी कि इस बार परीक्षा हो जायेगा मगर एक के बाद एक आ रही बाधा से अभयर्थी निराश हैं।

### सीटेट के तर्ज पर जेटेट का सिलेबस की तैयारी

राज्य सरकार सीटेट के तर्ज पर जेटेट का सिलेबस रखने की तैयारी कर रही है। जेटेट में प्राथमिक कक्षा एक से पांच के लिए और उच्च प्राथमिक कक्षा 6 से 8 के लिए दो घंटा 30 मिनट की परीक्षा होगी। नए बदलाव के तहत झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा में अब अभयर्थियों को परीक्षा पास करने के लिए स भी विषयों में अलग-अलग पास करने की आवश्यकता नहीं होगी।

### कटऑफ के आधार पर पास करनी होगी परीक्षा

अभयर्थी ओवरऑल कटऑफ के आधार पर परीक्षा पास कर सकेंगे। इस परीक्षा में सामान्य जाति के उम्मीदवार के लिए ओवरऑल न्यूनतम प्राप्तांक 60 प्रतिशत, अनुसूचित जाति के लिए 50 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के लिए 50 प्रतिशत, अत्यंत पिछड़ा वर्ग 55 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग 55 प्रतिशत और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग 55 प्रतिशत और दिव्यांग कोटि के अभयर्थी के लिए 50 प्रतिशत लाना अनिवार्य होगा। इसके अलावा परीक्षा के सिलेबस और प्रश्न की कठिनाई के स्तर को भी सरल किया जा रहा है। नियमावली के प्रावधानों को एनसीटीई के अनुरूप करने की तैयारी की गई है जिसके तहत कक्षा 1 से 5 की परीक्षा के लिए 11वीं और 12वीं के सिलेबस और कक्षा 6 से 8 के लिए सिलेबस राज्य के विश्वविद्यालय के सिलेबस के अनुरूप रखने की तैयारी है।

## खबर एक नजर में

### बाबूलाल ने मोदी सरकार का जताया आभार

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया है। श्री मरांडी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा झारखंड के धनबाद जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-19 के बरवाअड्डा- पानागढ़ के निरसा और गोबिंदपुर क्षेत्र में मौजूदा फुटपाथ के पुनर्निर्माण-पुनर्वास सहित दो 6 लेन एलिवेटेड फ्लाईओवर के निर्माण के लिए 1130 .54 करोड़ रुपये की लागत के साथ स्वीकृति दी है। उन्होंने कहा कि झारखंड और बंगाल को जोड़ने वाली इस महत्त्वपूर्ण सड़क पर फ्लाईओवर की स्वीकृति प्रदान कर कोयलांचल की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी जी का झारखंड की जनता की ओर से आभार है।

### अबुआ पोर्टल के जरिये पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम स्थापित करे सरकार : झारखंड यात्री संघ

**रांची।** झारखंड यात्री संघ ने अबुआ पोर्टल के माध्यम से पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम स्थापित करने की मांग की है। नगर विकास विभाग और परिवहन विभाग को पोर्टल के माध्यम से अलग-अलग दिये गये सुझाव में झारखंड यात्री संघ के अध्यक्ष प्रेम मित्तल ने कहा कि राजधानी सहित सभी प्रमुख शहरों रांची, जमशेदपुर, धनबाद व देवघर में पर्याप्त सिटी बस का परिचालन किया जाये, ताकि, आम जनता को टेंपो चालकों की मनमानी से निजात मिल सके और आवागमन सुलभ हो सके। अन्य राज्यों की तरह ही झारखंड में भी झारखंड राज्य परिवहन निगम की स्थापना होनी चाहिए। इससे झारखंड के अंदर बेहतर कनेक्टिविटी स्थापित की जा सके। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि सरकार आने वाले बजट में इन सुझावों पर विचार कर पर्याप्त व्यवस्था करेगी।

### झारखंड में अब बैंक वाले नहीं करा पाएंगे गुंडों के माध्यम से रिकवरी, आदेश जारी

**रांची।** झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर एसएलबीसी की बैठक में रिकवरी एजेंटों के माध्यम से आम लोगों और भोले-भाले ग्रामीणों को डराकर पैसा वसूली की प्रवृत्ति पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि ऐसे बैंकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाए। वित्त मंत्री ने बताया कि उन्होंने आरबीआई के प्रतिनिधि से कहा कि सभी जिलों के एसपी को इससे संबंधित गाइडलाइन भेजी जाए, ताकि ऐसी अमानवीय घटनाओं को रोका जा सके। कमर्शियल बैंक 9-11 प्रतिशत की दर पर ऋण देते हैं। इसके बावजूद छोटे बैंक, एनबीसी बैंकों के माध्यम से लोग 22 से 30 प्रतिशत तक ब्याज दर पर ऋण लेते हैं। आरबीआई के क्षेत्रीय निदेशक प्रेमरंजन प्रसाद ने कहा कि इस तरह की घटनाओं में बैंक ही जिम्मेदार होंगे। बैठक में मौजूद वित्त सचिव प्रशांत कुमार ने बैंकों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड की उपलब्धियों के लिए बधाई दी तथा बैंक के प्रमुख अधिकारियों से आग्रह किया कि राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में अपनी भागीदारी दिखाएं और केसीसी ऋण माफी योजना को शीघ्र पूरा करने की कवायद करें।

### अडाणी-इस्कॉन मना रहे ग्रीन एंड क्लीन महाकुंभ




**रांची।** प्रयागराज पूरा देश महाकुंभ के रंग में रंगा है। आम इंसान हो या सिलेब्रिटी सब कम से कम एक दिन के लिए महाकुंभ में आने का मौका खोज रहे हैं। कुछ बिजनेस ग्रुप इस मौके को आध्यात्मिक संकल्प के तौर पर देख रहे हैं। महाकुंभ में अडाणी ग्रुप भी इस्कॉन के साथ मिलकर ऐसे ही आध्यात्मिक संकल्प को पूरा कर रहा है। महाकुंभ के मौके पर अडाणी ना सिर्फ अध्यात्मिक बल्कि ग्रीन एनर्जी और साफ-सुधरे वातावरण के संकल्प को पूरा करने में भी लगा है। अडाणी द्वारा महाकुंभ मेले में प्रतिदिन 1 लाख लोगों को महाप्रसाद के वितरण का कार्यक्रम चला रहा है। महाकुंभ में अडाणी-इस्कॉन के महाप्रसाद वितरण की पहल को लोकल दुकानदारों की भागीदारी से ही पूर्ण किया जा रहा है। ग्रीन फूड-क्लीन फूड अडाणी-इस्कॉन पूरी तरह से ग्रीन फूड एंड क्लीन फूल के मंत्र पर काम कर रहा है। अडाणी द्वारा उपलब्ध कराई गई गॉल्फ कार्ट सेवा बैटरी से चलती है जो यहां पर लगातार सेवाएं दे रही है। मुख्यत: बुजुर्ग और बच्चे इस निशुल्क सेवा का भरपूर लाभ उठा रहे हैं।

### उपलब्धियों की गाथा सुनाने का अवसर है मन की बात : संजय सेठ



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 118वें एपिसोड मन की बात रविवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपने आवास पर सफाई कर्मचारियों के साथ सुनी। श्री सेठ ने इस अवसर पर कहा कि भारतवासियों की उपलब्धि उनकी गाथा सुनाने का अवसर मन की बात कार्यक्रम होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणादायक बातें सुनकर हम सब को एक ऊर्जा प्राप्त होती है। देश के ऐसे होनहार जो अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हैं, उसे जानने का मौका मिलता है। रेडियो के मन की बात के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों को भारत की गाथा को जानने का अवसर मिलता है। इसके बाद केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सैकड़ों सफाई कर्मियों के बीच कंबल का वितरण किया। इस अवसर पर वरुण साहू, सुबेश पांडे, ओमप्रकाश पांडे, संजीव चौधरी, सुधीर सिंह, अशोक मुंडा, विनोद वर्मा, रवि मेहता, रिंकू सहदेव, आकाश कुमार पांडे, मंजू चौधरी, आशा शर्मा, अशोक यादव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### इस माह गणतंत्र दिवस के कारण तीसरे रविवार को हुआ प्रसारण

## एक भारत-श्रेष्ठ भारत की गाथा है मन की बात : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची महानगर के बरियातू मंडल में कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह एवं सांसद दीपक प्रकाश हरमू मंडल में कार्यक्रम को सुना। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत की गाथा है मन की बात। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रेडियो दूरदर्शन से प्रत्येक माह अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाला लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का प्रसारण हुआ। इस माह अंतिम रविवार को गणतंत्र दिवस होने के कारण इसे माह के तीसरे रविवार को ही प्रसारित किया गया। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम को राजनीतिक संबोधन नहीं बल्कि यह एक भारत, श्रेष्ठ भारत की गाथा है। विविध क्षेत्रों की महत्वपूर्ण जानकारियों से परिपूर्ण यह आम जन को प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत और विकास की चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास की गाड़ी अपने विरासत को सहेजते और संवारते हुये आगे बढ़ रही है। उन्होंने कुंभ की एकता और समरसता को दैनिक जीवन में उतारने का आह्वान किया। कार्यक्रम सुनने वालों में कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय,सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह आदि शामिल रहे।



### नरेंद्र मोदी जी की मन की बात है जन-जन की आवाज : संजय जायसवाल

**रांची।** भाजपा के संजय जायसवाल ने पीएम मन की बात कार्यक्रम रविवार को सुनी। श्री जायसवाल ने कहा कि युवाओं की मेहनत और काबिलियत आज केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रही, बल्कि छोटे-छोटे कस्बों और गांवों में भी उनकी प्रतिभा अपनी पहचान बना रही है। स्टार्टअप्स के माध्यम से न केवल रोजगार के नये अवसर सृजित हो रहे हैं। विशेष रूप से हमारी बेटियां अपने नवाचारों और उद्यमिता से समाज में बदलाव की नई लहर ला रही हैं। इनकी उपलब्धियां इस बात का प्रमाण हैं कि जब अवसर और समर्थन मिलता है, तो हमारे युवा किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं। मन की बात रिंकू, राजकुमार जायसवाल शुभम कुमार जायसवाल, अविनाश राय, रामू उरांव, विनीत,प्रकाश उरांव, मंगल पाल, किशन महतो, सुमित कुमार, सुजीत, अंकित एवं अन्य कार्यकर्ता सुने।

## युवा आजसू के प्रमुख पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से पार्टी से दिया इस्तीफा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** युवा आजसू के कई प्रमुख पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से पार्टी से त्यागपत्र दे दिया है। इनमें प्रदेश संयोजक गौतम सिंह, रांची जिला सह प्रभारी नीरज वर्मा, नीतीश सिंह, रांची महानगर संयोजक अभिषेक शुक्ला, रोहित चौधरी, विशाल यादव सहित सैकड़ों पदाधिकारी शामिल हैं। इन सभी ने पार्टी सुप्रीमो को अपना इस्तीफा भेज दिया है।

प्रेस विज्ञप्ति जारी कर युवा नेता नीरज वर्मा ने बताया है कि बीते एक दशक से उन्होंने संघर्ष, सेवा और समर्पण के साथ पार्टी की विचारधारा और सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का कार्य किया। लेकिन हाल के दिनों में पार्टी के भीतर पनपी साजिशों और समर्पित कार्यकताओं की अनदेखी ने उन्हें यह कठोर निर्णय लेने पर विवश कर दिया।

उन्होंने कहा है कि पार्टी, जो कभी युवाओं के नेतृत्व और संघर्ष के लिए जानी जाती थी, अब बाहरी-भीतरी, अगड़ा-पिछड़ा जैसे विद्वेषों में उलझ चुकी है। संगठन के भीतर कुछ चुनिंदा लोगों के द्वारा गुटबाजी को बढ़ावा दिया जा रहा है और आंदोलनकारियों के परिवारों के साथ साजिश के तहत अपमानजनक व्यवहार किया जा रहा है।

### आंदोलनकारी परिवारों के प्रति अनदेखी पर गहरी नाराजगी व्यक्त

नीरज वर्मा ने झारखंड आंदोलनकारी स्व. कमल किशोर भगत की पत्नी नीरू शांति भगत के साथ हुई सांगठनिक अभद्रता और सोशल मीडिया पर हुए अपमान को घोर निंदनीय बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी के समर्पित कार्यकताओं को सोशल मीडिया पर साजिश के तहत अपमानित किया जा रहा है, जिससे संगठन का आंतरिक ढांचा कमजोर हो रहा है। युवा नेता नीतीश सिंह ने कहा, हमारा यह निर्णय किसी व्यक्तिगत द्वेष या दबाव का परिणाम नहीं है। यह हमारे स्वाभिमान और आदर्शों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पार्टी और इसके नेता सुदेश महतो के प्रति हम आदर और सम्मान व्यक्त करते हैं। लेकिन पार्टी के भीतर कार्यकर्ताओं के साथ हो रहे अन्याय और साजिशों ने हमें अलग राह चुनने पर विवश कर दिया। त्यागपत्र देने वाले पदाधिकारियों ने झारखंड के विकास और जनहित के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि वे राज्य के हित में अपने प्रयास जारी रखेंगे।

### स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के 10 वर्षों के सार्थक प्रयासों से सपना हुआ साकार

# नयी दिल्ली में 26 जनवरी के रोस्ट्रम में शामिल होंगी पीएमश्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पूर्वी सिंहभूम पटमदा की छात्राएं

## झारखंड को मिला गौरव

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सार्थक प्रयासों का सकारात्मक और ऐतिहासिक परिणाम मिला है। वर्ष 2015 से राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड रोस्ट्रम में झारखंड के पाइप बैंड को शामिल कराने का सपना अब पूरा हो गया है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर झारखंड के पीएमश्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, पटमदा, पूर्वी सिंहभूम की छात्राओं के दल को रोस्ट्रम में प्रदर्शन करने का गौरवशाली अवसर मिला है। केंद्रीय रक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में सभी विभागों को पत्र भेजकर दिनांक 26 जनवरी, 2025 को रोस्ट्रम और विजय चौक पर प्रदर्शन के लिए चुने गए देश के 3 स्कूलों के छात्रों के फोटो पहचान पत्र को तत्काल जारी करने का निर्देश दिया है। झारखंड के इस गौरवशाली उपलब्धि पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री रामदास सोरेन, विभागीय सचिव उमाशंकर सिंह, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग समेत अन्य पदाधिकारियों ने टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी है।



### 2015 से झारखंड कर रहा था प्रयास

राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड रोस्ट्रम में प्रदर्शन के लिए झारखंड का स्कूली शिक्षा एवं साक्षारता विभाग लगातार प्रयासरत था। विभागीय स्तर पर लगातार टीमों को प्रोत्साहित करने हेतु कार्य किया गया, मगर 2024 तक झारखंड को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन का अवसर कभी नहीं मिल पाया था। गुवाहाटी में आयोजित हुए जोनल लेवल बैंड प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने के बाद झारखंड की बालिका पाइप बैंड टीम का राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता एवं रोस्ट्रम में प्रदर्शन के लिए चयन हुआ, तो झारखंड के दस वर्षों का सार्थक प्रयास साकार होते सपने में बदल गया।

विभागीय सचिव ने पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे इस ऐतिहासिक उपलब्धि को और भी खास बनाने में जुट जाए। बालिका टीम के दिल्ली में आवासन और भोजनादि का पर्याप्त प्रबंध किया जाए। साथ ही उन्हें तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराये जाए, जिससे ना केवल वे रोस्ट्रम में बेहतर प्रदर्शन करे, बल्कि दिनांक 24 और 25 जनवरी को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पाइप बैंड प्रतियोगिता में भी जीत दर्ज कर हमें गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान करे।

**इनका हुआ चयन :** पार्वती महतो, आशालता महतो, पिंकी, कल्याणी महतो, ममता महतो, बसंती महतो, वर्षारानी मांझी, वसंती महतो, साधना महतो, सुभद्रा कर्मकार, रुपाली टुडू, परमिला महतो, रुमा महतो, कल्पना टुडू, पूजा रानी महतो, पूजा महतो, रिया महतो, छाया महतो, सविता महतो, उषारानी सोरेन, पल्लवी महतो, इबिल हांसदा, सुकर्माणि सोरेन, बरनाली मांझी शामिल है। ये सभी पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, पटमदा में कक्षा 8वीं से कक्षा 12वीं तक की छात्राएं हैं। इस बालिका बैंड टीम का चश्न सुरों की सटीकता, एकरूपता और अभ्यास के कारण किया गया।

सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सोमवार 20.01.2025

धनबाद, वर्ष 01, अंक 270

epaper.khabarmantra.net

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

स्पीड न्यूज

## रेलवे ने बेटिकट यात्रियों से वसूला पांच लाख जुर्माना



**धनबाद।** रेलवे ने विभिन्न स्टेशनों पर विशेष टिकट जांच अभियान चलाकर 1115 यात्रियों को पकड़ा। सभी से 05 लाख 01 हजार 880 रुपए जुर्माना वसूला गया। इसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे। सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार ने बताया कि विशेष टिकट जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस अभियान का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाना है। धनबाद-कोडरमा रेल खंड में मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में टिकट चेकिंग अभियान चलाने के साथ चन्द्रपुरा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में भी गहन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया है।

## वार्षिक उत्सव प्रकाश में दिव्यांग बच्चों ने दिखाई प्रतिभा




**धनबाद।** आईआईटी आईएसएम में आयोजित 13वें वार्षिक उत्सव प्रकाश में पहला कदम स्कूल के दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया। इन विशेष बच्चों ने झारखंड की लोक कला की सुंदर प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। इस इवेंट में सभी अतिथियों एवं अभिभावकों ने बच्चों की प्रतिभा को सराहा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विशेष बच्चों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और समाज में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना था।

## गुरु शिष्य हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए चयन



**सिंदरी।** केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय द्वारा गुरु शिष्य हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए सिंदरी व इसके आसपास के क्षेत्रों से पहले बैच के लिए 30 महिलाओं का चयन किया गया है। गायत्री मंदिर सिंदरी में रविवार को हस्तशिल्प सहायक निदेशक भुवन भास्कर की अध्यक्षता में आयोजित चयन प्रक्रिया संपन्न की गई। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया में शामिल 55 महिलाओं में साक्षात्कार प्रक्रिया के तहत 30 प्रशिक्षार्थियों का चयन किया गया है। इन चयनित प्रशिक्षार्थियों को 22 जनवरी से शुरू हो रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम में सॉफ्ट टॉयज का निर्माण करने की जानकारी दी जाएगी। इससे महिलाएं स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बनेंगी। कोलकाता के प्रशिक्षक द्वारा चयनित महिलाओं को क्रिएटिव डिजाइन, उत्पाद निर्माण और बिक्री की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के बाद महिलाओं को स्टाइपेंड और प्रमाणपत्र दिया जाएगा। चयन प्रक्रिया में सहायक निदेशक भुवन भास्कर, प्रशिक्षण अधिकारी विकास कुमार और टिंकरहैट फाउंडेशन के प्रतिनिधि सुंदरलाल शामिल थे।

# झरिया कोयलांचल में कोयले का अवैध उत्खनन

- अवैध खान में जोड़िया का पानी घुसा, लोग भागे

खबर मन्त्र संवाददाता



घेरा बंदी के अंदर खुलेआम उत्खनन तथा बाल्टी के सहारे उतरते हैं खदान में

**जोड़ापोखर।** झरिया कोयलांचल के जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के भूलन बरारी 6 नम्बर जोड़िया के किनारे जंगल में दो जगहों पर बीसीसीएल कंपनी द्वारा किया गया बन्द इंक्लाण्ड के मुहाने को खोल कर कोयला चोरों द्वारा कोयले की चोरी धड़ल्ले से की जा रही है। सुरक्षा तंत्र की अनभिज्ञता को लेकर लोगों में आश्चर्य है। शनिवार जोड़िया का पानी अवैध माइंस में घुस जाने से कोयला चोरों की टोली किसी तरह जान बचाकर भाग खड़ी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जोड़िया किनारे बन्द मुहाने पर रिजेक्ट डोली का रस्सा, जनरेटर

### कोयला चोरों के गैंग में हुई वासेपुर की इंट्री

स्थानीय लोगों का कहना है कि टुकड़ों में कई गैंग के युवकों का दल कोयला की चोरी कर सरगना के भट्ठे पर पहुंचाते हैं। लाखों रुपये के कोयला चोरी के खेल को देख कर वासेपुर के बाहुबलियों की भी इंट्री हो गई है।

कंपनी का लाइन लेकर डोली को चलाया जाता है। जान जोखिम में डाल कर रोटी की तलाश में बाहर के मजदूर खदान में डोली में बाल्टी के सहारे घुस कर अवैध कोयला का उत्खनन कर अपनी जीविका चलाते हैं। लोगों का कहना है कि समय रहते यदि यह धंधा बंद नहीं हुआ तो निरसा की घटना की पुनरावृत्ति अवश्यंभावी है। इस धंधे में लिप्त कोयला चोरों के मुख्य सरगना को हर आम ब खास जानता है। सरगना की पुलिस व प्रशासनिक तंत्र पर मजबूत पकड़ रहने के कारण कोई कार्रवाई नहीं होती है। कोयला के ट्रक को पुलिस या सीओ पकड़ते हैं तो 'ऊपर' से फोन आने के बाद छोड़ दिया जाता है।

### कब्रिस्तान भी है कोयला चोरों के निशाने पर

स्थानीय बरारी के आवाम का कहना है कि सैकड़ों वर्ष पुराना यह कब्रिस्तान है जिसको कंपनी ने बरबाद कर दिया है। कोयला चोरों द्वारा जमीन के नीचे से कोयला की निकासी की जाती थी। पड़ोस में आउट सोर्सिंग कंपनी द्वारा ओबी डम्प की जा रही है। बरारी के चार मुहाल के लोगों ने कब्रिस्तान की जिम्मेदारी लेकर स्थानीय सदर हलीम अंसारी के नेतृत्व में कब्रिस्तान की जमीन की साफ-सफाई का काम शुरू कर दिया गया है। संकल्प लिया गया है कि किसी भी हालत में कब्रिस्तान की सुरक्षा की जाएगी। बीसीकेयू के भूलन बरारी शाखा सचिव शबुर गोराई ने कहा है की उक्त स्थल पर अवैध माइनिंग जो चल रही है उसके लिए स्थानीय पुलिस सीआईएसएफ के अलावा मुख्य रूप से बीसीसीएल प्रबंधन दोषी है।

# निरसा में नहीं चलेगी किसी की भी रंगदारी : ढुल्लू महतो

## अरूप अपनी और मेरी संपत्ति की जांच की अनुशंसा करें





खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** एमपीएल से जुड़े मजदूरों, विस्थापितों एवं स्थानीय ग्रामीणों की सभा रविवार को मदनडीह फुटबॉल मैदान में हुई। सभा में एमपीएल के मजदूरों, विस्थापितों ने सांसद ढुल्लू महतो के समक्ष अपनी समस्याएं रखी। मौके पर धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि कंपनी दलाल नेताओं के इशारे पर मजदूरों का शोषण नहीं करे। मजदूर एवं विस्थापितों को उनका हक व अधिकार कंपनी को देना होगा। ग्रामीणों के लिए सामाजिक दायित्व के तहत विकासात्मक कार्य करना होगा। सभी समस्याओं के समाधान के लिए एमपीएल प्रबंधन को पत्र लिखा जाएगा। यदि एमपीएल प्रबंधन सकारात्मक कार्रवाई नहीं करती है तो एमपीएल के विरुद्ध बड़ा आंदोलन करूंगा। सांसद श्री महतो ने निरसा विधायक अरुप चटर्जी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अरूप में हिम्मत है तो अपनी और मेरी संपत्ति की जांच की अनुसंशा करें। मैं अनुकंपा पर अरुप चटर्जी की तरह विधायक नहीं बना हूं। मैं मजदूर, गरीब, विस्थापितों के साथ सुख-दुख में संघर्ष करते हुए जनता जनार्दन के आशीर्वाद से तीन बार विधायक और अभी सांसद बना हूं। अब निरसा में रंगदारों की रंगदारी नहीं चलेगी।

सभा को मनु तिवारी, प्रशांत बनर्जी, पिंटू सिंह, बम्पी चक्रवर्ती, बृहस्पति पासवान, गोपाल राय आदि ने संबोधित किया। सभा का संचालन मधुरेन्द्र गोस्वामी एवं धन्यवाद ज्ञापन धीरज मिश्रा ने किया। मौके पर श्याम कांत पांडे, जितेंद्र मंडल, चांदी मिश्रा, पानू माझी, बोमकेश तिवारी, सचिन मंडल, दीपक दास, योगेंद्र यादव, उज्जवल तिवारी, उत्पल बाउरी, शफीउल काजी, पूर्णेन्दु मालाकार, गोहिराम साहनी, अमर साव, वंदना बाउरी, धनंजय मिश्रा, संजय तिवारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय मजदूर, विस्थापित एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### एमपीएल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं

# अच्छा स्वास्थ्य एवं अच्छी समझ ही जीवन का सर्वोत्तम वरदान : सीइओ

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैथन।** मैथन केन्द्रीय विद्यालय परिसर में रविवार को एमपीएल की वार्षिक खेल प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता का उद्घाटन सीईओ जगमीत सिंह सिद्धू ने किया। इस दौरान विविध खेलों का आयोजन किया गया। महिला एवं पुरुष संवर्ग में क्रमशः ओवर ऑल चैंपियन किरण कुमारी एवं राज कुमार राय को सीईओ श्री सिद्धू ने ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। शेष सभी संवर्ग के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

अपने संबोधन में एमपीएल के सीईओ जगमीत सिंह सिद्धू ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा है कि अच्छा स्वास्थ्य एवं अच्छी समझ जीवन के सर्वोत्तम वरदान है। यह खेल और खेल भावना से ही संभव है। खेल मानसिक व भावनात्मक कल्याण को आकार देने में भी सक्रिय भूमिका अदा करता है। उन्होंने कहा खेल समय प्रबंधन, अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण, टीम वर्क, आत्म-विश्वास, मित्रता, सामाजिक कौशल का विकास, एकाग्रता, धैर्य, सकारात्मक, समयबद्धता तथा सामूहिक सद्भाव में भी सहायक है। सीएमओ सुधाकर टंडन, सीएमओ सर्विसेज डीके गंगवाल ने भी कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। खेल प्रतिभावों को बढ़ावा देने के लिए आयोजित इस खेल उत्सव (वार्षिक एथलेटिक्स मीट) में महिला एवं पुरुष दौड़, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, लॉन्ग जंप, मार्बल एंड स्पून रेस, बोरा रेस सहित अनेक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। खेल का शुभारंभ झंडोत्तोलन, शपथ एवं मशाल दौड़ से शुरू हुआ। उत्साह, जोश एवं उमंग से भरपूर खेल प्रतियोगिताओं में मुख्य रूप से एमपीएल के अधिकारियों, कर्मियों एवं परिजनों ने भाग लिया। खेल समिति के पदाधिकारी रूपेश सिंह, केबी सिंह, स्निग्धा बनर्जी, शुभेंदु सरकार, गौरव कौशिक, शंभु कुमार ने इस आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका अदा की। संचालन सनाऊर रहमान, अम्बरीष कुमार एवं स्निग्धा बनर्जी ने किया।

कार्यक्रम में एमपीएल के वरीय अधिकारी सुधाकर टंडन, डीके गंगवाल, सुरोध डे, पीके बंधु, सुप्रतीक मुखर्जी, संदीप खेडवाल, प्रबीण बी राउत, मलय राकेश, श्रीनिवासा तिलारी, आईके सिंह, रवीन्द्र डेरला, उमाकांत राव पाटकर, मोहन सिंह एवं अजय कुमार सहित काफी संख्या में अधिकारी एवं कर्मियों ने भाग लिया। केन्द्रीय विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षकों ने भी इस खेल उत्सव को सफल बनाने में अहम भूमिका अदा की।

# झरिया में आन लाइन ठगी का धंधा जोरों पर

**प्रभावशाली व सफेदपोश के पुत्र शामिल**

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** झरिया थाना क्षेत्र में फर्जी एप बनाकर आनलाइन ठगी का धंधा जोरों पर फल-फूल रहा है। इस गोरखधंधा में पांच दर्जन से ज्यादा युवक संलिप्त बताए जाते हैं। कई प्रभावशाली तो कुछ सफेदपोश के करीबी बताये जाते हैं। गत दिन झरिया पुलिस ने ऑनलाइन साइबर क्राइम का खुलासा किया है। पासबुक, एटीएम, सीम कार्ड के साथ तीन को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया। एक करोड़ से अधिक का ट्रांजेक्शन का झरिया पुलिस ने खुलासा किया है। बताते हैं कि आनलाइन गेमिंग के माध्यम से लोगों का गोरखधंधा विदेश में बैठकर अपने सहयोगियों के माध्यम से चलाया जा रहा है।

उसके पास से मिले पासबुक में एक करोड़ रुपए के ट्रांजेक्शन का पता चला था। झरिया थाना क्षेत्र के नई दुनिया, सब्जी बगान, कोयरीबांध, स्टेशन रोड, भालगढ़ा क्षेत्र में दर्जन भर युवकों द्वारा अलग अलग टोली बनाकर ठगी का गोरखधंधा चलाये जाने की चर्चा है।

**15 हजार प्रतिमाह भाड़े पर बैंक खाता :** साइबर अपराधियों द्वारा भोले-भाले गरीब जनता को रोजगार का सपना दिखाकर उसका अपने चहेते बैंक में खाता खुलवाते हैं। जिसके बाद पासबुक, एटीएम सहित कागजात अपने पास रख लेते हैं। उसके एवज में काम करने का झुठा सपना के नाम पर 15 हजार रुपये हर माह खाता धारक को देते हैं। जिसके सहारे साइबर क्राइम को अंजाम देकर बाहरी लोगों से मोटी रकम ठगी करने का गोरखधंधा चलाया जाता है।

### कई पुलिस की रडार पर

सिंदरी डीएसपी भूपेन्द्र प्रसाद राउत ने बताया कि एसएसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि झरिया के बनियाहीर 10 नंबर निवासी रविरंजन कुमार ठाकुर अपने साथियों साथ मिलकर ऑनलाइन गेमिंग के जरिए साइबर ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहा है। वह फर्जी एटीएम व सिम कार्ड बनाकर लोगों को झांसा देकर ठगी कर रहा है। इसके बाद सिंदरी एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर छापामारी कर रविरंजन ठाकुर उसके दो साथियों किशोर कुमार सिंह व सुहैल अली अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया. उनके पास से मोबाइल फोन, फर्जी एटीएम व सिम कार्ड, क्यूआर कोड, बैंक पासबुक, चेकबुक समेत अन्य कागजात बरामद किए गए है।जांच में तीनों अभियुक्तों के खाते से एक करोड़ रुपए से अधिक के ट्रांजेक्शन के दस्तावेज मिले है। जांच में यह भी पता चला है कि गिरोह का मास्टर माइंड राज्य व देश से बाहर रहकर कर ठगी की घटनाओं को अंजाम दिलाता है। छापेमारी में एसडीपीओ भूपेन्द्र प्रसाद राउत, जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा, झरिया थाना प्रभारी व जवान शामिल थे।

## पिता की मृत्यु के 18 दिन बाद चल बसीं माकपा नेता की मां



**सिंदरी।** सीपीआई (एम) सिंदरी शाखा के सदस्य और किसान नेता श्यामापद मंडल की मां तरुलता मंडल का 85 वर्ष की उम्र में हृदयाघात से निधन हो गया। श्यामापद मंडल के पिता का निधन विगत एक जनवरी को हुआ था और इसके बाद उनकी मां काफी दुखी रह रही थी। उनका अंतिम संस्कार बलियापुर के दूधिया श्मशान घाट पर किया गया। तरुलता मंडल के निधन पर सीपीएम के वरिष्ठ नेता संतोष कुमार महतो और सिंदरी बलियापुर लोकल कमिटी सचिव विकास कुमार ठाकुर ने शोक संवेदना व्यक्त की।

एक नजर में

## 70वें राष्ट्रीयकरण दिवस पर बीमा कर्मचारी संघ ने बनायी मानव श्रृंखला




**धनबाद।** 70वें जीवन बीमा व्यवसाय राष्ट्रीयकरण दिवस के अवसर पर रविवार को बीमा कर्मचारी संघ की स्थानीय शाखा ने रणधीर वर्मा चौक पर मानव श्रृंखला बनाई। संघ के हजारीबाग मंडल के अध्यक्ष हेमंत मिश्रा ने कहा कि 19 जनवरी 1956 को एलआईसी के राष्ट्रीयकरण हुआ था। तब से लेकर आज तक एलआईसी राष्ट्र सेवा में समर्पित है। केंद्र सरकार ने एमएनसी/निजी कंपनियों के लिए दरवाजे खोल दिए हैं फिर भी देश के लोग एलआईसी के साथ आज भी पूरी तरह से खड़े हैं। गारंटीड सरेंडर वैल्यू जिसके कारण एजेंट के कमीशन का पुनर्गठन हुआ। वह विशाल एजेंसी बल और उद्योग के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। हमारे संगठन ने इन प्रस्तावों का तीव्र अभियान चलाकर विरोध करने का फैसला लिया है। अगर सरकार अपने संसदीय बहुमत का उपयोग करके इन प्रतिगामी संशोधनों को आगे बढ़ती है तो हड़ताल के माध्यम से विरोध दर्ज कराया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शाखाओं के साथियों का योगदान महत्पूर्ण रहा।

# गोविंदपुर और निरसा में एलिवेटेड रोड को मिली केंद्र की मंजूरी

- छह लेन की होगी सड़क, 1130.54 करोड़ आएगी लागत

राजेश सिन्हा

**गोविंदपुर।** केंद्र सरकार ने धनबाद जिले गोविंदपुर एवं निरसा में राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच -19) पर सिक्स लेन एलिवेटेड रोड के निर्माण की मंजूरी दे दी है। इसके निर्माण कार्य पर 1130.54 करोड़ रुपए के खर्च का अनुमान है। 6 लेन एलिवेटेड फ्लाईओवर निर्माण की योजना पर केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंजूरी की मुहर लगा दी है। इन दोनों जगहों पर फुटपाथ का भी निर्माण किया जाएगा। डीपीआर के अनुसार गोविंदपुर में कौवाबांध से खालसा होटल के आगे तक 5 किलोमीटर तथा निरसा में देबियाना गेट के करीब से टाटा मोटर्स के करीब तक 4.2 किलोमीटर एलिवेटेड रोड का निर्माण होना है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार परियोजना को स्वीकृति प्रदान करते हुए गडकरी ने लिखा है कि एनएच-19 बरवाअड्डा- पानागढ़ के निरसा एवं गोविंदपुर क्षेत्र से गुजरता है। प्रमुख क्रॉस रोड्स के साथ ग्रेड जंक्शन होने के कारण, खासकर निरसा में भीड़भाड़ का निर्माण करते हैं। 6 लेन एलिवेटेड फ्लाईओवर बनने से इसमें कमी आएगी। प्रस्तावित ग्रेड इस कॉरिडोर में सुचारू एवं सुगम यातायात को सुनिश्चित करते हुए भीड़भाड़ को कम करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना झारखंड और पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग का एक हिस्सा होगी। 6 लेन एलिवेटेड रोड बन जाने से गोविंदपुर एवं निरसा को जाम से मुक्ति मिल जाएगी तथा यातायात सुविधा सरल हो जाएगी। गोविंदपुर एवं निरसा में जीटी रोड पर लगने वाला जाम बड़ी समस्या बन गया है। इससे जहां आम लोग परेशान हैं, वहीं इससे व्यवसाय पर भी खासा प्रभाव पड़ा है। सामाजिक संस्था नागरिक समिति फरवरी 2023 से ही गोविंदपुर में एलिवेटेड रोड के निर्माण के लिए संघर्ष करती आ रही है। समिति दुर्गापुर से लेकर दिल्ली तक लगातार लिखा-पढ़ी करती रही है। पूर्व सांसद पीएन सिंह का भी इसमें प्रमुख योगदान रहा है। दरअसल, गडकरी की यह घोषणा नागरिक समिति की बड़ी उपलब्धि है। नागरिक समिति के अध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल ने इसके लिए मंत्री का आभार जताया है उन्होंने कहा कि समिति इसके लिए पिछले दो वर्षों से प्रयासरत थी। नागरिक समिति की पहल पर तत्कालीन सांसद पीएन सिंह ने इसके लिए राजमार्ग मंत्री को चार बार पत्र दिए थे। 2024 के अप्रैल माह में नोएडा की कंपनी एसए इन्फ्रा ने सर्वेक्षण कर गोविंदपुर और निरसा के लिए डीपीआर तैयार किया था। दोनों स्थानों पर मिट्टी की भी जांच की गई थी। उन्होंने कहा कि टेंडर की तिथि बार-बार टालने के बाद नागरिक समिति का प्रतिनिधि मंडल पिछले 1 दिसंबर को सांसद ढुल्लू महतो से मिला था और मंत्री महोदय के नाम पर पत्र लिखवाया था। सांसद ने इस मामले को 4 दिसंबर को लोकसभा में भी उठाया था और मंत्री से मुलाकात कर पत्र भी दिया था। श्री अग्रवाल ने कहा कि इससे गोविंदपुर और निरसा में जीटी रोड जाम की समस्या का समाधान होगा तथा सड़क हादसों पर विराम लगेगा।

### टेंडर फाइनल होते ही शुरू हो जायेगा काम

**गोविंदपुर।** जीटी रोड सिक्सलेनिंग के दौरान वर्ष 2012 में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने गोविंदपुर में बरवाअड्डा की तरह ग्रेड सेपरेटर फ्लाईओवर का प्राक्कलन बनाया था। इससे गोविंदपुर बाजार दो भागों में बंट जाता तथा यह बॉक्स टाइप का फ्लाईओवर होता। नागरिक समिति ने प्रस्तावित फ्लाईओवर का भारी विरोध किया था। गोविंदपुर बाजार क्षेत्र को तोड़फोड़ से बचाने तथा प्रस्तावित ग्रेड सेपरेटर का विरोध करते हुए गोविंदपुर बाजार भी बंद कराया था। तत्कालीन सांसद पीएन सिंह एवं विधायक फूलचंद मंडल ने भी गोविंदपुर बाजार बचाने के आंदोलन का समर्थन किया था। इसके बाद प्राधिकरण ने फ्लाईओवर एवं गोविंदपुर बाजार में जमीन अधिग्रहण की योजना स्थगित कर दी और यह स्पष्ट कर दिया कि गोविंदपुर बाजार और निरसा बाजार इलाके में न तो जमीन अधिग्रहण होगा और न ही सड़क की सिक्सलेनिंग ही होगी। दोनों स्थानों पर सड़क फोरलेन में ही रह जाएगी। प्राधिकरण की इस योजना से गोविंदपुर और निरसा बाजार में जाम लगने लगा। इसके बाद नागरिक समिति ने ही वर्ष 2023 के फरवरी माह से एलिवेटेड रोड के लिए पहल शुरू की और परियोजना निदेशक प्राधिकरण अध्यक्ष तथा केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री पत्राचार शुरू किया और आज इस योजना को मंत्रालय की स्वीकृति मिल गई। टेंडर फाइनल होने के साथ ही इस दिशा में सरजमीन पर काम शुरू हो जाएगा।

## गहना चमकाने के नाम पर महिला गैंग आभूषण ले कर चंपत



**सिंदरी।** गौशाला ओपी क्षेत्र के गौशाला बाजार गिरी मोहल्ला निवासी महिला रिंकू देवी से दो अज्ञात महिलाओं ने आभूषण चमकाने को लेकर चपत लगाई है। इसको लेकर गौशाला ओपी पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज तलाश रही है। गौशाला बाजार गिरी मोहल्ला निवासी अखिलेश की पत्नी रिंकू देवी ने बताया कि बीते 15 जनवरी को पुराने बर्तन के बदले उन अज्ञात महिलाओं ने 16 जनवरी को नये बर्तन दिए। वहीं 17 जनवरी को एक जोड़ी पुराने बिछिया और तीन जोड़ी पायल को नया करके उसी दिन वापस कर दिया गया। पुराने गहनों को नये कराने के लालच में आकर रिंकू देवी ने उन अज्ञात महिलाओं को एक सोने का मंगलसूत्र, सोने का लॉकेट, 1 जोड़ा कान का टॉप्स, 2 सोने की ज्युतिया और 6 जोड़ी चांदी के पायल दे दिये और इंतजार करती रही। परंतु दोनों अज्ञात महिलाओं के वापसी नहीं होने पर घटना की सूचना गौशाला ओपी पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची ओपी पुलिस ने घटना की जानकारी प्राप्त की। गौशाला ओपी प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है। पुलिस घटना को संज्ञान में लेकर क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की जांच कर रही है। लिखित शिकायत आने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# कर्पूरी ठाकुर की जयंती को लेकर गिरिडीह में व्यापक तैयारी

- जमुआ प्रखंड मुख्यालय में जयंती समारोह के आयोजन की तैयारी को लेकर की गई बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** आगामी 24 जनवरी को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती को धूमधाम से मनाने को लेकर जिला के विभिन्न प्रखंडों में राष्ट्रीय नाई महासभा की बैठक लगातार चल रही है। जमुआ प्रखंड मुख्यालय में जयंती समारोह के आयोजन की तैयारी को लेकर बैठक की गई। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मुकेश ठाकुर ने की।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष नन्दलाल शर्मा ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि आगामी 24 जनवरी को जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाने के



लिए हर घर से लोगों को गिरिडीह चलना है। उन्होंने कहा कि बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर ने सबों के विकास का खाका खींचा था और आरक्षण लागू किया था। महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए देश में पहली बार महिलाओं के लिए बिहार में कर्पूरी ठाकुर ने आरक्षण का प्रावधान किया था। आज लोग मानते हैं कि समाज और गांव के विकास के लिए महिलाओं का विकास जरूरी है। महासचिव गणेश ठाकुर ने कहा कि जयंती समारोह में जिले के हर प्रखंड से लोग काफी संख्या में शामिल होंगे। श्री ठाकुर ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर गरीब पिछड़ा शोषित पीड़ित के नेता थे। उनकी जयंती में सभी लोग शामिल होंगे। राजद के जिला अध्यक्ष नाथेश्वर ठाकुर ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ईमानदारी के प्रतीक हैं। उन्होंने सबों से 24 जनवरी को गिरिडीह चलो और अपना अधिकार पाओ का एलान करते हुए कहा कि उस दिन गिरिडीह जिला का सारा सैलून बंद रहेगा। महासभा के महामंत्री अनिल ठाकुर ने कहा कि जयंती समारोह में महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित हो। बैठक में जिला सचिव प्रकाश शर्मा, श्यामदेव शर्मा, मिथिलेश शर्मा, पिंटू शर्मा, सोमर ठाकुर, विजय शर्मा, नारायण ठाकुर, सोनू शर्मा, झुपर ठाकुर, सुनील शर्मा, मुन्ना ठाकुर, आशीष शर्मा, सूरज शर्मा, विजय ठाकुर, बबलू ठाकुर, रवि ठाकुर, रविन्द्र कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### पुराने दिनों की याद में खोये डिनोबिली के पूर्ववर्ती छात्र



**झरिया।** डी नोबिली स्कूल के 1973 बैच से लेकर 2020 तक के एलुम्नाई ने 'ऑल नोबिलियन्स' एलुम्नाई एसोसिएशन के रीयूनियन' में भाग लिया। आयोजन में डी नोबिली स्कूल से पढ़े आज विभिन्न क्षेत्रों से आए, जिनमें डॉक्टर, प्रोफेसर, संगीतकार, चित्रकार, मीडिया के लोग, फैकल्टी सदस्य, प्रोफेसर, वैज्ञानिक, व्यापारी, मल्टीनेशनल कंपनी के वाइस प्रेजिडेंट, वित्तीय सलाहकार, बैंक कर्मचारी, डायरेक्टर (माइनिंग), चार्टर्ड अकाउंटेंट, सीईओ, जीएम और कई अन्य पेशेवर शामिल थे। ये सभी बेंगलुरु, मैसूर, वेल्लोर, चेन्नई, कोलकाता, धनबाद आदि शहरों से आए थे। डी नोबिली डिगवाडिह, सीएमआरआई, सिंदरी से कुल 5 सेवानिवृत शिक्षक व शिक्षिका इस रीयूनियन में शामिल हुए, जिनमें डेरिक हैमिल्टन, अंजना पंडित, सरस्वती रमन, इला प्रसाद और रवीन्द्र कौर भाटिया आए हुए थे। कार्यक्रम की शुरूआत रजिस्ट्रेशन किट वितरण के साथ हुई, उसके पश्चात सभी को स्नैक्स और पेय और गुलाब फूल देकर स्वागत किया गया। इसके बाद दीप प्रज्वलन, स्कूल प्रार्थना और उन सभी के लिए एक मिनट का मौन रखा गया जो अब हमारे साथ नहीं हैं। शिक्षकों का परिचय और उनका सम्मान शॉल, मिठाई और मोमेंटो से किया गया, इसके बाद दिलचस्प गेम से सभी को सम्मिलित किया गया। एलुम्नाई एक दूसरे के साथ अनौपचारिक ढंग से मिले और पुरानी यादें ताजा किए।

### शाइनिंग स्टार्स ग्रुप की प्रतिभा खोज परीक्षा आयोजित

**महुदा।** रवि महतो स्मारक उच्च विद्यालय महुदा में शाइनिंग स्टार्स ग्रुप द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान सह प्रतिभा खोज परीक्षा में लगभग 350 बच्चों ने भाग लिया। यह परीक्षा तीन समूहों में आयोजित की गई, जिसमें से समूह ए में वर्ग दशम, समूह बी में वर्ग नवम एवं समूह सी में वर्ग अष्टम के विद्यार्थियों ने अपने प्रतिभा को दिखाया। परीक्षा को सफल बनाने में मुख्य रूप से ग्रुप के संरक्षक अजय कुमार, अध्यक्ष प्रेम कुमार महतो, सचिव निताय कुमार महतो, कोषाध्यक्ष मो. शमीम अंसारी, उपाध्यक्ष अनुज महतो, बोकारो जिलाध्यक्ष गौतम महतो, किशोर कुमार आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे। परीक्षा के निरीक्षण में प्रधानाध्यापक धनंजय महतो, विभूति महतो, रंजीत दसौंधी, दुर्गा प्रसाद रवानी एवं शिक्षाविद उपस्थित थे।

### वन भोज आपसी भाईचारा का प्रतीक है : शत्रुघ्न महतो



**महुदा।** बाघमारा प्रखण्ड के अंतर्गत तेलमोचो दामोदर नदी किनारे खेलायचण्डी मंदिर के प्रागंण में तेली युवा चहुंमुखी विकास समिति बाघमारा द्वारा आयोजित वन भोज में बाघमारा के लोकप्रिय विधायक शत्रुघ्न महतो शामिल हुए, जहां तेली युवा चहुंमुखी विकास समिति के सदस्यों ने माननीय विधायक जी को पुष्प गुच्छ ,समाज का मोमेंटो व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित व स्वागत किए,अपने तेली समाज को संबोधित करते हुए माननीय विधायक जी कहे आप सभी के सहयोग से ही अपने समाज के दो भाई एक धनबाद सांसद और एक बाघमारा से विधायक हैं,ये कही न कही तेली समाज के मान,सम्मान व मयार्दा को बढ़ाने का काम करता हैं,तेली समाज एक ऐसा समाज हैं जो प्रत्येक वर्ग के लोगों को सहयोग प्रदान कर समाज के प्रतिष्ठा को उच्चतर करता हैं,इसलिए मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि तेली समाज के सर्वांगीण विकास के लिए मुझे जितना मदद करना पड़े मैं उससे भी कही अधिक बढ़ चढ़कर मदद करने का काम करूंगा । मौके पर तेली समाज के कई वरीय पदाधिकारीगण मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र का 137 वां जन्म महा महोत्सव



**पुटकी।** रविवार को बालूडीह दुर्गा मन्दिर के प्रांगण मे श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र का 137 वां जन्म महा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सुबह प्रभात फेरी के साथ अनुष्ठान किया गया। उसके बाद विनती प्रार्थना धर्म सभा, मातृ सम्मेलन एवम ठाकुर जी की गीत से सारा क्षेत्र भक्ति मय हो गया. आज के इस महोत्सव मे लगभग 12 लोगों ने ठाकुर जी की नाम की दीक्षा ग्रहण की इस अवसर पर धनबाद के विधायक राज सिन्हा पहुँच कर ठाकुर जी के श्री चरणो मे प्रणाम निवेदन किया।

### इंडियन पब्लिक स्कूल की खेलकूद प्रतियोगिता

**झरिया।** भौरा इंडियन पब्लिक स्कूल द्वारा आज स्वर्गीय रणधीर वर्मा फुटबॉल ग्राउंड में स्कूल वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस खेलकूद प्रतियोगिता की मुख्य अतिथि विधायक का रागिनी सिंह थी। उन्होंने कबूतर उड़ाकर दीप प्रज्वलित कर खेल का उद्घाटन किया विधायिका ने कहा की पढ़ाई के साथ मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए खेलकूद बहुत जरूरी है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रवि रंजन सिंह ने कहा कि विद्यालय में इस तरह के कार्यक्रम हर वर्ष होते रहते हैं। इस अवसर पर शिवकुमार यादव पार्षद उमेश यादव मुख्तार अंसारी रवि रंजन सिंह प्रियंका सिंह देवेंद्र पोद्दार सीमा मेहता शिल्पा चटर्जी आशा कुमारी अंजू देवी कविता कुमारी शिल्पा चटर्जी रवि सरकार आदि उपस्थित थे।

### कार्रवाई की मांग



**पुटकी।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के संतोष कुमार सिंह ने कच्छी बलिहारी स्थित आवासीय कार्यलय मे रविवार को प्रेस वार्ता कर भागा बांध बशीर मोड़ पर रहने वाले लाचार दिव्यांगों सहदेव गडेरी एवं बुधु गडेरी की बुरी तरह पिटाई कर घर से बेघर करने वाले के खिलाफ कार्यवाही की मांग की स्थानीय प्रशासन एवं जिला प्रशासन से की है। इस संबंध मे दिव्यांगों द्वारा धनबाद डी सी, एस पी को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# रक्तदान के लिए आमजनों को प्रेरित करें: उपायुक्त

- समाहरणालय प्रांगण में सड़क सुरक्षा समिति और स्वास्थ्य विभाग ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** सड़क सुरक्षा अभियान के तहत समाहरणालय प्रांगण में सड़क सुरक्षा समिति और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियम, हेलमेट का उपयोग, ड्राइविंग लाइसेंस आदि के संबंध में जागरूक करना रहा। साथ ही बताया गया कि रक्तदान महादान है, इससे हम किसी का जीवन बचा




सकते हैं। हर स्वस्थ व्यक्ति को प्रत्येक तीन माह में रक्तदान करना चाहिए।

उपायुक्त श्री नमन प्रियेश लकड़ा ने मौके पर उपस्थित रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि दुर्घटना की वजह से घायल या बीमारी की वजह से रक्त की कमी से जूझ रहे व्यक्ति को, रक्त मिलने से उस व्यक्ति का जीवन बच पाता है। साथ ही सभी से रक्तदान करने की अपील की और अन्य लोगों को भी प्रेरित करने को कहा। जिले में खून की कमी से किसी की मौत न हो, जिला प्रशासन इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में समय समय पर जिला मुख्यालय समेत सभी प्रखंडों में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया जा रहा है ताकि अधिकाधिक संख्या में रक्त का संग्रह किया जाय और जरूरतमंद लोगों को सही समय पर रक्त उपलब्ध कराया जाय। इसके लिए उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों, कर्मियों, रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्यों और अन्य संबंधित कर्मियों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आगे भी गिरिडीह जिला प्रशासन रक्तदान को लेकर निरंतर बेहतर कार्य करता रहेगा ताकि जिले में रक्त की कमी न हो पाए। ऐसे में उपायुक्त ने जिला वासियों से जरूरतमंदों के काम आने के लिए अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आने की भी अपील की। इस दौरान लोगों को सड़क सुरक्षा और यातायात के नियमों के संबंध में जागरूक करने हेतु हेलमेट का वितरण किया गया।

### बिट्स डांस एकेडमी का वार्षिक समारोह संपन्न

**मैथन।** डीवीसी मैथन के श्रम कल्याण केंद्र में रविवार को बिट्स डांस एकेडमी के 5वां वार्षिक कार्यक्रम हुआ। मौके पर एकेडमिक के कलाकारों ने अपने भावपूर्ण जीवंत अभिनय से लोगों का मन मोह लिया। नृत्य एवं संगीत का समा ऐसा बांधा कि उपस्थित श्रोता और प्रशंसक झूम उठे। सभी श्रोताओं ने जमकर आनंद उठाया। इस मौके पर एकेडमी के संचालक पौलमी बॉस ने भी अपने अभिनय से उपस्थित लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। बिट्स डांस एकेडमी मैथन क्षेत्र में कला के प्रति रुचि रखने वाले छात्र-छात्राओं को मंच प्रदान करता है और उन्हें अपनी कला दिखाने का अवसर भी देता है। इससे पूर्व बिट्स डांस एकेडमी का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक अरूप चटर्जी की पत्नी आनंदित चटर्जी, सीआईएसएफ के सहायक कमांडेंट उमेश सिन्हा, डीवीसी के अधिकारी विश्वमोहन गोस्वामी एवं पूलक राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर आनंदित चटर्जी ने कहा कि बिट्स डांस एकेडमी कला के प्रति रुचि रखने वाले छात्रा छात्राओं को अपनी प्रतिभा को दिखाने व निखारने का अवसर प्रदान करता है। साथ ही कला के प्रति रुचि रखने वाले छात्राओं को एक बेहतर मंच देता है। इसलिए यह प्रशंसा का काबिल है। वहीं अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार रखा। कार्यक्रम को सफल बनाने में तपन बोस की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### 21 के गौरव दिवस को लेकर भाजपा की बैठक में बनी रणनीति



**मैथन।** 21 जनवरी को निरसा इंस्पेक्टर ऑफिस के निकट ग्राउंड में संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी को समर्पित संविधान गौरव दिवस जनसभा कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसकी तैयारी को लेकर रविवार को निरसा पाण्ड्रा मोड़ भाजपा पार्टी कार्यालय में पूर्व विधायक अपर्णा सेनगुप्ता की उपस्थिति में बैठक हुई। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अपर्णा सेनगुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सह वर्तमान विधायक रांची विधानसभा माननीय सीपी सिंह उपस्थित रहकर कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। बैठक में जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, बलदेव महतो, निताई रजवार, मुन्ना सिंह, संजय सिंह, संजय महतो, मनोज सिंह, परेश दास, रानी सिंह, गोपाल भारती, सुरजीत चंद्र, रूम मुखर्जी, गीता गिरी, आशीष मुखर्जी, रविंद्र साहनी, कुणाल मिश्रा, अभिजीत माजी, मनोज राम, सत्यम चौबे आदि उपस्थित थे।

### तेतुलमुड़ी में एक शाम पुरखों के नाम कार्यक्रम में एक साथ याद किये गये हाड़ी समाज के कई महापुरुष



**कतरास।** हाड़ी जाति विकास मंच द्वारा सिजुआ के तेतुलमुड़ी में एक शाम पुरखों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हाड़ी जाति सुधार समिति के जिला अध्यक्ष राजू हाड़ी एवं हाड़ी जाति विकास मंच के जिला अध्यक्ष डब्लू हाड़ी उपस्थित हुए। बाबा साहब के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। शहीद शक्तिनाथ महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुरखों की याद में मौन रख गया। सिजुआ तेतुलमुड़ीके शिक्षित, होनहार, प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश सलाहकार संजय कुमार हरि, जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुभाष हरि, सचिव बच्चन हरि, कोषाध्यक्ष मानिक चंद हरि, सुखदेव हाड़ी, राजेश हाड़ी, जगदीश हाड़ी, आनंद हाड़ी, सुरेश हाड़ी, प्रदीप हाड़ी, राजेश हाड़ी, विरु हाड़ी, तुलसी हाड़ी, विजय हाड़ी, राम स्वरूप हाड़ी, पुरन हाड़ी, प्रकाश हाड़ी प्रदेश युवा सचिव समेत कई समाज के लोग मौजूद थे।

# जमुआ में 80 लाख की लागत से बनेगा गोदाम

- विधायक मंजू कुमारी ने चुंगलो पैक्स भैयाडीह में गोदाम का किया शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग अंतर्गत समेकित सहकारी विकास परियोजना (आईसीडीपी) के तत्वावधान में जमुआ प्रखण्ड अंतर्गत चुंगलो पंचायत के ग्राम भैयाडीह के कृष्णदेव मोदी घर के निकट चुंगलो पैक्स लिमिटेड के 500 मैट्रिक टन क्षमता के गोदाम निर्माण कार्य का शिलान्यास जमुआ विधायक डॉ मंजू कुमारी द्वारा नारियल फोड़कर तथा फीता काटकर किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड धाम भाजपा मंडल अध्यक्ष गंगाधर वर्मा ने किया। विधायक डॉ मंजू कुमारी ने कहा कि गोदाम का निर्माण प्राक्कलित राशि 80 लाख, 52 हजार, 500 की लागत से किया जाएगा। गोदाम भवन निर्माण कार्य मां सीता इंटरप्राइजेज द्वारा कराया जाएगा। पैक्स गोदाम निर्माण से किसानों के द्वारा बेचे गए धान को



यहां पर पर्याप्त मात्रा में खरीदारी कर सुरक्षित रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि 500 मि. ट्रिक क्षमता वाले गोदाम सहकारी क्षेत्र में अनाज भंडारण के लिए बनाए जाते है। बीज और खाद का भंडारण किया जाता है, जिससे किसान लाभान्वित होगे। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के हर गांव को विकास से जोड़ा है। कहा की जमुआ विधान सभा के अगले सत्र में हाई स्कूल तारा से मूर खारी तक के सड़क की स्वीकृति दिलाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा की संगठन सर्वोपरि है। हर समस्या का समाधान है। इस क्षेत्र का सर्वांगीण विकास किया जाएगा। भाजपा नेता सह चुंगलो मुखिया विकास कुमार मंडल ने कहा कि चुंगलो पंचायत का सर्वांगीण विकास किया जाएगा। इस पंचायत में सड़क, पुल, पुलिया को प्राथमिकता देकर बनाया जायेगा। कहा कि हमारा प्रयास है कि पंचायत का विकास हो, सभी वर्गों के लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले। वहीं कार्यकर्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किये।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता सह चुंगलो मुखिया विकास कुमार मंडल, गंगाधर प्रसाद वर्मा, दिगम्बर दिवाकर, मनोज पांडेय, अध्यक्ष, चुंगलो पैक्स, भाजपा नेता प्रकाश यादव, बैजनाथ मंडल, अजय कुमार, दीपक कुमार, बासुदेव जी ,रणजीत मंडल, राजेंद्र पंडित, बासुदेव वर्मा, राजेंद्र पंडित, मोहन वर्मा, मोहन मंडल, नंदकिशोर वर्मा, अशोक मंडल, मथुरा मंडल, भुनेश्वर मंडल, संजय दास, नकुल दास, चोवा मंडल, मनोज पांडेय, संजय जी, गोपाल मंडल, सोमरी देवी, गुलाब सिंह आदि मौजूद थे।

### जनजातीय कन्या उच्च विद्यालय में शोक सभा



**राजगंज।** विनोद ज्ञान ज्योति ट्रस्ट के सक्रिय सदस्य और सामाजिक कार्यकर्ता सुकदेव प्रामाणिक के आकस्मिक निधन पर रविवार को विनोद बिहारी महतो जनजातीय कन्या उच्च विद्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। दो मिनट का मौन रख लोगों ने श्रद्धाञ्जली अर्पित किया। सुखदेव पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट के संयोजक शंकर किशोर महतो ने किया। डा. श्रीनिवास मेहता, इंद्र नारायण महतो, अयोध्या प्रसाद महतो, शिव शंकर शर्मा, प्रमोद चौरसिया, रामेश्वर महतो, जितेन्द्र नाथ महतो, हीरालाल महतो, महेन्द्र प्रसाद महतो, कौशल्या देवी, नुना राम महतो, प्रदीप दे, तारा पद नापित, चुन्नीलाल अग्रवाल आदि ने शोक ब्यक्त किया।

### पासवान परिवार मिलन समारोह आयोजित



**पुटकी ।** रविवार को अखिल झारखंड दुसाध महासभा के जिला अध्यक्ष अर्जुन पासवान की अध्यक्षता में पासवान परिवार मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम भठिंडा फॉल मूनीडीह में मनाया गया । कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यकारी अध्यक्ष रामविलास राम ने किया । बड़ी संख्या में पासवान परिवार के पुरुष, महिला एवं बच्चों की उपस्थिति में कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व खान निदेशक झारखंड सरकार आईडी पासवान , मुख्य अतिथि आशीष कुमार डिप्टी कमिश्नर स्टेट टैक्स बिहार , विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक बेल्थरा रोड बलिया (यूपी) गोरख पासवान, शांतनु कुमार उर्फ बबलू पासवान व्यवसाय धनबाद, बिन्दा पासवान व अन्य ने बाबा साहेब अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्या अर्पण कर किया गया । अंत में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व रामविलास पासवान, पूर्व एसपी धनबाद स्व राजाराम पासवान एवं पूर्व पार्षद स्व सावित्री देवी को शोक संवेदना के बाद कार्यक्रम की समाप्ति की गई ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से लखी देवी पासवान, सविता पासवान, शिवनंदन पासवान, अशोक पासवान, संजय पासवान व्यास, रामचंद्र पासवान एवं अन्य हजारो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### कुमारी स्वर्णा मिश्र को मिली पीएचडी की उपाधि



**गिरिडीह।** कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति के आदेशानुसार कुमारी स्वर्णा मिश्र पुत्री शिव शंकर मिश्र को शिक्षा विभाग में महिला सशक्तिकरण के लिए शिक्षा एवं शिक्षार्थी की भूमिका का अध्ययन : झारखंड के गिरिडीह जिला के संदर्भ में। शीर्षक से उनके शोध के सफल समापन पर डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि से सम्मानित किया गया है। उन्होंने कलिंगा विश्वविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ के शिक्षा विभाग के प्रोफेसर डॉ अवध किशोर त्रिवेदी के मार्गदर्शन में काम किया है। उनकी यह उल्लेखनीय उपलब्धि न केवल वर्षों के समर्पित शोध की परिणति का प्रतीक है बल्कि अध्ययन के साथ-साथ अपने क्षेत्र में ज्ञान की उन्नति में भी महत्वपूर्ण योगदान है।


### कोलकाता से यूथ लीग में जमुआ के युवक का चयन



**गिरिडीह।** जिले में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कमी नहीं है। इन्हीं में से एक मो अफरीदी भी है। फुटबॉल में वह लगातार बेहतर प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुका है। गांवों में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है, केवल उन्हें तराशने की जरुरत है। जिले के जमुआ प्रखंड अंतर्गत काजीमघा का एक होनहार खिलाड़ी का फुटबॉल का यूथ लीग में चयन होने से क्षेत्र में खुशी की लहर है। बता दें कि काजीमघा निवासी फिरोज आलम के पुत्र और युवा सामाजिक कार्यकर्ता मो फरीद आलम का अनुज मो अफरीदी का चयन फुटबॉल के यूथ लीग में हुआ है। मो अफरीदी की प्रारंभिक शिक्षा उर्दू विद्यालय काजीमघा में हुई। सम्प्रति शहरपुरा उच्च विद्यालय सियाटांड़ में अध्ययनरत है। फुटबॉल खेल के प्रति बचपन से ही बहुत रुचि रही है। फुटबॉल के कई लीग मैच में शानदार प्रदर्शन से लोगों का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया। खेल में रुचि को देखते हुए कोलकाता के एक खेल क्लब में कोच की देख रेख में फुटबॉल की बारीकियां सिख रहा है। कोलकाता यूनाइटेड स्टेट्स क्लब से यूथ आई लीग में अफरीदी का चयन हुआ। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन में बतौर फुटबॉलर अफरीदी का चयन हुआ है। इस चयन से जमुआ के लोग गौरवान्वित हैं। पूर्व विधायक केदार हजरा, बीस सूत्री अध्यक्ष मो जुनैद आलम,प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव,उप प्रमुख रब्बुल हसन फरीद आलम, बद्री यादव, मोती कुमार साहा, सुभाष यादव, रामदेव सोनी, आदित्य कुमार, सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र यादव ने इस चयन पर खुशी का इजहार किया है।

# संस्कार ज्ञानपीठ के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने गीत संगीत से समा बांधा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** संस्कार ज्ञानपीठ 10+2 विद्यालय पीयूष विहार हरिणा में हर्षोल्लास से वार्षिकोत्सव उत्कर्ष का आयोजन किया गया। शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति रवि चौधरी, विधायक शत्रुघ्न महतो, जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार और चैंबर ऑफ कॉमर्स हरिणा के मिथिलेश कुमार विद्यालय के निदेशक डॉ मुकेश कुमार राय, विद्यालय के प्रबंधक नीरजा राय एवं आसपास विद्यालय के प्राचार्यों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। संस्कार ज्ञानपीठ और नेहरू बालिका उच्च विद्यालय के छात्रों ने संयुक्त रूप से कला का प्रदर्शन किया। विधायक ने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों की सराहना की। निदेशक डा. मुकेश कुमार राय द्वारा किये जा रहे शैक्षणिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक कार्यों की प्रशंसा की। विद्यालय में 10 वर्षों से अधिक सेवा करने वाले शिक्षक, कर्मचारी एवं वाहन चालकों को सम्मानित किया गया। अभिभावकों की उपस्थिति के बीच बच्चों ने कई राज्यों की परम्परा के साथ झारखंड की परंपरा पर आधारित कार्यक्रम, छोटे-छोटे बच्चों द्वारा कृष्णलीला का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन आनंद कुमार गौतम और हर्षवर्धन शांडिल्य, प्रिया शर्मा, पंकज सिंह यादव,प्रिंसी पाण्डेय ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक और एडमिन स्टाफ का अहम भूमिका रही। विद्यालय के कॉर्डिनेटर काजल कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य रश्मि कुमारी, राहुल कुमार, मलय मिश्रा, शिल्पा राय, मोमी सरकार, रानी सिंह, अरुण प्रमाणिक, नीरज रावत, सुभाष रजक, एकता जायसवाल, स्वेता कुमारी, सरस्वती, चंडी मिश्रा, स्वाति, स्मृति, वसीम अंसारी, विजय कुम्हार आदि शिक्षक शिक्षिकाओ का सराहनीय योगदान रहा। मौके पर मदन मोहन, शशि महथा, राजेश गिरी, प्रिया रंजन, संतोष कुमार, के एन सिंह, शुभंकर मित्रा,धीरेन्द्र विश्वकर्मा, आकाश राय, अजीत प्रसाद उपस्थित थे।

### दिव्यांग शक्ति फाउंडेशन ट्रस्ट का प्रधान कार्यालय खुला



**कतरास।** सोनारडीह के टांडाबारी में दिव्यांग शक्ति फाउंडेशन ट्राष्ट के प्रधान कार्यालय का उदघाटन झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक शकर रवानी ने किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों का साथ ईश्वर देते हैं दिव्यांग जो कार्य ठान ले, उसे अवश्य पूरा करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक भुईयां तथा संचालन गोबर्धन रजक ने किया। राजकपूर महतो, अजय पासवान, शक्ति रविदास, आशा देवी, कला कुमारी, चम्पा कुमारी, सुरेश यादव, सुनील वर्मा आदि मौजूद थे।

### झरिया में होटल कर्मी के खाता में आये लाखों रुपये

**झरिया।** जानकारी के अनुसार झरिया थाना क्षेत्र के बाटा मोड के समीप चर्चित होटल कर्मी के नाम झरिया एसबीआई बैंक का खाता में मोटी रकम( लाखों रुपये ) आने से बैंक कर्मियों में हडकंप मच गया। जिसे लेकर उक्त खाता से होने वाले लेन देन पर रोक लगा दी गयी। साथ उक्त मामले क? जानकारी बैंक द्वारा पुलिस को देने पर उक्त कर्मी को पुलिस सरर्मी से खोज रही है। लेकिन लीज( भाडे ) पर खाता लेने वाले का एक परिचित का बैंक एवं स्थानीय पुलिस से मधुर सबंध होने केकारण मामले को दबाने की तैयारी चल रही है।

# 46 वां झारखंड स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर झामुमो ने की प्रमंडलीय बैठक

## दिशोम गुरू शिबू सोरेन व सीएम हेमंत सोरेन का संदेश सुन गांव-गांव पहुंचायेंगे कार्यकर्त्ता

निज संवाददाता

**दुमका।** 46 वां झारखंड स्थापना दिवस भव्य तरीके से मनाने को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा की संथाल परगना प्रमंडल स्तरीय बैठक दुमका क्लब में रविवार को आहूत हुई। बैठक की अध्यक्षता दुमका विधायक बसंत सोरेन ने किया। बैठक में सांसद नलीन सोरेन, जिला परिषद अध्यक्ष जोयेस बेसरा, अल्पसंख्यक मंत्री हफिजुल अंसारी, जामा विधायक डॉ लुईस मरांडी, शिकारीपाड़ा विधायक आलोक सोरेन, लिट्टीपाड़ा विधायक प्रो स्टेफन मरांडी, महेशपुर विधायक हेमलाल सोरेन, सारठ विधायक चुन्ना सिंह आदि मौजूद रहे। बैठक में 46 वां झारखंड दिवस भव्य रूप से मनाने को लेकर चर्चा हुई। बैठक में झारखंड दिवस मनाने के उद्देश्य, भव्यता और सफल आयोजन को लेकर चर्चा हुई। बैठक में मंत्री व धियक समेत अन्य नेताओं ने कार्यकत्ताओं को संयम, धैर्य और अनुशासनपूर्वक परांपरिक पोशाक, हथियार एवं वाद्य यंत्र से लैश होकर 2 फरवरी को गांधी मैदान में एकजुटता का परिचय दिखाते हुए अधिक से अधिक संख्या में जुटने का आह्वान किया। यहां बता दें कि झारखंड दिवस के अवसर पर गांधी मैदान में संथाल परगना समेत पूरे राज्य के कई दिग्गज नेता व कार्यकर्त्ता जुटते है। कार्यकर्त्ता एसपी कॉलेज से रैली निकाल पोखरा चौक होते हुए टीन बाजार समेत विभिन्न मांर्गो में संताल हूल नायक सिदो कान्हू के प्रतिमा समेत अन्य स्वतंत्रता सेनानी एवं महापुरूषों को माल्यार्पण कर नमन कर गांधी मैदान में जुटते है। जहां अंतिम समय तक अपने नेता झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरू शिबू सोरेन एवं कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन का संदेश सुनते है। संदेश में संथाल परना प्रमंडल समेत पूरे राज्य के दिशा और दशा पर चर्चा होती है और आगामी पूरे साल के कार्यक्रम तय होते है। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष रवि यादव ने किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शिव कुमार बास्की, प्रवक्ता मो अब्दुस सलाम अंसारी आदि मौजूद रहे।महेशपुर विधानसभा के विधायक प्रो स्टेफन मरांडी ने स्थापना दिवस समारोह के तैयारियों को लेकर आवश्यक चर्चा करते हुए कहा कि पूर्व से स्थापना दिवस मना सरकार को मेमोरेंडम देने का काम पार्टी करती आ रही है।



बैठक को संबोधित करते विधायक बसंत सोरेन एवं उपस्थित कार्यकर्त्ता

## स्पीड न्यूज

### एसएमएस-टू व सीसीएस विभाग में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

**बोकारो।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के दिशानिर्देश में सड़क सुरक्षा के महत्व पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा माह के क्रम में सीजीएम एसएमएस-टू एवं सीसीएस अरविन्द कुमार तथा विभागीय सुरक्षा अधिकारी जीएम राहुल तिवारी के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए आईएफजीएल जीआरई रिफ्लेक्टिव टेप वितरण और विभाग में रोड मार्च सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी आदि सहित सड़क सुरक्षा से सम्बंधित विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### निजी होटल में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, बाल-बाल बचे लोग

**बेरमो /फुसरो।** बेरमो थाना क्षेत्र के रामरतन उच्च विद्यालय के समीप एक निजी होटल में लगी आग से लाखो का नुकसान हो गया है। शुक्र की बात रही कि इस हादसे में कोई जान की क्षति नही हुई। यहां करीब 100 से अधिक रिंग सेरेमनी समारोह में पँहुचे थे। यहां आग लगने की सूचना मिलते ही होटल को खाली करवाया गया था। जिन्हें समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इसके पश्चात लोगों ने अग्निशमन विभाग को फोन कर सूचित किया एवं रेजिडेंसी के परिजन, कर्मचारी, सहयोगियों एवं समाजसेवीयों ने मिलजुल कर किसी तरह से हॉल में जाकर पानी डालते हुए आग पर काबू पा लिया।

### मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन

**बेरमो।** श्री कृष्ण चेतना परिषद बेरमो का मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन 20 जनवरी को कल्याण मंडप करगली में किया जायेगा। उक्त बात की जानकारी श्री कृष्ण चेतना परिषद बेरमो के संयोजक भारत सदस्य कमोद प्रसाद सदस्य जवाहरलाल यादव आदि ने करगली के कल्याण मंडप करगली में प्रेस वार्ता कर जानकारी दिया। भारत यादव कमोद प्रसाद ने कहा कि झारखंड में यादव समाज को सिर्फ और सिर्फ वोट बैंक की राजनीति के लिए उपयोग किया जाता है पर इस बार पूरे झारखंड में संजय यादव को यादव समाज ने प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया है वही संजय यादव विधानसभा चुनाव जीत कर झारखंड में मंत्री बने इससे यादव समाज में काफी खुशी है वहीं पूरे बेरमो के समाज के लोगों के साथ कल मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा।

### पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ का होगा भव्य आयोजन

**बेरमो।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत स्वांग उत्तरी पंचायत के महावीर स्थान में 30 मार्च से 3 अप्रैल तक पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। रविवार को मंदिर परिसर से यज्ञ को सफल बनाने के लिए प्रचार वाहन रवाना किया गया। यज्ञ आचार्य संजय पांडेय द्वारा विधिवत पूजा अर्चना करने के बाद प्रचार वाहन रवाना हुआ। इस दौरान मंदिर समिति के लोग सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। इस अवसर पर विनोद चौधरी, सानू सिंह, रमेश चौहान, समेत अन्य ग्रामिण मौजुद थे।

### जमीन विवाद में हुए मारपीट में अधेड़ की मौत

**दुमका।** जमीन विवाद में हुए मारपीट में एक अधेड़ की मौत रविवार को हो गई। घटना जिले के तालझारी थाना क्षेत्र के कालाडुमरिया पंचायत के बांसजोड़ा गांव में रविवार की सुबह घटी। जानकारी के अनुसार भाई के परिवार वालों ने 59 वर्षीय रामधनी मेहतर पर लाठी से प्रहार कर दिया। जिसमें अंदरूरी चोट लगने की वजह से उसकी मौत हो गई। वहीं बेटा राहुल भी चोटिल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच शव कब्जे में लिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। पत्नी माया हाजरा ने आधा दर्जन रिश्तेदारों के खिलाफ आवेदन दिया है। पत्नी ने पुलिस को बताया कि पति का अपने ही भाई शिकर मेहतर से एक खेत को लेकर विवाद चल रहा था। सुबह पति खेत में मिटटी बांध रहे थे। तभी शिकर मेहतर, अमित, मीना देवी, नीलम देवी, खुशबू कुमारी व अभिषेक मेहतर ने आकर विरोध जताया।

## एक नजर में

# मकर सक्रांति के अवसर पर मिलन समारोह में दही चुड़ा का भोज समाज से जुड़ने का एक अवसर : सुभाष यादव



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** मकर संक्रन्ति, लोहरी पोंगल जली कुट्टू जैसे पर्व त्यौहार सूर्य के दक्षिणायान से उत्तरायण होने पर भयंकर शीतलाहर और ठंढ से अपनी रक्षा करने के बाद हम तिला संक्रन्ति का त्यौहार मनाते हैं बिहार राज्य का अंग क्षेत्र और झारखण्ड का गोड्डा जिला दोनों राज्यों का सीमावर्ती ये क्षेत्र ऐतिहासिक धार्मिक सनातन धर्म की गवाह बौसी में मंदार पर्वत है जिसे समुद्र मंथन में मथनी के रूप में प्रयोग किया गया था देव और दानवो के युद्ध में जिसमें कई रत्न वो अमृत कलश जिसकी कुछ बूंदें प्रयाग राज के संगम स्थल पर गिरी थी और उस महाकुम्भ का प्रारम्भ हुआ जिसमें हर सनातनी नागा साधु सन्यासी डुबकी लगाना अनिवार्य समझते हैं ये इस क्षेत्र से निकली 16 रत्नो में से एक रत्न है अमृत कलश। झारखण्ड के देवघर में बिराजते बाबा बैद्यनाथ धाम द्वादश ज्योर्तिलिंगों में से एक हैं और फिर संयोग देखिये अंग क्षेत्र का प्रमुख शहर भागलपुर जहाँ गंगा उत्तर वाहिनी होकर बहती है उस क्षेत्र को मुक्तिदायिनी और सबसे पवित्र जल समझा जाता है जो कँवरियों द्वारा बाबा बैद्यनाथ को अर्पित किया जाता है 105 किलोमीटर की पदयात्रा तय करके। इस क्षेत्र के लोगों में अपनी वैदिक परम्परा सनातन संस्कार, आस्था, श्रद्धा, मान्यताओं का मिश्रित संगम है जो कहा जाता है मंदार पर्वत के 16 कोसों के अंदर कभी प्रकिरतिक आपदा नहीं आ सकती है जो विष्णु स्वरूप मधुसूदन भगवान का क्षेत्र है। सुभाष चंद्र यादव भाजपा जिला उपाध्यक्ष गोड्डा , आरएसएस संगठन से जुड़े एक समाज सेवी कार्यकर्त्ता हैं जो इस मकर सक्रांति पर्व पर मिलन समारोह का आयोजन करते हैं आमंत्रित व्यक्ति किसी पार्टी विशेष के नहीं होकर हर वर्ग हर पार्टी, हर जाति और हर धर्म के लोग उनके आवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में भाग लेने आते हैं, दही चू ड़ा, भूरा सब्जी आदि पर्याप्त मात्रा में भोजन कर फिर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिले के तमाम पत्रकार,मिडिया कर्मी, और अन्य सम्मानित लोगों को स्टेज पर एक शाल एक डायरी और कलम देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बजरंगी यादव उपाध्यक्ष भाजपा समिति साहिबगंज पप्पू जी, कन्हैया कुमार जिला महासचिव गोड्डा, श्रीकांत शाह भाजपा कार्यकर्त्ता सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। बच्चों द्वारा कई मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये जिसका सभी श्रोताओं ने जमकर आनंद उठाया।

### कारो बस्ती में धुमधाम से मनाया गया दिशोम सोहराय का महोत्सव

**बेरमो।** फुसरो-कारो बस्ती में रविवार को दिशोम सोहराय महोत्सव धूम धाम से मनाया गया। यहां नायके बाबा सोहनलाल मांझी व कुवर मांझी ने विधि विधान से पूजा कराया। पूजा के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इसके बाद मांदर के थाप पर युवक एवं युवतियां ने नृत्य प्रस्तुत किए। यहॉ विस्थापित नेता कैलाश ठाकुर ने कहा कि यह पर्व प्रकृति और प्रेम का प्रतीक है जो आदिवासी संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जो इस पर्व की एक महत्वपूर्ण विशेषता है। कहा कि यहां की मिट्टी और यहां की संस्कृति में एक अलग ही बात है। कहा कि जल, जंगल, जमीन हमारी पहचान है और उनकी रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है।

## एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय बोकारो के स्वामी तेजोमयानंद सभागार में सीबीएसई नई दिल्ली के तत्वाधान में क्षमता निर्माण कार्यशाला- हैप्पी क्लासरूम विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ विद्यालय सचिव महेश त्रिपाठी प्राचार्य सूरज शर्मा उप प्राचार्य नरर्मेन्द्र कुमार रिसोर्स पर्सन अमित कुमार वर्णवाल एवं अरिहंत जैन ने किया। दोनों रिसोर्स पर्सन को पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। मौके पर प्राचार्य सूरज शर्मा ने कहा कि कक्षा में एक शिक्षक की जिम्मेदारी सुनिश्चित करना है कि कैसे एक अच्छे और खुशनुमा माहौल में अपनी शिक्षण पद्धति में गुणात्मक बदलाव लाने का प्रयास करे। इसी लिए विद्यालय समय-समय पर कार्यशाला का आयोजन किया जाता है।अमित कुमार वर्णवाल ने हैप्पी क्लासरूम की परिभाषा को बड़े ही सरल भाषा में बताते हुए कहा कि हमें क्लासरूम में अपने भावनाओं पर संयम रखते हुए बच्चों के साथ उचित व्यवहार करनी चाहिए। वहीं दूसरे रिसोर्स पर्सन ने कहा कि कक्षा में ये ध्यान देना आवश्यक है कि अपने विषय को और अधिक रोचक बनाने में सक्षम हो। कार्यशाला के दौरान कई लघु नाटिका और एक्टिविटी करवाई गई। विद्यालय के उप प्राचार्य नरर्मेन्द्र कुमार ने अपने धन्यवाद ज्ञापन में सभी का आभार प्रकट किया। कार्यशाला का संचालन सुप्रिया चौधरी ने किया। साथ ही संजीव सिंह रणधीर नारायण पंचानंद शर्मा अंजनी, स्मृति वोहरा एवं अन्य शिक्षकों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



### कथारा के बोडिया स्थित जेएलकेएम कार्यालय में बैठक सम्पन्न

**बेरमो।** बेरमो प्रखंड के कथारा मे झारखण्ड लोकतान्त्रिक क्रन्तिकारी मोर्चा के पार्टी कार्यलय मे एक अहम बैठक रखी गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विस्थापित, रैयत, स्थानीयता आदि कई मुद्दों पर विशेष चर्चा हुई। बैठक में यह भी चर्चा हुई की आउटसोर्सिंग कंपनियों मे विस्थापितों को रोजगार से जोड़ने को लेकर एक कोटा तय हो साथ ही विस्थापित को उसका हक व अधिकार, मुआवजा समय पर मिलना चाहिए। साथ ही पार्टी से और भी लोगो को जोड़कर पार्टी को मजबूत बनाने की दिशा में पहल किया जाए। बैठक का इस बैठक की अध्यक्षता बोकारो जिला अध्यक्ष अमरेश महतो और संचालन जिला सदस्य अरुण प्रजापति ने किया।

## शिविर लगाकर रैयतों के बीच मुआवजा का करें वितरण: उपायुक्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण को लेकर संचालित विभिन्न परियोजनाओं के तहत भूमि अधिग्रहण कार्य की प्रगति का उपायुक्त विजया जाधव ने संबंधित पदाधिकारियों एवं राष्ट्रीय राजमार्ग के पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। उन्होंने क्रमवार सभी परियोजनाओं को लेकर चल रहें कार्य प्रगति की क्रमवार जानकारी ली। इस दौरान बचे हुए रैयतों का मुआवजा वितरण को लेकर संबंधित अंचलों में शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने आगामी 21 जनवरी को कसमार प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में एवं 25 जनवरी को पेटरवार प्रखंड सह अंचल कार्यालय में शिविर आयोजित करने को कहा। इसकी निगरानी बैठक में उपस्थित अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी को करने को कहा। शिविर के आयोजन की जानकारी रैयतों को देने एवं इसका प्रचार- प्रसार क्षेत्र में करने को कहा। ज्यादा से ज्यादा रैयतों का भुगतान शिविर में हो जाएं-इसे सुनिश्चित करें। समीक्षा क्रम में उन्होंने कहा कि जिन रैयतों का भुगतान हो गया है या जीएम लैंड पर कोई संरचना है-उसे एसडीओ बेरमो को हटाने को लेकर कार्रवाई करने को कहा। वहीं निर्माण को लेकर एनएचआइ के पदाधिकारियों से जानकारी ली और उन्हें भी जरूरी दिशा- निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता एवं जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा के अलावा एनएचएआइ के परियोजना निदेशक धनबाद धीरज भारती शैलेंद्र कुमार अभिमन्यू सिंह राठौर आदि उपस्थित थे।

### डीपीएस बोकारो में विद्यार्थियों सहित शिक्षकों ने मनाई पिकनिक

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के विद्यालय परिसर में आयोजित बच्चों के वार्षिक पिकनिक सह मिलन समारोह में प्री-नर्सरी से लेकर अन्य सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं के लिए विविध आयोजन किए गए। इस दौरान बच्चों ने गीत-संगीत और खेल-कूद के साथ विभिन्न व्यंजनों का आनंद लिया। गीतों पर थिरकते और झूमते-नाचते नन्हें विद्यार्थियों की धमाचौकड़ी अपने-आप में आकर्षण का केंद्र रही। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप आनंद युक्त वातावरण में पठन-पाठन की चर्चा करते हुए प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने विद्यार्थियों का गीत-संगीत व विभिन्न मनोरंजक स्पधाओं से जुड़ाव आवश्यक बताया। साथ ही नए साल में नई ऊर्जा व नए जोश के साथ नए कीर्तिमान स्थापित किए जाने की प्रेरणा दी। 'पढ़ाई में अच्छा करने के लिए मानसिक शांति, सुकून और शारीरिक स्फूर्ति भी जरूरी है। तभी एकाग्रता आती है। बच्चों की मस्ती में विद्यालय के शिक्षकों ने भी उनका साथ दिया। उनके साथ फोटो खिंचवाई सेल्फी ली और साथ नाच-गाकर उनका मनोबल बढ़ाया। प्राचार्य डॉ गंगवार ने बच्चों के साथ केक काटे। बच्चों ने उनका तिलक लगाकर स्वागत किया तथा उन्हें कार्ड व पुष्पगुच्छ भेंट किए।

## बीएसएल के गैस यूटिलिटी विभाग में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल के गैस यूटिलिटी विभाग में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत सीजीएम उपयोगिताएँ संजीव रंजन सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सीजीएम सुरक्षा बीके सरतापे के साथ सीजीएम संजीव रंजन सिंह तथा गैस यूटिलिटी विभाग के वरीय अधिशासी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि श्री सरतापे ने कार्यक्रम में सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया और प्रतिभागियों के द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत किये गए विभिन्न कार्यक्रमों की सराहना की। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मनोज कुमार द्वितीय स्थान रूपेश तृतीय स्थान सुश्री स्मृति चतुर्थ स्थान संजय तथा पांचवां स्थान आशीष को प्राप्त हुआ। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार धीरेन्द्र द्वितीय पुरस्कार सुमन तृतीय पुरस्कार पंकज चतुर्थ पुरस्कार राजेश तथा पांचवां पुरस्कार सुश्री ईशा कुमारी को दिया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के श्रेणी ए में भोला नाथ महतो श्यामा चरण नंदन श्रेणी बी में मो जसीम सुमित महतो मो जफर इमाम श्रेणी सी में भीमलाल महतो विनोद कुमार सिंह गौरीलाल महतो श्रेणी डी में मुकेश एक्का विनोद रंजन कुलदीप कुमार तथा श्रेणी ई में धर्मेंद्र सुधीर एवं विजय को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का समन्वयन विभाग के एजीएम ऋषि कांत गुप्ता शुभाशीष विल्फ्रेड किस्पोट्टा रण विजय कुमार अभिषेक कुमार अमन मिश्रा सुश्री शशि प्रभा बौद्ध मनीष स्नेही रोहन और अन्य समर्पित टीम सदस्यों के द्वारा किया गया।

## महिला कोषांग की बैठक में चार पारिवारिक वादों का हुआ निपटारा

खबर मन्त्र संवादाता

**दुमका।** महिला कोषांग की बैठक रविवार को महिला थाना परिसर में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अनुपमा सेरेंग ने की। बैठक में आपसी सुलभ-समझौता करते हुए चार पारिवारिक वादों में सुलह करा विदा किया।

जिसमें जामताड़ा जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव निवासी कविता देवी एवं जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लखीकुंडी निवासी जय गोस्वामी के बीच सुलह हुआ। जिले के काठीकुंड थाना क्षेत्र के आलुवाड़ा गांव के जहीना खातुन एवं पाकुड़ जिले के पाकुड़िया गांव के मजादुल इस्ताल के बीच सुलह हुआ। जिले के मसानजोर थाना क्षेत्र के रानीबहाल के महुआ मंडल एवं वीरभूम जिले के आरूडपाड़ा के तुहिन चौधरी के बीच सुलह हुआ। जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के शिकारीपाड़ा के शीला गोस्वामी एवं नगर थाना क्षेत्र के घाट रसिकपुर के आजाद नगर निवासी हसनैन खान उर्फ टिंकू के बीच सुहल हुआ।

## नवनिर्वाचित विधायक कुमार जयमंगल सिंह का स्वागत किया गया

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बेरमो चेंबर ऑफ कॉमर्स के द्वारा फुसरो मे लिट्टी-चोखा कार्यक्रम मे बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह शामिल हुए।

यहां विधायक श्री सिंह को बेरमो चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी सदस्यों और बाजार के दुकानदारों ने स्वागत किया। विधायक श्री सिंह ने चेंबर को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बेरमो चेंबर ऑफ कॉमर्स के संरक्षक दिनेश सिंह और अध्यक्ष आर उनेश ने फुसरो के व्यवसाई सूरज मित्तल को चेम्बर के सह सचिव पद मनोनीत किया।

## खासमहाल से कोल ट्रांसपोर्टिंग शुरू

**बेरमो।** सुभाषनगर डंपिग के समीप हाइवा कोयलांचल ऑनर एसोसिएशन और ट्रांसपोर्टर के बीच सफल वार्ता के बाद एसोसिएशन ने अनिश्चितकालीन आन्दोलन वापस ले लिया। जिसके बाद खासमहाल परियोजना से कोल ट्रांसपोर्टिंग शुरू हो गई। वार्ता में 10 हाइवा को ब्लैकलिस्टेड से जल्द हटाने सहित नंबर सिस्टम से कोयला लोड के लिए टोकन दी जायेगी। मौके पर मुकेश सिंह, सिकंदर राज, प्रदीप ठाकुर, मोहम्मद यूसुफ, मोहम्मद मुस्तकिम, मोहम्मद जसीम, मोहम्मद फारूक, सुनील सिंह, एन अंसारी, गोनी दा, महेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

# कॉर्पोरेट रीसाइक्लर्स कॉन्क्लेव: सर्कुलर इकोनॉमी और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी पर जोर

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने रांची में सेल के प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान और एमिटी यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कॉर्पोरेट रीसाइक्लर्स कॉन्क्लेव का शुभारंभ किया।

यह सम्मेलन अपशिष्ट प्रबंधन और स्थिरता में नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उद्योग जगत शोध संस्थानों और समाधान प्रदाताओं को एक मंच पर लाने की एक सार्थक और महत्त्वपूर्ण पहल है। इस सम्मेलन में बीएसएल टाटा स्टील जेएसडब्ल्यू एएमएनएस हिंडाल्को समूह आईसीएआर एनआईटी और विभिन्न प्रतिष्ठित शोध संस्थानों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

उद्घाटन सत्र में बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने सर्कुलर इकोनॉमी की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए इसे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी लाने और राजस्व सृजन के लिए एक प्रभावशाली माध्यम बताया। उन्होंने उद्योग जगत और शोध समुदाय के बीच सामूहिक प्रयास और नवाचार को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि औद्योगिक अपशिष्ट को मूल्यवान संसाधनों में परिवर्तित कर सतत विकास की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सके। बीएसएल की ओर से एजीएम नितेश रंजन ने अपनी प्रस्तुति में कंपनी द्वारा अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में उठाए गए कदमों और हासिल की गई उपलब्धियों को विस्तारपूर्वक साझा किया।

इसके अतिरिक्त एजीएम प्रशांत कालबंदे ने बीएसएल का प्रतिनिधित्व करते हुए इस कार्यक्रम में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई।




### बेरमो विधायक ने सुभाष नगर में सड़क निर्माण कार्य की रखी आधारशिला

**फुसरो (बेरमो)।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने बेरमो विधानसभा में विकास योजनाओं को गति देते हुए नगर परिषद फुसरो के वार्ड संख्या 04 में पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्य विधिवत विधिवत पूजा अर्चना के बाद शिलापट्ट का अनावरण कर तथा नारियल फोड़ कर किया। यह सड़क सुभाष नगर सविता मेडिकल से दुर्गा मंदिर होते हुए पुराना सुभाष नगर शिव मंदिर तक निर्माण होगा। यह ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के तहत लगभग 32 लाख रुपए की लागत से सड़क का निर्माण कार्य होगा। इस अवसर पर विधायक श्री सिंह ने कहा कि यह सड़क काफी जर्जर स्थिति में थी। स्थानीय लोगों मे मांग पर यह सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया है।

## प्री-प्राइमरी बच्चों के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/ललपनिया।** टॉडल्स डेन पब्लिक स्कूल गोमिया के द्वारा प्री-प्राइमरी बच्चों के लिए एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया। इस भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना और उन्हें विभिन्न विषयों के बारे में जानने का अवसर प्रदान करना था। इस भ्रमण के दौरान, बच्चों ने तेनुघाट डैम का भ्रमण किया, जहां उन्होंने प्राकृतिक सौंदर्य का जमकर आनन्द लिया और जल संसाधनों के महत्व के बारे में भी जाना। इसके अलावा, उन्होंने विभिन्न वैज्ञानिक और तकनीकी प्रदर्शनियों का अवलोकन किया।जिससे उन्हें विज्ञान व प्रौद्योगिकी के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी मिली।

## कोयला चोरों के विरुद्ध छापामारी अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** महाप्रबंधक कथारा क्षेत्र के आदेश अनुसार क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में बोकारो थर्मल थाना पुलिस क्षेत्रीय सुरक्षा गस्ती दल एवं जारंगडीह कोलियरी गस्ती दल के द्वारा जारंगडीह के कोयला स्टॉक माइंस एरिया तथा जारंगडीह साइडिंग के आसपास संयुक्त रूप से कोयला चोरों के विरुद्ध ओचक छापामारी अभियान चलाया गया छापामारी में कोयला चोर गस्ती दल को देख भाग खड़े हुए इसके उपरांत लावारिस हालत में कोयला से लदा 5 मोटरसाइकिल और 8 साइकिल को जप्त कर मौके प पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त किया गया।

# सड़क हादसों की चिंता

देश की इन कातिल सड़कों की हकीकत बताता केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय का एक डराने वाला आंकड़ा पिछले दिनों सामने आया। मंत्रालय के अनुसार पिछले दस सालों में हुए सड़क हादसों में 15 लाख लोग मारे गए। यह आंकड़ा भयावह है और इस गंभीरता को संबोधित करने की जरूरत बताता है। दरअसल, वर्ष 2014 से 2023 के बीच सड़क हादसों में 15.3 लाख लोग मारे गए। सड़क हादसों में मरने वाले लोगों में भारत दुनिया में शीर्ष पर है। यह हमारी व्यवस्था की नाकामी को भी उजागर कर रहा है कि क्यों हर साल डेढ़ लाख लोग मारे जा रहे हैं। आखिर दस साल में केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ जैसे शहर की आबादी से ज्यादा लोग क्यों अकारण मौत के मुंह में चले जाते हैं? आखिर उन लोगों का क्या कसूर था कि उनके हिस्से में ऐसी दर्दनाक मौत आई? आखिर क्यों हम पूरी दुनिया में सड़क हादसों में सबसे ज्यादा मरने वाले देश के रूप में जाने जाते हैं? ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि देश में हर दस हजार किलोमीटर पर मरने वालों की दर 250 है जबकि अमेरिका, चीन और आस्ट्रेलिया में यह संख्या 57, 119 व 11 है। निश्चित रूप से भारत में सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों का यह आंकड़ा एक संवेदनशील व्यक्ति को हिलाकर रख देता है। हालांकि, देश में समय के साथ वाहनों की संख्या और सड़क निर्माण में भी वृद्धि हुई है, लेकिन दुर्घटनाओं का आंकड़ा कम नहीं हो रहा है। वर्ष 2012 में करीब 16 करोड़ गाड़ियां रजिस्टर्ड थी जो पिछले एक दशक में दुगनी हो गई हैं। लेकिन उस अनुपात में सड़कें नहीं बढ़ीं। जहां वर्ष 2012 में देश में भारतीय सड़कों की लंबाई 48.6 लाख किलोमीटर थी, तो वर्ष 2019 में यह 63.3 लाख किलोमीटर तक जा पहुंची थी। देश में सड़क सुरक्षा को लेकर मानवीय लापरवाही सबसे बड़ा कारण है जिसका निदान निकालने की आवश्यकता है।

## कार्टून वर्ल्ड






मेष : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-3-8-9

वृष : स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-5-6-7

मिथुन : संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-6-7-9

कर्क : व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। समय आपके पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-3-7-9

सिंह : कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-6-9

कन्या : मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-3-7-9

तुला : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-4-8-9

वृश्चिक : मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-5-7

धनु : व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। शुभांक-4-6-7

मकर : शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शुभांक-3-6-8

कुंभ : किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। शुभांक-4-6-8


मीन : संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है अतरूधैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। मनोबल ऊंचा रखें काम में लगे रहें लाभ होगा। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक-5-7-8

# भारत के लिये खतरा है पाक-बांग्लादेश की नजदीकियां

बड़ी सच्चाई है कि पाक का जन्म ही भारत विरोधी मानसिकता से हुआ है। ऐसे में अतीत से सबक लेते हुए भारत को अपनी सीमाओं की सुरक्षा को लेकर किसी तरह की चूक नहीं करनी चाहिए। किसी भी तरह की ढिलाई भारतीय सुरक्षा पर भारी पड़ सकती है।

बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार प्रधानमंत्री शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद से लगातार भारत विरोधी गतिविधियों एवं कारगुजारियों एवं षडयंत्रों में संलग्न है, लगता है पाकिस्तान के शह पर बांग्लादेश का भारत विरोधी रवैया बढ़ रहा है। बांग्लादेश में लगातार भारत विरोधी मुहिम व अल्पसंख्यक हिन्दुओं एवं हिन्दू धर्मस्थलों पर हिंसक हमलों के बाद अब भारत सीमा पर बाड़बंदी को लेकर बेवजह का विवाद खड़ा किया जा रहा है। जबकि इस मुद्दे पर दोनों देशों के बीच पहले ही सहमति बनने के बाद बड़े हिस्से पर बाड़बंदी हो चुकी है। लेकिन टकराव मोल लेने को तैयार बैठे बांग्लादेश के हुक्मरान विवाद के नये-नये मुद्दे तलाश रहे हैं एवं दोनों देशों की आपसी संबंधों को नेस्तनाबूंद कर रहे हैं। बांग्लादेश भारत की शांति व सद्भाव की कामना एवं सहनशीलता को उसकी कमजोरी न माने, ऐसी भूल बांग्लादेश के लिये बहुत भारी पड़ सकती है। दोनों देशों की शांति, सद्भावना एवं सौहार्द के लिये किसी तीसरे देश के दखल को बढ़ने न दिया जाये।

2015 में शेख हसीना के कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ढाका पहुंचे। यहां दोनों नेताओं ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किया। इसे लैंड बाउंड्री एग्रीमेंट कहते हैं। इसी के अन्तर्गत भारत ने अब तक 3271 किलोमीटर सीमा कर बाड़बंदी कर दी है। अब केवल 885 किलोमीटर खुली सीमा की बाड़बंदी बाकी है। भारत बचे इलाके की बाड़बंदी कर रहा है लेकिन बांग्लादेश भारत की कोशिशों में अड़ंगा डाल कर दोनों देशों के बीच हुए समझौते को नकार रहा है। बांग्लादेश के गृह मंत्रालय ने ढाका में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को बुलाकर विरोध व्यक्त किया तो इसके जवाब में भारत ने भी जवाबी कार्रवाई की और बांग्लादेश के डिप्टी हाईकमिश्नर नूरूल इस्लाम को तलब कर अपना विरोध जताया। भारत अपनी सीमाओं को अभेद्य बना रहा है। सीमाओं के खुले रहने से बांग्लादेश से लगातार अवैध घुसपैठ, हथियारों की तस्करी, ड्रग स्मगलिंग, नकली नोटों का कारोबार और आतंकवादी गतिविधियां लगातार हो रही हैं। विशेषतः



पाकिस्तान अब अपनी आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिये बांग्लादेश का उपयोग कर रहा है। दरअसल, बांग्लादेश की युनूस सरकार पाकिस्तान के इशारों पर पुराने मुद्दे उछाल कर विवाद को हवा दे रही है। निश्चित ही पाक से उसकी नजदीकियां लगातार बढ़ी हैं और वहां पाक सेना के अधिकारियों की सक्रियता देखी गई है, ऐसी जटिल होती स्थितियों में भारत को अपनी सुरक्षा चिंताओं के लिये कदम उठाने ही चाहिए एवं अपनी सीमाओं को सुरक्षित बनाना ही चाहिए। पाकिस्तान पंजाब, जम्मू-कश्मीर व नेपाल के रास्ते आतंकवादियों को भारत भेजने की कोशिशें लगातार करता रहा है, अब उसने बांग्लादेश को भी इन गतिविधियों के लिये चुना है एवं बांग्लादेश से लगी भारत की खुली सीमा का दुरुपयोग कर रहा है तो भारत को सतर्क एवं सावधान होना ही चाहिए। पाकिस्तान से लगती सीमा पर तमाम चौकसी के बाद भी सीमा पार से जिस तरह जब-तब आतंकियों की घुसपैठ होती रहती है, वह गंभीर चिंता की बात है। जब पाकिस्तान से लगती सीमा भारत की सुरक्षा के लिए खतरा बनी हुई है, तब यह शुभ संकेत नहीं कि बांग्लादेश से लगी सीमा भी भारत के लिए चिंता का कारण बने।



**- ललित गर्ग**

> यूनुस सरकार ने भारत विरोधी तत्वों को न केवल हवा दी है बल्कि उनको उग्र कर दिया है। जेल में बंद कई भारत विरोधी तत्वों को बेल दे दी गयी है, ये ही तत्व भारत में अस्थिरता फैलाने की साजिश रच रहे हैं। लिहाजा भारत के लिये बॉर्डर पर घेराबंदी अत्यावश्यक हो गयी है। राजनीतिक आग्रह, पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह के चलते यूनुस सरकार शेख हसीना के पिता की विरासत को निपटाने एवं धुंधलाने की कोशिशों में लगी हुई है।


बड़ी सच्चाई है कि पाक का जन्म ही भारत विरोधी मानसिकता से हुआ है। ऐसे में अतीत से सबक लेते हुए भारत को अपनी सीमाओं की सुरक्षा को लेकर किसी तरह की चूक नहीं करनी चाहिए। किसी भी तरह की ढिलाई भारतीय सुरक्षा पर भारी पड़ सकती है।


भारत की उदारता को बांग्लादेश हमारी कमजोरी न मान ले, इसलिए उसे बताना जरूरी है कि भारत से टकराव की कीमत उसे भविष्य में चुकानी पड़ सकती है। यह भी कि संबंधों में यह कसैलापन, दौगलापन एवं टकराव लंबे समय तक नहीं चल सकता। उसकी यह कटुता उसके लिये ही कालांतर घातकएवं विनाशकारी साबित हो सकती है। यह विडंबना ही है कि नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस से क्षेत्र में शांति व सद्भाव की जो उम्मीदें थी, उसमें उन्होंने मुस्लिम कट्टरपंथ को आगे करके निराश ही किया है। उनकी सरकार लगातार विघटनकारी, अड़ियल व बदमिजाजी का रुख अपनाए हुए है, दोनों देशों के संबंध बिगाड़ने में पर्दे के पीछे पाकिस्तान की भूमिका को साफ-साफ देख जा रहा है। जबकि शेख हसीना शासनकाल में भारत और बांग्लादेश के संबंध सामान्य थे तो भारत बांग्लादेश को विश्वास में लेकर बाड़बंदी कर रहा था लेकिन अब यूनुस सरकार लगातार उकसाने वाली कार्रवाई कर रही है। उसने पाकिस्तानियों का बांग्लादेश में प्रवेश आसान कर दिया है तो पाक के बांग्लादेश को भारत विरोधी प्लेटफॉर्म के रूप में इस्तेमाल करने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी के चलते बांग्लादेश की भारत विरोधी बयानबाजी और कारगुजारी से दोनों देशों के संबंधों में जबरदस्त कड़वाहट आ चुकी है। बावजूद इसके गत दिसम्बर में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने अपनी ढाका यात्रा के दौरान बांग्लादेश को आश्वस्त किया था कि भारत उसका दोस्त बना हुआ है और व्यापार, ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी के मामलों में रिश्ते पहले की तरह बरकरार रहेंगे। उस समय ऐसा लगा था कि दोनों पक्षों ने सीमा पर स्थिति को ?शांत कर लिया है।

यूनुस सरकार ने भारत विरोधी तत्वों को न केवल हवा दी है बल्कि उनको उग्र कर दिया है। जेल में बंद कई भारत विरोधी तत्वों को बेल दे दी गयी है, ये ही तत्व भारत में अस्थिरता फैलाने की साजिश रच रहे हैं। लिहाजा भारत के लिये बॉर्डर पर घेराबंदी अत्यावश्यक हो गयी है। राजनीतिक आग्रह, पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह के चलते यूनुस सरकार शेख हसीना के पिता की विरासत को निपटाने एवं धुंधलाने की कोशिशों में लगी हुई है। कट्टरपंथी तत्व जनाक्रोश के चलते अपनी सुविधा का मुहावरा गड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

भारत द्वारा बॉर्डर पर कंटीले तारों को लगाने की कोशिश का बांग्लादेशसरकार द्वारा कड़ा विरोध दर्शा रहा है कि पाकिस्तान की तरह बांग्लादेश भी भारत में अस्थिरता, अशांति एवं अराजकता फैलाना चाहता है। बांग्लादेश बाड़ लगाने के समझौते का सम्मान करने के बजाय उसकी समीक्षा करने की बात करके उसमें रौड़ा अटकाना चाह रहा है। वह उन स्थानों पर कंटीले तारों वाली बाड़ लगाने का खास तौर पर विरोध कर रहा है, जहां से बड़े पैमाने पर घुसपैठ और तस्करी होती है और यही से आतंकवादी गतिविधियों को संचालित करने की संभावनाएं हैं। इसके कुछ पुष्ट प्रमाण भी मिले है। इस संदर्भ में बांग्लादेश वैसे ही कुतर्क एवं बेतूके तथ्य प्रस्तुत कर रहा है, जैसे सीमा सुरक्षा के भारत के प्रयत्नों पर पाकिस्तान करता रहता है।

## लेटर टू एडिटर

### साइबर अपराध

**देश** में साइबर अपराधों पर नियंत्रण के लिए एक सक्षम और प्रशिक्षित साइबर विशेषज्ञ कार्यबल की कमी है। साइबर अपराधी शिक्षित हैं और विभिन्न तरीकों से अधिकारियों को शिकार बना रहे हैं। हाल में वीआईपी और विमान सेवाओं को धमकी देने के घटनाक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सुरक्षा को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। इस स्थिति में, अत्याधुनिक तकनीक से लैस युवा साइबर टीमों का गठन आवश्यक है, जिसमें पर्याप्त संख्या में अधिकारी भी शामिल हों।

**-बीएल शर्मा, हजारीबाग**

### प्रदूषण की समस्या

अफसोस है कि कारगर समाधान की तलाश नहीं होती। एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते, हमें कुछ कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। सामूहिक प्रयास प्रदूषण को कम कर सकते हैं। इस दिशा में हम सभी को जागरुक होना होगा।

**-सत्यप्रकाश गुप्ता, खूंटी**

## ट्वीट

**कांग्रेस** पार्टी ने लोगों के साथ मिल कर, संविधान की बुनियाद पर, भारत की सफलता का निर्माण किया है। लोगों के अधिकारों के कवच, संविधान की रचना से लेकर रक्षा तक का दायित्व कांग्रेस ने निभाया है।

हमारा नया मुख्यालय हमारी इसी समृद्ध ऐतिहासिक विरासत और विजन का प्रतीक है।

हमारी परंपराएं, जड़ें और वजूद भारत की आत्मा में गहराई से बसे हुए हैं। इसी रास्ते पर चलते हुए हम आगे भी न्याय, समानता और संविधान की लड़ाई लड़ते रहेंगे। **- राहुल गांधी सांसद**

प्रकृति और लोक उत्सव का महापर्व सोहराय, टुसू परब, बुरु मागे परब और मकर संक्रांति की आप सभी को अनेक-अनेक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**

# मुश्किल नहीं सालाना एक करोड़ रोजगार के अवसरों का सृजन

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

**अमेरिकी** बहुराष्ट्रीय निवेश बैंक और वित्तीय सेवा कंपनी 'गोल्डमैन सैक्स' की हालिया रिपोर्ट चुनौतीपूर्ण होने के साथ ही आर्थिक विकास की गति को बनाए रखने के लिए जरूरी भी हो जाती है। रिपोर्ट के अनुसार जीवीए यानी कि ग्रास वैल्यू एडिशन 6.5 प्रतिशत बनाए रखने के लिए 2025 से 2030 के दौरान सालाना एक करोड़ रोजगार के अवसर विकसित करना आवश्यक है। हालांकि जिस तरह से देश की अर्थव्यवस्था उछाल भर रही है उस स्थिति में इस लक्ष्य को प्राप्त करना मुश्किल भी नहीं लगता है। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए हमें रोजगार के नित नए अवसर तो विकसित करने ही होंगे वहीं इस तरह की आर्थिक नीति तय करनी होगी जिससे देश में स्थानीय स्तर पर आय के साधन विकसित हो, आर्थिक गतिविधियां बढ़ें, मेट्रोपोलिटन सिटीज के स्थान पर छोटे शहरों-कस्बों में आर्थिक गतिविधियां बढ़ें। इसके लिए सरकार को रोडमैप बनाकर आगे बढ़ना होगा। विकास के केन्द्र को विकेन्द्रित करना होगा। बड़े शहरों की ओर पलायन को रोकते हुए नए आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र विकसित करना होगा। यह बात साफ हो जानी चाहिए कि एमएसएमई-मैन्यूफेक्चरिंग-विनिर्माण क्षेत्र ऐसा है जहां रोजगार के अवसर अधिक विकसित होते हैं। देश में एक करोड़ सालाना रोजगार के अवसर विकसित करने के लिए पहले से ही कार्ययोजना तैयार है। केवल इस कार्ययोजना को नए सिरे से अंजाम देने की आवश्यकता है। कोरोना के बाद चीन की विश्वसनीयता प्रभावित हुई है और उसके चलते दुनिया के देश भारत की और आशा की नजर से देख रहे हैं। यही कारण है कि एक और मल्टीनेशनल कंपनियां भारत की और रुख कर रही हैं तो दूसरी और जिस तरह से देश में आधारभूत ढांचे का विकास हो रहा है उससे आर्थिक विकास को गति मिली है। वाजपेयी सरकार के समय स्वर्ण चतुर्भुज योजना

## रोजगार

बनी और गडकरी के नेतृत्व में हाई-वे, एक्सप्रेस हाई-वे आदि बनकर तैयार हो रहे हैं उससे आवागमन आसान हआ है। इससे आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिली है।

रियल एस्टेट सेक्टर ऐसा सेक्टर है जहां 80 प्रतिशत तक रोजगार उपलब्ध हो रहे हैं। अब सरकार को रियल स्टेट को मेट्रोपोलिटन शहरों से छोटे शहरों-कस्बों की और शिफ्ट करने पर ध्यान देना होगा जिससे बड़े शहरों पर दबाव कम होगा। इसी तरह से बेंगलुरु को आईटी का केन्द्र बनाने या गुरुग्राम या नोएडा या गेटर नोएडा या अन्य इसी तरह के देश के विभिन्न हिस्सों में केन्द्र विकसित होने से इन स्थानों पर अत्यधिक दबाव बढ़ा है और उसके परिणाम सामने आने लगे हैं। ऐसे में टियर 2 व टियर 3 के शहर कस्बों में आईटी हब विकसित करने, इनके आसपास के क्षेत्रों में छोटे औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने, इन स्थानों पर जीसीसी यानी कि ग्लोबल कैपेसिटी सेंटर विकसित करने के आवश्यकता है। लघु उद्योगों के विकास और उनके निर्यात को बढ़ाना होगा। मोदी सरकार द्वारा वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और छोटे उद्योगों को प्रोडक्शन लिंक्ड योजना के तहत प्रोत्साहन से निश्चित रूप से औद्योगिक विकास और रोजगार के अवसर विकसित हुए हैं। आज भी कपड़ा, जूते, खिलौने, खाद्य सामग्री और इसी तरह के बहुत से क्षेत्र ऐसे हैं जहां सरकार ध्यान भी दे रही है तो दूसरी और विकास और रोजगार के अवसर विकसित हो रहे हैं।

वैसे देखा जाए तो पिछले बीस साल में 19 करोड़ 60 लाख नए रोजगार के अवसर विकसित हुए हैं। इसमें भी गत एक दशक में अधिक तेजी आई हैं। कोरोना के बाद से परिस्थितियों में तेजी से बदलाव आया है तो वैश्विक सिनेरियो भी भारत के पक्ष में साफ दिखाई दे रहा है। दुनिया के देश खास तौर से रूस-यूक्रेन, इजराइल-हमास-ईरान आदि आपस में जूझ रहे हैं तो यूरोपीय देश, अमेरिका आदि अपनी अपनी समस्याओं से जूझ रहे है। ऐसे में भारत के पास राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर अवसर सामने आ रहे हैं। एक बात साफ हो जानी चाहिए कि सख्त फैसले लेने वाली सरकार आज की आवश्यकता है और अमेरिका के हालिया चुनाव नतीजे इसे साफ करते हैं।

एक सकारात्मकता यह भी है कि देश में आज युवा पीढ़ी का वर्चस्व है और ऐसे में प्रोडक्टिविटी बढ़ाना और बढ़ना दोनों ही सहज हो जाता है। सरकार को इस तरह की नीतियां बनानी होगी ताकि आधारभूत सुविधाओं का विकेन्द्रीत विस्तार हो और रोजगारपरक गतिविधियां आसान हों। साथ ही निर्यात को और अधिक आसान बनाना होगा। ऐसे में विकास या आर्थिक गतिविधियां केन्द्रीकृत ना होकर के विकेन्द्रीत होगी और स्थानीय स्तर पर अधिक रोजगार के अवसर व कौशल विकास संभव हो पाएगा।

# परिणामों पर प्रयास को प्राथमिकता देना योग्यता के सिद्धांत को चुनौती

**-डॉ सत्यवान सौरभ**

सफलता सार्वजनिक उत्सव होती है, जबकि असफलता व्यक्तिगत विपत्ति। सफलता में लोग साथ होते हैं, जबकि असफलता में लोग साथ छोड़ देते हैं। हालांकि, असफलता से सीखने और बढ़ने का मौका मिलता है। सफलता सार्वजनिक उत्सव है जबकि असफलता व्यक्तिगत शोक एकदम सत्य लिखा है। दो ऐसे शब्द जो हर व्यक्ति के जीवन में बहुत मायने रखते हैं। पहला शब्द सफलता जिसको हर कोई प्राप्त करना चाहता है जबकि दूसरा शब्द असफलता जिससे हर व्यक्ति दूर रहना चाहता है। सफलता जब प्राप्त होती है तो घर-परिवार सब खुश होता है लेकिन असफलता का सामना आपको अकेले करना पड़ता है। अगर आप सफल हो गए तो समाज में आपकी इज्जत होगी, लोगों का आपके साथ व्यवहार परिवर्तित हो जायेगा लेकिन असफल रहने पर आपको बेरोजगार, ठलुआ जैसी संज्ञा मिलेगी। यह भी मायने रखता है कि आपने सफलता प्राप्त करने के लिए कितना प्रयत्न किया? यदि आपने पूरे समर्पण भाव से मेहनत की है फिर भी आप अपने मनपसंद क्षेत्र में सफल नहीं हुए तो ये मान लीजिए कि आपने अपने सपने को पूरा करने के लिए जो ज्ञानार्जन किया है वह आपके भावी जीवन में बहुत काम आने वाला है। वही ज्ञान किसी अन्य क्षेत्र में आपके भविष्य निर्माण में सहायक हो सकता है।

परिणाम संचालित समाज में प्रयास अक्सर परिणामों के पीछे चला जाता है। परिणामों पर प्रयास को प्राथमिकता देना योग्यता के सिद्धांत को चुनौती देता है। खेलों में प्रयास दृढ़ता, अनुशासन और निष्पक्षता को दशार्ता है, जो प्रदर्शन पर प्रक्रिया पर जोर देता है। यह दृष्टिकोण मानसिक लचीलापन और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देता है जबकि डोपिंग और मैच फिक्सिंग जैसी अनैतिक प्रथाओं के दबाव को कम करता है। नैतिक मूल्यांकन को मापने योग्य परिणामों

## मोटिवेशन

के साथ प्रयास के आंतरिक मूल्य को संतुलित करना चाहिए। मापे जाने वाले परिणामों के प्रति जुनून, समाज मात्रात्मक सफलता को प्राथमिकता देता है, अक्सर प्रयास के आंतरिक मूल्य और यात्रा में दृढ़ता को अनदेखा करता है। माता-पिता बच्चे के परीक्षा अंकों की प्रशंसा करते हैं लेकिन शायद ही कभी अध्ययन या अवधारणाओं को समझने में बिताए गए समय को स्वीकार करते हैं। परिणामों पर लगातार ध्यान केंद्रित करने से अनावश्यक दबाव बनता है, जिससे तनाव होता है और सुधार या सीखने के लिए आंतरिक प्रेरणा कम हो जाती है।

रिकॉर्ड तोड़ने के दबाव का सामना करने वाले एथलीट के कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय डोपिंग का सहारा लेने का खतरा रहता है। परिणामों पर जोर देने से क्रमिक शिक्षा और सुधार का महत्व कम हो जाता है, जिससे सफलता अस्थिर हो जाती है। ऋषभ पंत जैसे क्रिकेटर, जिनकी शुरूआत में अस्थिर प्रदर्शन के लिए आलोचना की गई थी, उन्होंने समय के साथ लगातार सुधार करके सम्मान प्राप्त किया। परिणाम-उन्मुख मानसिकता शॉर्टकट या अनैतिक प्रथाओं को बढ़ावा देती है, जिससे निष्पक्षता और खेल भावना खत्म हो जाती है। बॉल-टैम्परिंग जैसे मामले ईमानदारी पर जीत को प्राथमिकता देने की मानसिकता को दशार्ते हैं। समाज विजेताओं का महिमामंडन करता है लेकिन प्रतिभागियों के प्रयासों की उपेक्षा करता है, जिससे खेलों की समावेशिता और एकीकृत भावना कमजोर होती है। कम प्रसिद्ध ओलंपियन जो सर्वश्रेष्ठ देते हैं लेकिन पदक जीतने में विफल रहते हैं, उन्हें स्वर्ण पदक विजेताओं की तुलना में कम मान्यता मिलती है।

निष्पक्षता और समावेशिता को बढ़ावा देना, प्रयास को महत्व देना सुनिश्चित करता है कि सभी प्रतिभागियों को मान्यता प्राप्त हो, एक समावेशी और सहायक वातावरण को बढ़ावा मिले। पैरालिंपिक खेल दृढ़ता और प्रयास को उजागर करते हैं, पदकों पर भागीदारी पर जोर देते हैं। प्रयास को प्राथमिकता देने से व्यक्तियों को दृढ़ता, विनम्रता और भावनात्मक शक्ति का निर्माण करने में मदद मिलती है, जो व्यक्तिगत विकास के लिए महत्त्वपूर्ण है। नीरज चोपड़ा की विनम्रता और प्रतियोगियों के प्रति सम्मान सिर्फ उनके भाला फेंक रिकॉर्ड से कहीं ज्यादा मनाया जाता है। प्रयास पर ध्यान केंद्रित करने से कौशल वृद्धि और निरंतरता को बढ़ावा मिलता है, जिससे खेलों में स्थायी उपलब्धियाँ मिलती हैं। विराट कोहली की अनुशासित प्रशिक्षण दिनचर्या स्थायी सफलता प्राप्त करने में प्रयास के महत्त्व को दशार्ती है। परिणामों से ज्यादा प्रयास को महत्त्व देने से नैतिक व्यवहार और नियमों के प्रति सम्मान को बढ़ावा मिलता है, जिससे खेलों में निष्पक्षता सुनिश्चित होती है।

उदाहरण के लिए सचिन तेंदुलकर का स्लेजिंग में शामिल होने से इनकार करना क्रिकेट में अल्पकालिक लाभ की तुलना में नैतिकता को उजागर करता है। प्रयास को स्वीकार करने से सहानुभूति, सहयोग और एकता जैसे मूल्य पैदा होते हैं, जो एक परिपक्व और नैतिक समाज में योगदान करते हैं। 2019 क्रिकेट विश्व कप सेमीफाइनल में भारत के प्रयासों का जश्न मनाने वाले प्रशंसकों ने परिणामों से ज्यादा प्रयास की सराहना करने की ओर एक बदलाव दिखाया। परिणामों से ज्यादा प्रयास को महत्त्व देने से नैतिक सिद्धांतों को बढ़ावा मिलता है, खेलों में निष्पक्षता और समावेशिता की संस्कृति का पोषण होता है। यह दीर्घकालिक चरित्र निर्माण को बढ़ावा देता है और अनैतिक शॉर्टकट को रोकता है। हालांकि, एक सूक्ष्म दृष्टिकोण महत्त्वपूर्ण है, जो यह सुनिश्चित करता है कि प्रयास कौशल विकास और प्रदर्शन लक्ष्यों के साथ संरेखित हों, ताकि प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बनाए रखा जा सके और साथ ही खेल कौशल और अखंडता को बढ़ावा दिया जा सके।

## स्पीड न्यूज

### टुकटुक फैमिली रेस्टोरेंट का मोतीलाल चौधरी ने किया उद्घाटन

**बरही।** बरसोत नगर में टुकटुक फैमिली रेस्टोरेंट का उद्घाटन भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर और बरसोत पंचायत के मुखिया मोतीलाल चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन के अवसर पर दोनों ने संस्थान को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। रेस्टोरेंट की स्थापना पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने इसके संचालक सूरज चंद्र शर्मा को शुभकामनाएं दीं और बेहतर सेवा देने का अनुरोध किया। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने कहा कि यह रेस्टोरेंट क्षेत्रवासियों के लिए एक उत्कृष्ट सेवा केंद्र साबित होगा।

### प्रवासी मजदूरों और असंगठित श्रमिकों के हित में कार्यशाला का आयोजन

**इचाक।** प्रखंड सभागार में शनिवार को प्रवासी मजदूर अधिनियम, असंगठित श्रमिक और भवन निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों को उनकी सुरक्षा, अधिकारों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। श्रम अधीक्षक अनिल कुमार रंजन ने कार्यशाला में प्रवासी मजदूर अधिनियम 1979 की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जो मजदूर रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों या देशों में जाते हैं, उन्हें २ँ१ॅल्लि.ॅ१ ॅल्लि.ङ्म५.ल्ल पोर्टल पर पंजीकरण करवाना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने आगाह किया कि मजदूर किसी भी बिचौलिए के झांसे में न आएं। अनिल रंजन ने बताया कि यदि किसी पंजीकृत प्रवासी मजदूर की दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है तो उनके आश्रितों को 2 लाख रुपये तक की सहायता राशि दी जाएगी, जबकि अनपंजीकृत मजदूरों के लिए यह राशि 1.5 लाख रुपये है। सामान्य मृत्यु की स्थिति में मृतक के पार्थिव शरीर को पैतृक गांव पहुंचाने के लिए 50,000 रुपये की सहायता राशि दी जाती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत मजदूरों के लिए सरकार ने 5 लाख रुपये तक की सहायता राशि का प्रावधान रखा है, यदि उनकी दुर्घटना में मृत्यु होती है। पंजीकरण प्रक्रिया पूरी तरह नि:शुल्क है। कार्यशाला में असंगठित मजदूरों के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर भी प्रकाश डाला गया। पंजीकृत श्रमिकों को औजार खरीदने के लिए 5,000 रुपये की सहायता दी जाती है। महिला श्रमिकों को दो प्रसव के लिए 15,000 रुपये प्रदान किए जाते हैं। 18-45 वर्ष आयु वर्ग के मजदूर साइकिल खरीदने के लिए भी सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

### कांग्रेस पार्टी ने किया संविधान सभा कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**पदमा।** प्रखंड के रोमी पंचायत भवन प्रांगण में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निदेर्शानुसार संविधान सभा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार मेहता ने की, जबकि संचालन गौतम चंद्रवंशी ने प्रभावी ढंग से किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संविधान की महत्ता को जन-जन तक पहुंचाना और इसके निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन व योगदान को रेखांकित करना था। वक्ताओं ने संविधान के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और बाबा साहेब के संघर्षों और उनके विचारों को विस्तार से बताया। उनकी दूरदर्शिता और देश के लोकतांत्रिक ढांचे को सुदृढ़ करने में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि 20 जनवरी, सोमवार को 'बाबा भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च' का आयोजन किया जाएगा। यह मार्च विधानसभा स्तरीय होगा और बरही के भामाशाह स्कूल से शुरू होकर बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तक पहुंचेगा।

### साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में जरूरतमंदों को कराया चाय-नाश्ता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा गरीब समाजसेवी संघ द्वारा रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में गरीब-जरूरतमंदों को चाय-नास्ता कराया गया। इास दौरान दुर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से भुरकुंडा बाजार में दातुन-पत्तल आने वाले गरीबों के बीच नास्ता का पैकेट देते हुए समाजसेवी पप्पू सिंह ने कहा कि संघ के लोगों द्वारा पिछले तीन वर्षों से प्रत्येक सप्ताह साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में गरीबों के बीच सेवा दिया जाता है, जो की काफी सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। ऐसे नेक कार्यों में सबों को सहयोग करना चाहिए। श्री सिंह ने कहा की क्षेत्र के जरूरतमंदो को चिन्हित कर संघ द्वारा गरीबों की सेवा की जायेगी।

### भाजपा कार्यकताओं ने मन की बात कार्यक्रम सुनी

**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट वार्ड नंबर 6 के बूथ अध्यक्षों द्वारा मन की बात कार्यक्रम का आयोजन रविवार को ब्लॉक चौक स्थित ओम मार्केट परिसर में किया गया। मन की बात कार्यक्रम का 118 वीं कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से अपने विचार साझा करते हुए माहकुंभ के अद्भुत आयोजन का उल्लेख किया। अंतरिक्ष में हमारे वैज्ञानिकों की उपलब्धियों का जिक्र किया। प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को होने वाली मन कि बात कार्यक्रम इस बार गणतंत्र दिवस होने के कारण तीसरे रविवार को हुई। उपस्थित बूथ अध्यक्ष ने नमो ऐप के माध्यम से मन की बात कार्यक्रम को अपने अपने मोबाइल पर सुना। कार्यक्रम में भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुरजीत सिंह छाबड़ा, वार्ड प्रभारी अजीत गुप्ता, संजय श्रीवास्तव ,जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, वार्ड संयोजक अरविन्द सिंह, नगर मंत्री अभिषेक चौधरी, मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा, ईश्वर पासवान, वशिष्ठ सिंह की उपस्थिति रही।

### बाल विद्या मंदिर में 10वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह

**कुजू।** बाल विद्या मंदिर, आरा में 10वीं वर्ग के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय अध्यक्ष रति महतो एवं सदस्य वाहिद अंसारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर प्राचार्य रंजीत सिंह ने कहा कि हमें उन लोगों को भी अलविदा कहना पड़ता है, जिनकी हम परवाह करते हैं। साथ ही, बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मैट्रिक परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह पल भावुक करने वाला पल है। लेकिन विद्यार्थियों के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम है। मंच संचालन कर रही शिक्षक पुष्पिता कुमारी ने कहा कि अलविदा समारोह बच्चों के नए अध्याय के लिए आवश्यक है।

# जल, जंगल और जमीन में बसती है आदिवासियों की जान: शिक्षा मंत्री

खबर मन्त्र संवाददाता



सोहराय मिलन समारोह में शिक्षा मंत्री, पूर्व विधायक, झामुमो जिला अध्यक्ष को चादर से सम्मानित करते आदिवासी समाज।

**बरकट्ठा।** भारत जगत मांझी परगना महल के तत्वावधान में प्रखंड मैदान में सोहराय मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता रामजी बेसरा और संचालन मनोज मुर्मू ने किया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, झामुमो नेता संजीव वेदिया उपस्थित थे। सोहराय मिलन समारोह में भारत जगत मांझी परगना महल के सदस्यों ने शिक्षा मंत्री और पूर्व विधायक जानकी यादव, संजीव बेदिया को चादर देकर सम्मानित किया। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि आदिवासी परिवार का इतिहास जल, जंगल, जमीन में जान बसती है। इसकी सुरक्षा के लिए जंगल में बसते हैं। जल, जंगल, जमीन की लड़ाई अंग्रेजों से भी आदिवासी समुदाय लड़ा है। झारखंड में आदिवासियों के झारखंडी संस्कृति को देखने विदेश से भी आते हैं। देश में भी झारखंडी संस्कृति की झलक लोग देखना चाहते हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि देश की आजादी का पर्व गणतंत्र और स्वतंत्रता दिवस में शामिल हों। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता के लिए सरकार काम कर रही है। आदिवासी परिवार भी शिक्षा का ज्ञान लेकर आगे बढ़े और राज्य का निर्माण करेंगे। राज्य लोग पूर्ण शिक्षित होंगे तभी राज्य का सर्वांगीण विकास होगा। हेमंत सरकार सभी क्षेत्र में विकास के लिए सरकार धरातल पर उतर चुकी है। मंइयां सम्मान योजना का महिलाओं के साथ किये गए वादे को सरकार पूरी कर रही है। पूरे आदिवासी, मूलवासी मिलकर सरकार को मजबूत बनाया है तो राज्य भी मजबूत होगा। उन्होंने बिरसा मुंडा, चांद भैरव की चर्चा की। शिक्षा मंत्री ने सोहराय के इतिहास को भी बताया। पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि हेमंत सोरेन की दूसरी बार के सरकार के बरकट्ठा में पहली बार शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन आयी है। झारखंड में गरीब, मजलूमों की सरकार बनी है। हेमंत सोरेन ने मंइयां सम्मान योजना लाकर महिलाओं को सम्मान दिया है। इस योजना का पूरे देश में हेमंत मॉडल लागू होगा। उन्होंने कहा शिक्षा मंत्री ने डिग्री कॉलेज बरकट्ठा में पठन पाठन शुरू कराया। गोहाल में भी पोलटेक्निक इंजीनियरिंग कॉलेज को शुरू कराया। उन्होंने जयनगर में डिग्री कॉलेज स्थापना की बात शिक्षा मंत्री से की। सूर्यकुंड का अपेक्षित विकास करने की मांग की।

**सोहराय कार्यक्रम में ये थे मौजूद :** झामुमो जिला संयोजक मंडली अध्यक्ष संजीव बेदिया, बरही एसडीओ जोहन टुड्ढ, झामुमो नेता आरके मेहता, वासुदेव महतो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कुदुश अंसारी, झारखंड आंदोलकारी धीरेंद्र पांडेय, जिला मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत मेहता, यासीन खान, कलीम खान, झारखंड प्रदेश प्रणेत गोड़ोत मौजूद थे।

## पुलिस ने व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में चोरी करते चोर को पकड़ा, पुलिस अधीक्षक ने दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता



जानकारी देते

**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने रविवार को प्रेस वार्ता को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने बताया कि 18 जनवरी को उन्हें माननीय न्यायालय रामगढ़ के कर्मी से सूचना मिली कि रामगढ़ थाना अंतर्गत व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के पास कुछ चोर न्यायालय परिसर में पैनल बोर्ड में लगे तार की चोरी करने के लिए घुसे हुए हैं। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए व्यावहार न्यायालय रामगढ़ में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी पुनि अजय कुमार एवं आरक्षियों को त्वरित कार्रवाई करते हुए चोर को पकड़ने तथा समानों की बरामदगी करने का निर्देश दिया गया। मा०न्या० में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी / कर्मियों द्वारा कोर्ट परिसर में एक व्यक्ति को संदिग्ध हालात में देखा गया। पुलिस को देखते ही संदिग्ध व्यक्ति दौड़कर भागने का प्रयास किया परंतु पुलिस बल द्वारा दौड़ाकर न्यायालय कर्मियों के सहयोग से उसे पकड़ लिया गया। पकड़ो गए व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम हामिद खान, पिता मंजूर खान, ग्राम 12 नं0 चौक, घाटो, थाना मांडू (वे०बो०), जिला रामगढ़ बताया। पकड़े गए चोर की निशानदेही पर 11 तांबे का ब्रैकेट (जो पैनल बोर्ड में लगा हुआ था), 02 रिंच, 20 नट बोल्ट बरामद किया गया। इस संदर्भ में रामगढ़ थाना कांड सं0-22/2025, दिनांक-18.01.2025, धारा-303 (2)/317 (4) ठछै 2023 अंतर्गत काण्ड दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

### गिरफ्तार व्यक्ति का नाम-पता

1. हामिद खान, पिता मंजूर खान, ग्राम 12 नं0 चौक, घाटो, थाना माण्डू (वे0बो0), जिला रामगढ़।

बरामद समानों का विवरण:

1. 11 तांबे का ब्रैकेट (जो पैनल बोर्ड में लगा हुआ था)
2. 2 रिंच,
3. 20 नट बोल्ट

छापामारी दल में पुनि अजय कुमार, सीसीआर सह कोर्ट सुरक्षा प्रभारी, रामगढ, मा0न्या0 में प्रतिनियुक्त पुलिस बल, मा0न्या0 के कर्मी लाखेश्वर मानकी, मा0न्या0 के कर्मी चंदन कुमार, मा0न्या0 के कर्मी नवीन कुमार नाग शामिल थे।

### 150 गरीब-जरूरतमंदों को कराया गया भोजन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सामाजिक संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दुर-दराज ग्रामीण क्षेत्रो से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले लगभग 150 गरीबों को भोजन कराया। मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने गरीब-जरूरतमंद महिला-पुरूष और बच्चों के बीच पुरी-सब्जी का वितरण करते हुए इसे सबसे बड़ा पूण्य का कार्य बताया। डब्लू सिंह ने कहा की गरीबों की सेवा ही मंच का उद्देश्य है जो निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि जन सहयोग के माध्यम से पिछले 9 वर्षो से मंच द्वारा गरीबो को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। अध्यक्ष श्री सिंह ने गरीबों की सेवा में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करने की भी अपील की।

### द ग्लिटर्स पार्लर का अमरेश गणक ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**रामगढ़।** थाना चौक स्थित गणक मैरिज हाल के सभागार में द ग्लिटर्स पार्लर का अमरेश गणक, सुरेश गणक, सुमन गणक,भूपेश गणक सोनल गणक स्वीटी गणक ने संयुक्त रूप से विधि-विधान के पूजा कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर पार्लर के प्रोपराइटर सुरेश गणक ने कहा कि यहां महिलाओं के लिए पार्लर का उद्घाटन किया गया है। इस पार्लर में हेयर मेकअप स्पा हेयर कटिंग ऑल टाइप मेकअप आदि किया जाएगा। मौके पर अमित कुमार सिन्हा, गंगाधर पांडे रेनू पांडे शिल्पी गणक प्रदीप कुमार शर्मा दिनेश प्रसाद कुशवाहा चिंता देवी सहित कई महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

## पैसे के लेनदेन को लेकर लेकर पूर्णिया के व्यक्ति का हुआ था अपहरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने रविवार को प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि 18 जनवरी को उनको गुप्त सूचना मिली कि रामगढ़ थाना अंतर्गत सिद्धू कान्हू फुटबॉल ग्राउंड के पीछे स्थित कुलदीप साव के मकान में किसी व्यक्ति को अपहरण कर छुपा कर रखा गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सूचना के बाद उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। गठित टीम द्वारा बिना विलम्ब किये कुलदीप साव के मकान की घेरा बंदी कर छापामारी किया गया तो मकान के नीचे पार्किंग में काले रंग के स्कार्पियों के पास दो युवक खडे दिखाई दिये। उसमें से एक युवक पुलिस को देखते ही दौड़कर भागने लगा तत्पश्चात भाग रहे युवक को पुलिस टीम के द्वारा पीछाकर पकड़ा गया तथा दूसरे युवक को स्कार्पियों के पास ही पकड़ लिया गया। बताया कि इसी क्रम में कमरे की खिड़की से अपहत व्यक्ति द्वारा पुलिस को देख कर चिल्लाते हुए आवाज लगाया कि सर मुझे बचा लीजिए हमको ये दोनों लोग इस रूम में किडनैप कर बंद किये हुए हैं। हमको जान से मार देंगें। इसके बाद पकड़े गये दोनों युवको से रूम की चाभी मांग कर दरवाजा को खोलकर अपहत व्यक्ति को कमरे से सकुशल बरामद किया गया।

### सांसद मनीष जायसवाल की बेमिसाल उपलब्धि, पत्रकारों के समक्ष गिनायी उपलब्धियां

# शत-प्रतिशत उपस्थिति, 72 सवाल और 7 बार सदन में मुखरता

खबर मन्त्र संवाददाता



जानकारी देते सांसद मनीष जायसवाल

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने संसद के पहले तीन सत्रों में शानदार प्रदर्शन करते हुए न केवल अपनी 100% उपस्थिति दर्ज कराई, बल्कि जनहित और देशहित से जुड़े 72 सवाल भी उठाए। इसके अलावा, उन्हें 7 बार लोकसभा में विभिन्न मुद्दों पर बोलने का अवसर मिला। रविवार को हजारीबाग शहर के होटल निमंत्रण पैलेस में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने अपनी उपलब्धियों और आगामी योजनाओं की जानकारी दी। सांसद मनीष जायसवाल ने अपने पहले तीन सत्रों में कुल 44 कार्यदिवसों में शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराई। इन सत्रों में उन्होंने झारखंड के ज्वलंत मुद्दों जैसे हजारीबाग को प्रमुख शहरों से रेलवे के माध्यम से जोड़ने, बांग्लादेशी घुसपैठ, शिक्षा नीति में सुधार, और हजारीबाग में एम्स और कैंसर अस्पताल की स्थापना पर जोर दिया। उन्होंने क्षेत्रीय विकास, सड़कों की स्थिति सुधारने और ब्लैक स्पॉट्स को खत्म करने जैसे विषयों को भी उठाया।

**महत्वपूर्ण मुद्दे और सवाल :** सांसद ने अपने पहले सत्र में शपथ ग्रहण के साथ हजारीबाग क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी। मानसून सत्र में उन्होंने रेलवे कनेक्टिविटी, शिक्षा नीति, और स्थानीय समस्याओं पर 26 सवाल पूछे। शीतकालीन सत्र में 37 सवालों के साथ उन्होंने आलू की कीमतों, हवाई अड्डे की मांग और सड़क सुरक्षा पर जोर दिया।

उन्होंने सदन में बहस के दौरान इतिहास को लेकर कांग्रेस पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी और भगत सिंह जैसे महान व्यक्तित्वों को उनके सही सम्मान से वंचित किया गया है।

**सड़क और परिवहन पर जोर :** सांसद ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर हजारीबाग की सड़कों की स्थिति सुधारने की मांग की। उन्होंने फोरलेन सड़क निर्माण, रिंग रोड प्रोजेक्ट और ब्लैक स्पॉट्स को सुधारने पर काम तेज करने का आग्रह किया। चौपारण-बरकट्ठा पुल के निर्माण में देरी का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया।

**खेल महोत्सव: नमो फुटबॉल टूनार्मेंट :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव-2024 के तहत नमो फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। इसमें 20 मंडलों की 883 टीमों के 13,245 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस महोत्सव में खिलाड़ियों को जर्सी, ट्रॉफी और पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

**आगामी योजनाएं :** सांसद ने आने वाले दिनों में कई विकास परियोजनाओं की घोषणा की। इनमें रामगढ़ में सांसद सेवा कार्यालय खोलना, 101 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह, दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए उपकरण वितरण, सोलर स्ट्रीट लाइट्स का इंस्टालेशन और रोजगार के नए अवसर सृजित करना शामिल है।

**समाजसेवा में अग्रणी भूमिका :** सांसद मनीष जायसवाल ने ठंड के दौरान गरीबों के बीच कंबल वितरण और लोकसभा क्षेत्र में चिकित्सा, बिजली और पानी की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि वह जनसेवा और क्षेत्रीय विकास के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

**प्रमुख समितियों में सक्रियता :** मनीष जायसवाल प्राक्कलन समिति, कोल एवं माइंस की सलाहकार समिति और उपभोक्ता मामलों की समिति के सदस्य हैं। इन समितियों में उन्होंने रेलवे, सोलर एनर्जी, बीएसएनएल की परफॉर्मेंस और कोयला कंपनियों से जुड़े मुद्दों को उठाया। प्रेस वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, सांसद के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी समेत कई गणमान्य नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर में

### हजारीबाग में गुंडागर्दी: दो दुकानों में तोड़फोड़, चार घायल, 10 लाख का नुकसान

**हजारीबाग।** के मार्खम कॉलेज रोड पर शनिवार को उपद्रवियों ने आतंक मचाते हुए दो प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ और मारपीट की घटनाओं को अंजाम दिया। इस हमले में चार लोग घायल हुए हैं, जिनमें से दो गंभीर रूप से घायल हैं। घटना के बाद घायलों को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में पीड़ित परिवार ने स्थानीय युवक रवि पांडे पर आरोप लगाया है। पीड़ितों का कहना है कि रवि पांडे ने रंगदारी वसूलने के इरादे से दुकान में घुसकर तोड़फोड़ की। इसके बाद जब उसे रोकने की कोशिश की गई, तो उसने लोहे के एंगल से हमला कर दिया। प्रतिष्ठान संचालक पंकज गुप्ता ने बताया कि रवि पांडे ने अचानक दुकान में घुसकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। जब उन्होंने विरोध किया तो उन पर लोहे के एंगल से हमला कर दिया गया, जिससे उन्हें जान बचाकर भागना पड़ा। इस हमले में उनकी दुकान को करीब 8 लाख रुपए का नुकसान हुआ। एक अन्य दुकानदार सुनील कुमार ने बताया कि उनकी दुकान को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इस घटना में उनके बेटे का हाथ टूट गया और खुद भी गंभीर चोटें आईं। सुनील कुमार के अनुसार, उनकी दुकान में करीब 2 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। दोनों पीड़ितों ने घटना की सूचना बड़ा बाजार थाना को दी है। हालांकि, अब तक पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में गुंडागर्दी और रंगदारी वसूली की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इस घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। दुकानदारों और स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की है, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। फिलहाल, घायलों का इलाज अस्पताल में जारी है, और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आदिवासी संस्कृति भारतीय धरोहर का अमूल्य हिस्सा: मुन्ना

**हजारीबाग।** हजारीबाग में रविवार को आयोजित चंपा दिशोम सोहराय महोत्सव 2025 ने आदिवासी समाज की गौरवशाली संस्कृति और परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन किया। यह महोत्सव न केवल उनकी सांस्कृतिक धरोहर का उत्सव बना, बल्कि समुदाय की एकता और पहचान को भी सशक्त करने का प्रतीक रहा। इस भव्य आयोजन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर इसकी गरिमा बढ़ाई। उनके साथ राज्य मंत्री फागु बेसरा, मंत्री चमरा लिंडा, और अन्य विशिष्ट अतिथियों ने मंच साझा किया। इस मौके पर मुन्ना सिंह ने कहा, आदिवासी समाज की संस्कृति भारतीय धरोहर का अमूल्य हिस्सा है। इसे संरक्षित करना और अगली पीढ़ी को इसके महत्व से अवगत कराना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। महोत्सव का आयोजन ऑल इंडिया संथाल स्टूडेंट यूनियन (झारखंड), केंद्रीय सरना समिति, और आदिवासी को-ऑर्डिनेशन कमेटी के सहयोग से किया गया। इसका उद्देश्य आदिवासी संस्कृति और परंपराओं को सहेजना और नई पीढ़ी के बीच उनकी अहमियत को बढ़ावा देना था। महोत्सव के दौरान पारंपरिक आदिवासी नृत्य, लोकगीत और कला के विभिन्न रूपों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने न केवल अद्वितीय अनुभव प्रदान किया, बल्कि आदिवासी धरोहर की अनमोल झलक भी पेश की। मुन्ना सिंह ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा, इस प्रकार के महोत्सव न केवल आदिवासी समाज को एकजुट करते हैं, बल्कि उनकी परंपराओं को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। इस आयोजन ने न सिर्फ समुदाय के भीतर आत्मगौरव को प्रोत्साहित किया, बल्कि व्यापक समाज को भी आदिवासी संस्कृति की गहराई और सुंदरता से रूबरू कराया।

### कोयला खदान संघर्ष समिति ट्रेड मजदूर यूनियन की बैठक सम्पन्न

**बड़कागांव।** कोयला खदान संघर्ष समिति ट्रेड मजदूर यूनियन की आम बैठक रविवार को लंगातु मैदान, बड़कागांव में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन अध्यक्ष शिव कुमार ओझा ने की, जबकि संगठन के महामंत्री ओमकार शर्मा ने महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पिछले 9-10 महीनों से यूनियन द्वारा एनटीपीसी और उसकी एमडीओ कंपनियों- त्रिवेणी सैनिक (पकरी बरवाडीह), ऋत्विक एएमआर (चट्टी बरियातु), और बीजीआर (केरेडारी) को खनन सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर 6 बार पत्र लिखे गए, जिनमें कुल 27 सवालों के लिखित जवाब मांगे गए थे। लेकिन, इन कंपनियों ने अब तक कोई जवाब नहीं दिया है। महामंत्री ओमकार शर्मा ने कहा कि एनटीपीसी और उसकी एमडीओ कंपनियों की चुप्पी दशार्ती है कि वे डीजीएमएस (खान सुरक्षा महानिदेशालय) के मानकों को नजरअंदाज कर कोयला खनन कर रही हैं। यह गंभीर मुद्दा है, और अब यूनियन चुप नहीं बैठेगी। आगामी 26 जनवरी के बाद यूनियन प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर इन पत्रों और संबंधित दस्तावेजों को सार्वजनिक करेगी। इसके अलावा, यूनियन मुख्यमंत्री, राज्यपाल और डीजीएमएस को पत्र लिखकर इस मामले को उनके संज्ञान में लाएगी। बैठक के दौरान मजदूर यूनियन के नेताओं ने कहा कि कंपनियों की यह उदासीनता न केवल खनन क्षेत्र की सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि यह मजदूरों के अधिकारों का हनन भी है। यूनियन ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि कंपनियों का यही रवैया जारी रहा, तो वे बड़े आंदोलन की रणनीति अपनाने से पीछे नहीं हटेंगी। मीडिया प्रभारी संजय कुमार पासवान ने बताया कि मजदूरों के अधिकारों की रक्षा और खनन क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करना यूनियन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी और एमडीओ कंपनियों का जवाब न देना उनकी लापरवाही को उजागर करता है। यूनियन इस मामले को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उठाएगी। बैठक में अध्यक्षः शिव कुमार ओझा, उपाध्यक्षः मनोहर कुमार, मीडिया प्रभारीः संजय कुमार पासवान,केरेडारी प्रखंड अध्यक्षः विवेक कुमार, प्रमोद कुमार, जागेश्वर महतो, चेतलाल और कामेश्वर कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे। यह बैठक मजदूरों के बीच एकजुटता और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। अब देखना यह होगा कि प्रेस कॉन्फ्रेंस और आगे की कार्रवाई पर कंपनियां क्या प्रतिक्रिया देती हैं।

### विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कुमार क्लासेस पटेलनगर भुरकुण्डा में रविवार को 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मंच का संस्था के अंग्रेजी शिक्षक नितेश सिंह ने किया। समारोह में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर 10वीं के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। इस अवसर पर संस्था के निदेशक संतोष कुमार ने कहा कि लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी की जाये तो सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने विद्यार्थियों से भविष्य की चुनौतियों का सामना करने का संदेश देते हुए कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है। परिश्रम के बल पर हर मुकाम को पाया जा सकता है। निदेशक श्री कुमार ने कहा कि बच्चों को सफलता का मूल मंत्र देते हुए पेन-डायरी देकर विदाई दी। साथ ही मैट्रिक की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए आर्शीवचन भी दिया। संस्था के अंग्रेजी शिक्षक नितेश सिंह ने विद्यार्थियों को भविष्य की योजनाओं के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को जीवन में अनुशासन के महत्व की जानकारी देते हुए कई परामर्श भी दिए। श्री सिंह ने कह कि सफलता का कोई शॉटकट नहीं होता। इसके लिए सिर्फ और सिर्फ मेहनत करने की जरूरत होती है। इस अवसर पर बच्चों को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया गया।

### किसान मजदूर एकता दिवस पर सीटू और एआईकेएस ने निकाला संयुक्त मार्च

# एलएंडटी और इंफोसिस के चेयरमैन का पोस्टर जलाया

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** आजादी के बाद मजदूरों और किसानों के पहले हड़ताल की 43वीं वर्षगांठ पर सीटू और एआईकेएस के आह्वान पर किसान मजदूर एकता दिवस मनाते हुए पूर्णिमा टॉकीज परिसर से झंडा चौक तक मोदी सरकार की मजदूर, किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ संयुक्त मार्च निकाला, जहां 90 और 70 घंटे काम की वकालत करने वाले एलएंडटी और इंफोसिस के चेयरमैन एसएन सुब्रह्माण्यम और एनआर. नारायण मूर्ति का पोस्टर जलाकर मजदूर किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

वहीं सीटू के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश की अध्यक्षता में हुई नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि 43 साल पहले 19 जनवरी 1982 को मजदूरों और किसानों की मांगों को लेकर स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार देशव्यापी सफल आम हड़ताल हुआ था, इस दौरान शांतिपूर्ण प्रदर्शनों पर क्रूर पुलिस दमन और गोलीबारी में 10 लोग शहीद हो गए थे। केंद्र सरकार मजदूरों को गुलाम बनाने वाली लेबर कोड को लागू करने पर आमादा है, जो पिछले



चार वर्षों से ट्रेड यूनियनों के प्रतिरोध के कारण रुका हुआ है। मोदी सरकार के सह पर कानून की अवहेलना करते हुए श्रमिकों से 70 घंटे से 90 घंटे काम मांगने का दुस्साहस कॉर्पोरेट्स कर रहे हैं। इन्हें इतिहास मालूम होना चाहिए कि मजदूरों के लम्बे संघर्षों और कुर्बानियों के बदौलत 8 घंटे का काम तय हुआ है। ट्रेड यूनियनों की मांग है कि सप्ताह में 5 दिन और 35 घंटे का काम श्रमिकों से लिया जाए।

वहीं सीटू राज्य कमिटी सदस्य और आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी ने कहा कि यह कैसी विडम्बना है कि कार्यावधि बढ़ाने के लिए चर्चा तो कर रहे हैं, लेकिन मजदूरों को न्यूनतम वेतन भुगतान के लिए कोई चर्चा नहीं है। जबकि योजना कर्मी लगातार मांग कर रहे हैं कि समान काम का समान वेतन दिया जाए। वहीं सीटू के जिला सचिव रमेश प्रजापति ने कहा कि किसानों ने तीन काले कृषि कानूनों के खिलाफ लाखों किसानों ने एक साल तक आंदोलन किया, जिसमें 750 से ज्यादा किसान शहीद हो गए। किसानों के लंबे संघर्ष के बाद काले कानून वापस लिए गए थे, लेकिन किसानों से किए गए वादे आज तक पूरे नहीं हुए हैं। दूसरी ओर कृषि क्षेत्र को पूरी तरह से अपने कॉरपोरेट मित्रों के हवाले करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा नई राष्ट्रीय कृषि विपणन नीति लाया जा रहा है, जिसका हर स्तर पर विरोध जारी है। उन्होंने बिजली का निजीकरण और स्मार्ट मीटर को आम आदमी का फांसी का फंदा बताया। कार्यक्रम में महेन्द्र तुरी, ग्यासुद्दीन अंसारी, भीखारी तुरी, शंभू पासवान, मो रफीक, मुश्ताक खान, अजय कुमार, सोनू रजक, रेखा रजक, बबीता देवी, रीना देवी, पूनम देवी, इच्छा कुमारी सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

## एक नजर में

### महिला चिकित्सक ने ऑपरेशन करने से किया इंकार, परिजनों ने किया हंगामा

**चतरा।** सदर अस्पताल की महिला चिकित्सक डॉ. सपना अग्रवाल ने एक प्रसव पीड़ा से जूझ रही महिला का ऑपरेशन करने से इंकार कर दिया, जिससे गुस्साए परिजनों ने अस्पताल में हंगामा कर दिया। घटना के अनुसार, जोड़ी निवासी रंजीत यादव ने बताया कि उनकी पत्नी प्रियंका यादव को शुक्रवार रात 12:30 बजे प्रसव पीड़ा शुरू हुई। उन्हें लेकर वे सदर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉ. सपना ने उनकी पत्नी को भर्ती किया और सुबह ऑपरेशन करने की बात कही। हालांकि, जब वे सुबह ऑपरेशन के लिए पहुंचे तो डॉ. सपना ने ऑपरेशन करने से इंकार कर दिया और कहा कि ओटी में असिस्टेंट नहीं हैं। इसके साथ ही उन्होंने मरीज को अपने निजी क्लीनिक में जाने की सलाह दी। परिजनों ने सदर अस्पताल में ही ऑपरेशन करने की विनती की, लेकिन डॉ. सपना और उनके पति डॉ. प्रवीण कुमार (जो एनेस्थीसिया देते हैं) ने परिजनों को जमकर फटकार लगाई। जब मामला बढ़ा, तो सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार और डीएस डॉ. मनीष सर भी मौके पर पहुंचे। इसके बाद भी डॉ. सपना और डॉ. प्रवीण ने ऑपरेशन करने से इंकार किया, जिसके बाद सिविल सर्जन ने डीएस डॉ. मनीष लाल को महिला का ऑपरेशन करने का आदेश दिया। डॉ. मनीष लाल ने बताया कि यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है, क्योंकि सदर अस्पताल में सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हैं और स्टाफ ऑपरेशन के लिए पूरी तरह से प्रशिक्षित हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. सपना और डॉ. प्रवीण ने कई ऑपरेशन किए हैं, जिनमें कुछ मरीजों की मौत भी हो चुकी है। परिजनों और अस्पताल अधिकारियों का कहना है कि इस प्रकार की लापरवाही से मरीजों की जान को खतरा हो सकता है, और इस मामले की जांच की जाएगी।

### चतरा सांसद ने उत्तर झारखंड संभाग स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का किया उद्घाटन



**चतरा।** जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय उत्तर झारखंड संभाग स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन चतरा लोकसभा सांसद कालीचरण सिंह और अन्य अतिथियों द्वारा दीप जलाकर और मां भारती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर नन्दलाल केशरी, पंकज दुबे, विनय, सांसद प्रतिनिधी पवन कु राय, विवेक सिंह, विकास केशरी, विनोद जैन, दुलाल ठाकुर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। प्रतियोगिता में उत्तर झारखंड के 11 जिलों से लगभग 600 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह में दुमका एकल टीम ने ढोल नगाड़े और पारंपरिक नृत्य के साथ अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि कालीचरण सिंह ने एकल अभियान की अनुशासनप्रियता और आयोजन की व्यवस्था की सराहना की और खिलाड़ियों को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया। एकल के क्षेत्रीय संगठन मंत्री पवन कुमार राय ने बताया कि एकल अभियान, जो राष्ट्रीय गांधी शांति पुरस्कार से सम्मानित है, देश के वनवासी और पिछड़े क्षेत्रों में लगभग डेढ़ लाख विद्यालय संचालित करता है और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। महिलाओं की कबड्डी प्रतियोगिता में चतरा और कोडरमा की टीमें फाइनल में पहुंची हैं। समारोह में अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और आयोजन की सफलता के लिए योगदान देने वाले सभी कार्यकताओं का धन्यवाद किया।

### अवैध अफीम की खेती को रौंदा, तस्करों में दहशत



**हंटरगंज (चतरा)।** चतरा जिले में पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने अफीम की अवैध खेती के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। डीजीपी के निर्देश के बाद पुलिस और वन विभाग ने अफीम की खेती को नष्ट करने के लिए जागरूकता और विनष्टिकरण अभियान तेज कर दिया है, जिससे अफीम तस्करों में दहशत फैल गई है। रविवार को करीब 2 बजे, पुलिस और वन विभाग की टीम ने लूटा और कोलवा गांव में 3 एकड़ वन भूमि और 2 एकड़ गैर वन भूमि पर अवैध अफीम की खेती को ट्रैक्टर और जेसीबी से रौंद दिया। इसके अलावा संजनी गांव, पाडे पोखर, एकचटवा और सजनी स्कूल के पास स्थित 2 एकड़ क्षेत्र में भी अफीम की खेती नष्ट की गई। प्रभारी वनपाल मनीष कुमार ने बताया कि इस कार्रवाई का आदेश वन क्षेत्र पदाधिकारी सूर्यभूषण कुमार के निर्देश पर किया गया था। उन्होंने कहा कि जागरूकता अभियान के बावजूद अफीम तस्कर बाज नहीं आ रहे हैं, इसलिए लोगों से अपील की गई है कि अगर किसी ने अफीम की खेती की है तो स्वेच्छा से उसे नष्ट कर दें, अन्यथा एनडीपीएस एक्ट के तहत फर्जी केस दर्ज किया जाएगा। इस अभियान में हंटरगंज थाना प्रभारी मनीष कुमार, जोरी थाना सब इंस्पेक्टर विधायक प्रसाद यादव, सीआरपीएफ 190 बटालियन, वनरक्षी चंदन कुमार, रितेश विश्वकर्मा, सुरेश कुमार, कपिल देव मेहता, रीतेश बाखला, राजीव रंजन, मुकेश कुमार, अमित रंजन और जिले के कई अन्य जवान शामिल थे।

### इटखोरी स्वास्थ्य केंद्र में आज लगेगा स्वास्थ्य मेला, लोगों से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील

**इटखोरी।** इटखोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आज सोमवार को प्रखंड स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी सुमित कुमार जायसवाल एवं बीपीएम मारूफ खान ने आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की है। स्वास्थ्य मेले में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श की सुविधा मिलेगी। इस मेले का उद्देश्य स्वास्थ्य सुविधाओं को जन-जन तक पहुंचाना और आम जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ देना है। इसमें विभिन्न रोगों की निशुल्क जांच, परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध होगी। स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मेले में शामिल होकर अपना और अपने परिवार का स्वास्थ्य जांच करवाएं तथा सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं।

### दांगी समाज का मिलन सह पिकनिक समारोह आयोजित



**गिद्धौर।** रविवार को लक्ष्मणपुर डैम के पास स्थित मैदान में आल इंडिया दांगी क्षेत्रीय संघ के बैनर तले दांगी समाज का जिला स्तरीय मिलन सह पिकनिक समारोह आयोजित किया गया। अध्यक्षता दांगी क्षत्रिय संघ के जिला अध्यक्ष सिताराम दांगी ने की, और कार्यक्रम का संचालन संजय दांगी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष अनुज कुमार दांगी, प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रदीप दांगी, और पलामू जिला अध्यक्ष दयानंद दांगी ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। जिला अध्यक्ष सिताराम दांगी ने कहा कि इस कार्यक्रम में समाजिक उत्थान पर गहरी चर्चा की गई। समाज के अंदर चल रहे आपसी विवादों और रंजिशों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने का संकल्प लिया गया, ताकि समाज एकजुट हो सके। उन्होंने कहा कि हमारा समाज अभी भी पिछड़े हुए पायदान पर है, और सरकारी लाभों से वंचित है, इसके लिए हमें संगठित होकर काम करना होगा। भविष्य में समाज को संगठित करने के लिए हर गांव में 10-10 युवाओं की टीम बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि समाज को केवल शिक्षित और संगठित होकर ही आगे बढ़ाया जा सकता है। महिलाओं को पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर समाज को आगे बढ़ाने में भूमिका निभानी होगी। मौके पर डॉ. बीएन सिंह पलामू, कविता सिंह, मुनदिरीका प्रसाद दांगी, जिला सचिव रामोतार दांगी, समाजसेवी रामस्वरूप दांगी, मनोज दांगी, संजय दांगी, भवानी दांगी, राजकुमार दांगी, अनिल दांगी, सुनील महतो, अजय दांगी, भोला दांगी, नरेश दांगी, सत्येंद्र दांगी, और योगेन्द्र दांगी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### मॉडर्न पब्लिक स्कूल में जरूरतमंदों के बीच वितरित किए गए गर्म कपड़े



कोडरमा। मॉडर्न पब्लिक स्कूल में सामाजिक सेवा कार्यक्रम के तहत जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की निदेशिका संगीता शर्मा और प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में निदेशिका संगीता शर्मा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सेवा और करुणा के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं उन्होंने कहा कि समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता करना हमारा नैतिक दायित्व है। वहीं प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने भी अपने संबोधन में इस तरह के कार्यों को छात्रों के लिए एक प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। इस कार्यक्रम में जरुरतमंदों को कंबल, स्वेटर, जैकेट आदि गर्म कपड़े वितरित किए गए। इस अवसर पर छात्रों ने भी अपनी सहभागिता दिखाई और इस कार्य को सफल बनाने में योगदान दिया।

### जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने सत्यम ज्योति को किया सम्मानित



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर 14 इंटर डिस्ट्रिक क्रिकेट टूर्नामेंट में जिला उप विजेता होने पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में कोडरमा महावीर मोहल्ला निवासी चंद्रवंशी सत्यम ज्योति को मुख्य अतिथि एसडीपीओ अनिल कुमार, जिला सचिव दिनेश सिंह, उपाध्यक्ष अनिल सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज सहाय पिंकू द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर चंद्रवंशी सत्यम ज्योति को चंद्रवंशी दीपक कुमार नवीन, प्रवीण रवानी, अभिषेक चंद्रवंशी, मनोहर कुमार, पवन चंद्रवंशी, प्रभात राम, महेश राम, रामेश्वर राम रवानी, जय प्रकाश राम, बिरेंद्र राम, उमेश राम, मनोज राम, विजय राम समेत सैकड़ों लोगों ने हार्दिक शुभकामनाएं के साथ ढेर सारी बधाई दी।

### श्री ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ को लेकर ध्वजारोहण

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत पहरीडीह में श्री श्री 1008 श्री ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ को लेकर शनिवार को यज्ञाचार्य सह आचार्य श्री बसंत शास्त्री जी महाराज व पंडित विष्णु कांत शास्त्री द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण से पहले गाजे-बाजे के साथ श्रद्धालुओं ने नगर भ्रमण किया। वहीं यज्ञाचार्य सह आचार्य श्री बसंत शास्त्री जी महाराज ने कहा कि आज से पूरे गांव में मांस, मछली व मदिरा का सेवन वर्जित है। यज्ञ करने से आसूरी शक्तियों का विनाश होता है। झंडारोहण कार्यक्रम के दौरान पूर्व जिप सदस्य पवन सिंह, समाजसेवी सुरेंद्र प्रसाद मोदी, सेवानिवृत शिक्षक सुरेंद्र मोदी, महेश पांडेय, सतीश पांडेय, बंशीधर बर्णवाल व सदानंद सिंह को समिति द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष राज नारायण सिंह, उपाध्यक्ष सुनील सिंह, सचिव राजकुमार स्वर्णकार, उप सचिव महादेव साव, कोषाध्यक्ष राजेंद्र पंडित, महावीर साव, बासुदेव स्वर्णकार, अनिल सिंह, विवेक साव, तापेश्वर सिंह, दिलीप साव, आदित्य साव, विजय सोनी, पृथ्वीराज सिंह सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### नाली निर्माण में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने जताया विरोध



डोमचांच (कोडरमा)। महेशपुर-सतगांवा पथ स्थित बेहराडीह में लाखों रुपये की लागत से लगभग 1700 मीटर नाली निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कार्य में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने विरोध किया। वहीं संवेदक द्वारा जैसे तैसे घटिया समाग्री का इस्तेमाल कर नाली का निर्माण कर दिया जा रहा है। नाली निर्माण में घटिया समाग्री का प्रयोग करने पर ग्रामीणों ने जमकर विरोध जताया। शुरुआत में ही कुछ दूर बनी नाली में अभी से ही छड़ दिखाई देने लगा है। कई जगह नाली धंसने लगी है, जिससे गिट्टी भी बाहर दिखाई दे रही है। शुरुआत से ही नाली निर्माण में ठेकेदार के द्वारा लगातार अनियमितता बरते जाने को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा गया। वहीं रविवार को ग्रामीणों ने नाली निर्माण कार्य को बंद करवाकर अनियमितता की सूचना संबंधित जेई को दिया, जिसके बाद घटनास्थल पर जेई पहुंचकर पूरे मामले की जांच की और घटिया सामग्री देने की शिकायत पर मौजूद ठेकेदार के स्टाफ को फटकार लगाई। वहीं गलत किए गए कार्यों को सुधार करवाया। वहीं नाली में उपयोग की जाने वाले स्टोन चिप्स को लैब में जांच के लिए भेजने की बात कही। ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार के द्वारा जैसे-तैसे नाली का निर्माण कर दिया जाता है, जिसके कारण कुछ ही सालों में नाली टूटने लगती है। शुरुआत से ही घटिया किस्म के गिट्टी और डस्ट मिला हुआ गिट्टी से नाली निर्माण करवा दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि एस्टीमेट के हिसाब से काम नहीं किया जा रहा है। नाली बनाने में भी काफी अनियमितता बरती जा रही है।

### अवैध रूप से बालू परिवहन करते तीन ट्रैक्टर जब्त

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत हिरोडीह रेलवे फाटक के समीप अवैध रूप से बालू परिवहन करते तीन ट्रैक्टर को जप्त किया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी बबलू कुमार सिंह ने बताया कि प्रखंड के विभिन्न इलाकों में अवैध रूप से बालू का उत्खनन एवं परिवहन की सूचना मिल रही थी, जिसे लेकर रविवार को अवैध रूप से बालू के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें तीन ट्रैक्टर को जप्त किया गया। वहीं उन्होंने कहा कि आगे भी छापामारी अभियान जारी रहेगा। इस संबा में जयनगर थाना में प्राथमिक दर्ज की गई है।

### भाजपा नेता के वनभोज कार्यक्रम में उमड़े समर्थक

## सामूहिक भोज से स्नेह की भावना जागृत होती है : राजकुमार यादव





खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** भाजपा नेता राजकुमार यादव द्वारा रविवार को जिला मुख्यालय स्थित फुलवरिया जंगल में वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं के अलावे बड़ी संख्या में समर्थक शामिल हुए और लजीज व्यंजन का आनन्द लिया। वहीं भाजपा नेता श्री यादव ने कहा कि इस तरह के आयोजन से आपस में प्रेम और स्नेह की भावना जागृत होती है। मौके पर मयंक कुमार, वीरेंद्र प्रसाद मेहता, पप्पू पांडेय, चंद्रदेव यादव, मनोज कुमार झुन्नू, सुजीत कुमार शर्मा, रौनक कुमार, रवि कुमार, रमेश भारती, नरेंद्र पाल, उमेश राम, सुनील यादव, सन्तोष चंद्रवंशी, दीपक सिंह, शिव शंकर राम, वीरेंद्र राणा, अरुण राणा, रणजीत राम, बासुदेव यादव, सुरेंद्र भारती, राम लखन सिंह, अमित सहाना, मो.आबिद, नारायण यादव, सूरज यादव, नवी उल्लाह, महेंद्र साव, खीरु यादव, दामोदर साव, विजय सिंह, सिकन्दर दास, मनोज दास आदि मौजूद थे।

## क्या आप सर्दियों में बार-बार यूरिन डिस्चार्ज की समस्या से हैं परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता

**सदर अस्पताल के डीएस डॉ. रंजीत कुमार ने बताया आसान उपाय**



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शरीर से यूरिन का डिस्चार्ज शरीर की गंद्गी को बाहर करने की एक सामान्य प्रक्रिया है मगर आमतौर पर ठंड के दिनों में लोगों के द्वारा कम पानी पीने के बाद भी उन्हें बार-बार यूरिन डिस्चार्ज की समस्या का सामना करना पड़ता है। ठंड में बार-बार यूरिन डिस्चार्ज होने से कई लोगों को मूत्र संबंधी परेशानी की चिंता सताने लगती है। हालांकि इसमें लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है।

**इस कारण से बार-बार लगता है पेशाब :** कोडरमा सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. रंजीत कुमार ने बताया कि सर्दियों में तापमान में गिरावट होने पर शरीर की गर्माहट बरकरार रखने के लिए अधिक मात्रा में ब्लड सर्कुलेशन की जरूरत होती है, इसके लिए हार्ट बहुत तेजी से और जल्दी-जल्दी पंप करता है। बढ़े हुए ब्लड फ्लो के कारण शरीर में जो ऊर्जा बनती है, वह पूरी तरह शरीर से बाहर न निकल जाए, इसके लिए बॉडी अपनी रक्त वाहिकाओं को सिकुड़ा देती है। इस कारण ब्लड का फ्लो और अधिक तेज हो जाता है। ब्लड सर्कुलेशन बढ़ने से किडनी तेजी से ब्लड को फिल्टर करती है और ब्लड शरीर में मौजूद विषक्त तरल पदार्थ को तेजी से यूरिन ब्लाडर में जमा करता है। इसके कारण लोगों को बार-बार पेशाब लगता है।

**इस तरीके से बार-बार पेशाब की समस्या में पा सकते हैं राहत :** उन्होंने बताया कि ठंड के दिनों में बार-बार पेशाब की समस्या में राहत पाने के लिए लोगों को एकदम ठंडा पानी का सेवन नहीं करना चाहिए, इससे बॉडी का तापमान और कम हो जाता है, हमेशा गुनगुना पानी का सेवन करें। चाय काफी अधिक पीने से बॉडी डिहाइड्रेट होती है, ऐसे में गर्म सूप या हल्दी वाले दूध का सेवन किया जा सकता है। लोग ठंडी हवा में बाहर निकलने से बचें। दिन में धूप में जरूर बैठे और बॉडी के तापमान को संतुलित रखने के लिए ठंड में कुछ समय के लिए अंगीठी या रूम हीटर का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### कोडरमा स्टेशन पर मजिस्ट्रेट चेकिंग, 50 लोग धराये

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** कोडरमा स्टेशन पर मजिस्ट्रेट चेकिंग के तहत रेलवे एक्ट के अंतर्गत विशेष अभियान चलाया गया। वहीं निरीक्षक प्रभारी के नेतृत्व में यह अभियान रेलवे नियमों के उल्लंघन रोकने और यात्रियों को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। वहीं अवैध रूप से महिला और दिव्यांग आरक्षित कोचों में यात्रा करने, पायदान पर खड़े होकर यात्रा करने और रेलवे ट्रैक पार करने जैसे नियमों का उल्लंघन करने पर कुल 50 लोगों को पकड़ा गया। रेलवे परिसर में धूम्रपान करना भी नियमों का उल्लंघन माना गया और इस पर भी कड़ी कार्रवाई की गयी। वहीं अधिकारियों ने यात्रियों को बताया कि रेलवे नियमों का पालन सभी की सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। अभियान के दौरान सहायक उपनिरीक्षक ओम प्रकाश सिंह, प्रधान आरक्षी परवेज खान, उपेंद्र कुमार, सरवन कुमार, अशोक कुमार गुप्ता, महिला सिपाही, नीलू किरण आदि मौजूद थे।

## मां सुनीता इवेंट्स शो ऑफिस व कॉस्मेटिक प्रतिष्ठान का उद्घाटन

- भोजपुरी सुपरस्टार निशा दुबे, गायिका मनिता श्री, प्रकाश पंडित ने दर्शकों को झुमाया



खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** जयनगर-मरकच्चो मुख्य मार्ग स्थित गोहाल में मां सुनीता इवेंट्स शो ऑफिस व कॉस्मेटिक प्रतिष्ठान का रविवार को उद्घाटन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अमित कुमार यादव, भोजपुरी सुपरस्टार निशा दुबे, गायिका मनिता श्री, प्रकाश पंडित शामिल होकर संयुक्त रूप से फीता काट कर उद्घाटन किया। वहीं अतिथियों को प्रतिष्ठान के संचालक विक्रम सिंह ने बुके व माला देकर स्वागत किया। जिसके बाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भोजपुरी अभिनेत्री निशा दुबे, गायिका मनिता श्री व प्रकाश पंडित ने मंच के माध्यम से अतिथियों व ग्रामीणों को संगीत प्रस्तुत कर मनमुग्ध कर दिया।

वहीं विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि इस तरह के ऑफिस खुलने से क्षेत्र के साथ-साथ जिले का नाम रौशन होता है। इस दौरान सुपरस्टार निशा दुबे ने कहा कि मां सुनीता इवेंट्स शो ऑफिस का कोडरमा जिले के गोहाल में उद्घाटन होना हम सबों के लिए सौभाग्य की बात है, जहां किसी भी भोजपुरी कलाकारों की कार्यक्रम बुकिंग करवाने के लिए जिले के लोगों के साथ-साथ आस पास के लोगों को एक प्लेटफॉर्म मिल गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अजीत सिंह, संजय सिंह, विनोद सिंह, कामेश्वर सिंह, पिंटू सिंह, शंभू कुमार, प्रभु सिंह, दिनेश यादव बाबूलाल यादव आदि ने अहम भूमिका निभाई।

# कोडरमा गौशाला ने रखी 75वें वर्ष की मजबूत नींव

- गौमाताओं के लिए बना आधुनिक वार्ड, शहरवासियों का रहा अनुकरणीय योगदान



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले की ऐतिहासिक गौशाला ने अपने 75वें वर्ष में प्रवेश करते हुए एक नई मिसाल कायम की है। रविवार को गौशाला में वह कार्य संपन्न हुआ, जो आज तक नहीं हुआ था। पहली बार, सभी गायों को खूंटी में बांधने की परंपरा को बदलते हुए, गौशाला परिसर में स्टील के पाइप से बने वार्ड तैयार किए गए हैं। अब गायों को खुला छोड़ दिया गया है, जहां वे स्वच्छंद रूप से घूम और खेल रही हैं। गौशाला के उन्नति कार्य में शहरवासियों और बाहर रहने वाले कोडरमा निवासियों का बड़ा योगदान देखने को मिला। संस्थानों और व्यक्तियों ने 11 हजार रुपये प्रति यूनिट की राशि देकर शेड निर्माण में मदद की, ताकि गायें गर्मी, बरसात और ठंड में सुरक्षित रहें।

गौशाला में गायों के चारे और पानी के लिए आधुनिक व्यवस्थाएं की गई हैं। चारा हॉल में अलग-अलग हौद बनाए गए हैं, जिनमें मार्बल और नालियों की व्यवस्था है, ताकि पानी का प्रवाह व्यवस्थित रहे।

**स्कूलों ने बच्चों को गौमाता के महत्व से जोड़ा :** गौशाला भ्रमण करवाकर शहर के स्कूली बच्चों को गौमाता के महत्व और उनकी देखभाल के प्रति जागरूक कर रहे हैं। बच्चों ने इस पहल को समझा और गौशाला के लिए योगदान देने का संकल्प लिया। शहर के सभी स्कूलों को इस योजना से जोड़ने का लक्ष्य है, ताकि बच्चों में सनातन संस्कृति और गौमाता के प्रति प्रेम जागृत किया जा सके।

**प्रकृति संरक्षण के लिए गौकास्ट योजना :** गौशाला प्रशासन ने प्रकृति संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब गौशाला गौकास्ट भी तैयार कर रही है, ताकि गौमाताओं के शवों का सही तरीके से प्रबंधन किया जा सके। गौकास्ट का उद्देश्य यह है कि लोग गौमाता के शवों को जलाने या जलावन के रूप में उपयोग कर सकें, जिससे न केवल प्राकृतिक संसाधनों की बचत हो, बल्कि पर्यावरण की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके।

**गौशाला का चारदीवारी में बदलना ऐतिहासिक कदम :** पहले खुले मैदान में स्थित गौशाला अब पूरी तरह से चारदीवारी से घिर चुकी है। यह परिवर्तन न केवल गायों की सुरक्षा को मजबूत करता है, बल्कि बाहरी खतरों से उन्हें बचाने के लिए भी कारगर है। यह प्रयास गौशाला को एक संगठित और अनुशासित केंद्र बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ है।

गौशाला प्रशासन ने भविष्य में और भी आधुनिक सुविधाओं को जोड़ने की योजना बनाई है। गायों के लिए बेहतर चिकित्सा सुविााएं प्रदान करने की दिशा में काम किया जा रहा है। प्रशासन का उद्देश्य है कि गौशाला न केवल गायों के लिए एक सुरक्षित स्थान बने, बल्कि यह गौसेवा का आदर्श केंद्र भी बने।

**400 गायों के लिए पहली रोटी गाय की योजना का लक्ष्य**

गौ-शाला की देखभाल के लिए 400 गायों के लिए 25 सौ रुपये वार्षिक की दो रोटी अभिभावक योजना चलाई गई है। इससे गायों के भोजन का खर्च जुटाया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को जोड़ना और गायों के भरण-पोषण की व्यवस्था सुनिश्चित करना है।

## बुंदेल समाज ने किया युवा प्रतिभाओं का सम्मान

- वनभोज में दिखी एकता की झलक



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** बुंदेल समाज की ओर से रविवार को भद्रकाली मंदिर परिसर में संचालित अखंड कीर्तन मंडली परिसर में युवा प्रतिभा सम्मान समारोह एवं वनभोज कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बुंदेल समाज के हजारपति सह पूर्व विधायक निरंजन प्रसाद सिंह रहे। समारोह में 2014 से 2024 तक के उन युवा प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने सरकारी सेवाओं में स्थान प्राप्त कर समाज का गौरव बढ़ाया है। मुख्य अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर इन युवाओं का हौसला बढ़ाया और उन्हें समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। वक्ताओं ने समाज के विकास में शिक्षा, स्वरोजगार और सामाजिक एकता की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज के युवाओं को आगे बढ़ाने में सहायक होते हैं। उन्होंने युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं, व्यवसाय और तकनीकी शिक्षा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। सम्मान समारोह के उपरांत पारंपरिक वनभोज का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के सभी वर्गों ने एक साथ बैठकर पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया। इस आयोजन ने सामाजिक समरसता और एकजुटता को और मजबूत किया।कार्यक्रम के आयोजकों ने इसे सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी समाज को संगठित करने के लिए ऐसे आयोजनों को जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर हरदिया तपेदार रंजित प्रसाद सिंह, कोलहुआ तपेदार संत सिंह, रानिक तपेदार रामदेव सिंह, बरहागांवा तपेदार रामफल सिंह, फुलांग तपेदार अजय सिंह, मधनिया तपेदार रामरछया सिंह, बौंगा तपेदार कौशल कुमार सिंह, लोडम तपेदार जितेंद्र सिंह, नरचा तपेदार अनंत सिंह, पिपरा तपेदार यशवंत सिंह, नरचाही तपेदार महेंद्र सिंह सहित समाज के वरिष्ठजन, शिक्षाविद, समाजसेवी और गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थिति दर्ज कराई और आयोजन की भव्यता को बढ़ाया।

स्पीड न्यूज

## कानू जागरण मंच का वनभोज संपन्न



जमशेदपुर। कानू जागरण मंच जमशेदपुर झारखंड का वार्षिक पारिवारिक सम्मिलन-सह वनभोज रविवार को गम्हरिया के देवनगरी में आयोजित हुआ। पटना से आए गणेश कानू आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप में मंच को सुशोभित किए। आयोजन के विशिष्ट अतिथि गढ़वा कानू विकास संघ के अध्यक्ष राम बहादुर साह और सचिव प्रमोद कुमार ने सामाजिक उत्थान के बहुमूल्य सुझाव दिए।विशिष्ट अतिथि यूसीआईएल जादूगोड़ा के रिटायर्ड डिप्टी जीएम रवीन्द्र कुमार को उनके विशेष योगदान के लिए स्मारक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। समाज के शैक्षणिक, बौद्धिक और नैतिक विकास पर विशेष परिचर्चा हुयी। बच्चों और महिलाओं के मनोरंजन के लिए कई खेल और अन्यान्य प्रतियोगिताएं करायी गयी। आयोजन परिसर में वृद्धाश्रम में किए गये फलाहार वितरण, गांधी आश्रम में आहार सेवा और जमशेदपुर ब्लड बैंक में आयोजित रक्तदान शिविर के बैनर प्रदर्शित किए गये। प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया तथा उक्त आयोजन मे विशेष रूप से योगदान देने वाले चयनित सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। मंच के संरक्षक संत साव, राम लाल, कृष्ण कुमार गुप्ता, अध्यक्ष आरके शशि, उपाध्यक्ष रमेश प्रसाद, महासचिव उपेन्द्र कुमार, सचिव शम्भू कुमार, कोषाध्यक्ष ब्रजकिशोर पिकनिक प्रभारी विनय भास्कर, रामानंद साह, अजय साह, कार्यकारिणी सदस्य अखिलानंद गुप्ता और जयशंकर प्रसाद सहित कमल किशोर फुलेश्वर साह अनिल कुमार मुनेश्वर साह आदि सक्रिय सदसयों की भूमिका में कार्यक्रम का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुआ।

## फुटबॉल प्रतियोगिता का विधायक सविता महतो ने किया शुभारंभ

चांडिल। सागुन सरना क्लब शाशनडीह द्वारा आयोजित एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ईंचागढ़ के विधायक सविता महतो उपस्थित हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक सविता महतो एवं चांडिल के मुखिया मनोहर सिंह सरदार ने किक मारकर किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कदमडीह चांडिल द्वितीय स्थान जगन्नाथपुर तृतीय स्थान सासनडीह तथा चतुर्थ स्थान रुचाप ने प्राप्त किया। इस मौके पर मनोहर सिंह सरदार, काबलु महतो, संजय महतो, बाबलु मुर्मू, राजु किसकु, कुंज बिहारी गोप सहित कई लोग उपस्थित थे।

## खुलासा : बेटा ने करायी बाप की हत्या

**चांडिल।** 13 जनवरी को चांडिल के कल्पना स्टुडियो के संचालक दिलीप गोराईं को दिनदहाड़े हत्या कर दिया गया था। इस मामले का चांडिल पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने बताया कि दिलीप गोराई के पहली पत्नी का बेटा राकेश गोराईं ने 65000 में मारने का सुपारी दिया था।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज ने पुलिस प्रशिक्षण कार्यशाला का किया आयोजन

**फोरेंसिक जांच के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कानून प्रवर्तन अधिकारियों के कौशल को बढ़ाने के लिए विशेषज्ञता और नवाचार को एक साथ लाया**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज (एमटीएमसी) में फोरेंसिक मेडिसिन और टॉक्सिकोलॉजी विभाग ने 'पुलिस अधिकारियों के लिए मेडिकलोलेगल ऑटोप्सी और आग्नेयास्त्र चोटों पर व्यापक प्रशिक्षण कार्यशाला' शीर्षक से एक अग्रणी प्रशिक्षण कार्यशाला की मेजबानी की। इस एक दिवसीय कार्यक्रम ने फोरेंसिक जांच के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कानून प्रवर्तन अधिकारियों के कौशल को बढ़ाने के लिए विशेषज्ञता और नवाचार को एक साथ लाया। कार्यशाला ने 30 पुलिस अधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया, उन्हें मेडिकोलीगल ऑटोप्सी, आग्नेयास्त्र चोटों की व्याख्या, श्वासावरोध के मामलों की जांच और अपराध स्थल विश्लेषण में व्यावहारिक ज्ञान से लैस किया। हाथों पर सीखने के महत्व को पहचानते हुए, विभाग ने अत्याधुनिक कौशल प्रयोगशाला के भीतर चार कृत्रिम अपराध दृश्य बनाए। इन सिमुलेशन ने प्रतिभागियों को एक इमर्सिव अनुभव प्रदान किया, जो वास्तविक जीवन के परिदृश्यों को उनकी खोजी तीक्ष्णता को सुधारने के लिए दोहराता है।

2022 बैच के आईपीएस अधिकारी ऋषभ त्रिवेदी ने कार्यशाला में सक्रिय रूप से भाग लिया, फोरेंसिक विज्ञान और कानून प्रवर्तन के बीच की खाई को पाटने में इसके महत्व को रेखांकित किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य अतिथि के रूप में जमशेदपुर के एसपी-सिटी कुमार शिवाशीष ने जांच सटीकता बढ़ाने और न्याय सुनिश्चित करने में इस तरह के प्रशिक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

तीन फोरेंसिक विशेषज्ञ, उनके डीन- डॉ प्रदीप कुमार जी के मार्गदर्शन में, एमटीएमसी के कार्यक्रम के दौरान संकाय के रूप में कार्य किया। विजय कौटिल्य, डॉ ज्योतिश गुरिया और डॉ दीदीप्य भार्गव। उनकी सामूहिक विशेषज्ञता और अनुरूप दृष्टिकोण ने यह सुनिश्चित किया कि प्रत्येक अधिकारी को फोरेंसिक विज्ञान के सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों पहलुओं में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्राप्त हुई। प्रशिक्षण ने आग्नेयास्त्रों की चोटों में भी तल्लीन किया, जो आधुनिक फोरेंसिक जांच का एक महत्वपूर्ण पहलू है, जिससे अधिकारियों को बैलिस्टिक साक्ष्य की सटीक व्याख्या करने और अपराध परिदृश्यों का पुनर्निर्माण करने में सक्षम बनाता है। प्रतिभागियों ने अपनी इंटरैक्टिव कार्यप्रणाली और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों के लिए कार्यशाला की प्रशंसा की। यह पहल फोरेंसिक विज्ञान और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए एमटीएमसी की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। उन्नत ज्ञान और कौशल के साथ पुलिस अधिकारियों को सशक्त बनाकर, कार्यशाला आपराधिक न्याय परिणामों में सुधार और सामुदायिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान देती है।

## जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय का बड़ा ऐलान

# मानगो नगर निगम और जेएनएसी क्षेत्रों में बनायेंगे जनसुविधा समितियां

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने ऐलान किया है कि वह मानगो नगर निगम और जेएनएसी क्षेत्रों में अलग-अलग जनसुविधा समितियां बनाएंगे। उन्होंने कहा कि पानी, बिजली, सड़क, नाली, कचरा आदि के निराकरण की दिशा में जो भी लोग काम करना चाहते हैं, वह इन समितियों में शामिल हो सकते हैं। जनसुविधा समिति के सदस्य किसी भी पार्टी के हो सकते हैं और किसी भी राजनीतिक दल के सदस्य नहीं भी हो सकते हैं। उन्हें अपने क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी और निराकरण के बारे में जानकारी होनी चाहिए। यहां बिष्टुपुर स्थित अपने आवास/कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में राय ने कहा कि केंद्र सरकार ने ठोस कचरा प्रबंधन अधिनियम बनाया लेकिन झारखंड में उसका पालन नहीं हो रहा है। दो-तीन जिलों में कुछ काम हुए हैं पर वो नाकाफी हैं। उन्होंने बताया कि मानगो नगर निगम का चुनाव चार माह के भीतर होना है, ऐसा अदालत का आदेश है। उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि चार माह के भीतर चुनाव होंगे, परिणाम आएंगे तो जो लोग विजयी हुए हैं, वो बैठेंगे कहां।



मानगो नगर निगम का अपना कार्यालय तक नहीं है। संवाददाता सम्मेलन में सरयू राय ने झारखंड के वित्त मंत्री से अपील की कि वे कठोर बजट बनाएं। लोकप्रिय बजट के चक्कर में न पड़ें। सरकार के पास प्रचंड बहुमत है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य प्रशासन बजट को खर्च करने की ताकत पैदा करे। राज्य सरकार केंद्रीय सहायता में मिले धनराशि को खर्च करे। एक सवाल के जवाब में राय ने कहा कि झारखंड का प्रशासन लचर है, इसलिए फायदा नहीं हो पा रहा है राज्य सरकार को। उन्होंने वित्तमंत्री को सुझाव दिया कि वह अपने विभागों से, विभिन्न मंत्रियों से बात करें और उनसे पूछें कि जो पैसे मिलते हैं, उन्हें वह कितना खर्च कर पाते हैं और कहां खर्च करते हैं। उन्हें विभागीय सचिवों से पूछना चाहिए कि हम आपको जो पैसे दे रहे हैं, आप खर्च क्यों नहीं कर पा रहे हैं। अभी हालत ऐसे हैं कि दिसंबर माह में ही बजट सरेंडर किया जा रहा है, दूसरे विभागों को दिया जा रहा है। इससे राज्य की अर्थव्यवस्था सुधरेगी नहीं। राज्य का प्रशासन तंत्र प्रभावी हो। पैसे अगर खर्च हुए हैं तो उसका क्या प्रभाव दिखा, यह भी जनता के सामने रखने की जरूरत है। सरयू राय ने कहा कि अब चार खदानें चालू होने वाली हैं। ये खदानें केंद्र सरकार चालू कराएगी। राय ने इस बात पर घोर चिंता जताई कि राज्य सरकार लौह-अयस्क के खदानों को चलाने के लिए न तो लाइसेंस दे पाई, ना ही उन्हें नीलाम कर पाई। यह राज्य सरकार का काम था कि वह माइंसों को नीलाम करती। सरकार ने ऐसा नहीं किया। राय ने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह अर्थव्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए विभागों की नकेल कसे, कड़ाई से पेश आए।

## सुभाष बाबू के देश प्रेम को जीवन में अनुकरण करें विद्यार्थी : पारस नाथ



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** नेता जी सुभाष चन्द्र बोस पर सुभाष युवा मंच द्वारा लेख, चित्रांकन, रंगोली स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन श्री कृष्ण पब्लिक स्कूल बागबेड़ा में आयोजित किया काया। प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 450 बच्चो ने भाग लिया। कार्यकम की शुरूआत शिक्षाविद और समाजसेवी पारस नाथ मिश्र ने सुभाष चन्द्र बोस जी की प्रतिमा को माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पारस नाथ मिश्र ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस के जीवनी प्रेरित से भरी हुई है। प्रतियोगिता का उद्देश्य है कि युवा सुभाष बाबू के बारे में ज्यादा से ज्यादा जाने और अपने जीवन में अनुकरण करें। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी को 23 जनवरी को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाएगा। ज्ञात हो कि सुभाष युवा मंच द्वारा हर वर्ष नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी पर प्रतियोगिता आयोजित किया जाता है।

## बिनोद सिंह बने महर्षि भृगु क्षेत्र जमशेदपुर के अध्यक्ष



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** महर्षि भृगु क्षेत्र बागी बलिया जिला के रहने वाले लौह नगरी में बसे सम्मानित नागरिकों ने आज गांधीघाट मानगो में मकरसंक्रांति मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें उपस्थित भृगु क्षेत्र वासियों में मुख्य रूप से वरिष्ठ नागरिक के केंद्रीय अध्यक्ष श्री शिवपूजन सिंह पूर्व प्राचार्य एच पी शुक्ला रेड क्रॉस के मानव सचिव विजय सिंह चमकता आईना के संपादक जयप्रकाश राय टाटा मोटर्स यूनियन के सचिव आर के सिंह श्रीकांत मिश्रा अरविंद पांडे श्री श्याम सिंह उदय सिंह मुन्ना चौबे उपस्थित थे। सर्वप्रथम महर्षि भृगु क्षेत्र जमशेदपुर के सम्मानित प्रतिनिधियों ने महात्मा गांधी के मूर्ति पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम का संचालन जयप्रकाश राय एवं पूर्व सैनिक सुशील कुमार सिंह ने किया। विषय प्रवेश कराते हुए विजय सिंह ने कहा कि 12 जनवरी 2012 को लिट्टी पार्टी के माध्यम से एक बार बलिया वासियों को एकत्रित करने का प्रयास किया गया था। मगर किन्हीं कारण बस सफलता नहीं मिली। मगर पिछले एक वर्ष से विनोद सिंह के नेतृत्व में कई बैठक करने के बाद एक कार्यक्रम की रूपरेखा मकरसंक्रांति मिलन मनाने के रूप में तय हुई। अरविंद पांडे विजय सिंह एवं सुशील सिंह के सहयोग से लगभग 300 लोगों को व्हाट्सएप ग्रुप पर जोड़ा गया। आज मीटिंग में परिचय के साथ-साथ अपने गांव के आस पास के लोगों को पाकर सबके मन में आपार खुशी झलक रही थी। सभी लोग अपने आस पास के लोगों की प्रतिभा और क्षमता को जानकर बहुत हर्षित हो रहे थे।

## सरायकेला-खरसावां बॉक्सिंग एसोसिएशन की बैठक



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**गम्हरिया।** सरायकेला-खरसावां बॉक्सिंग एसोसिएशन की वार्षिक बैठक रविवार को गम्हरिया प्रखंड के सिद्धू कानू चौक मीरूडीह में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बास्को बेसरा ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सिंहभूम की सांसद जोबा माझी उपस्थित रही। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में अंकुर सिंह, अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सिंग कोच अर्नेस्ट लकड़ा, अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाज अरुणा मिश्रा और सिले सोय भी मौजूद थे। बैठक गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत सिद्धू कानू चौक मीरूद में हुई। जोबा मांझी एसोसिएशन के सभी पदाधिकारीयों का घोषणा की। जिसमें अध्यक्ष के रूप में बास्को बेसरा, उपाध्यक्ष अमित सिंह देव जी एवं एपील सामद, महासचिव हिमांशु कुमार सिंह, सहसचिव बलराम पटसानी, कोषाध्यक्ष पी वासुदेव राव, कार्यकारी सदस्य अजीत कुमार सिंह संतोष महतो एवं अनिरुद्ध महतो के रूप में घोषणा की। संबोधन में संगठन को लेकर उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए क्षेत्र के ऊजार्वान युवाओं को इस खेल से जुड़ने और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने की अपील की। विशिष्ट अतिथि अंकुर सिंह ने कहा कि जल्द ही एसोसिएशन के साथ मिलकर राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

## टाटा मोटर्स यूनियन ने किया पारिवारिक मिलन समारोह



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन का पिकनिक सह पारिवारिक मिलन समारोह रविवार को हुडको में आयोजित की गई। ट्रेड यूनियन के इतिहास में पहली बार टाटा मोटर्स यूनियन के 85 सदस्यों वाले यूनियन के सभी सदस्य, पदाधिकारीगण, अध्यक्ष एवं महामंत्री सपरिवार इस आयोजन में हिस्सा लिये। मिलन समारोह के दौरान सबों का एक दूसरे से परिचय हुआ। इस दौरान बच्चों, महिलाओं समेत पुरुषों के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह एवं महामंत्री आरके सिंह आयोजन के सफलता पर संतोष जताते हुए सबों के प्रति आभार जताएं।

## धोबी समाज की केंद्रीय कमिटी ने मनाया वार्षिक मिलन समारोह सह वनभोज

**आधुनिकता के साथ सामाजिकता भी सिखाना युवा पीढ़ी को आज जरूरी: दिनेश कुमार**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** धोबी समाज का वार्षिक मिलन समारोह समाज के अध्यक्ष धनेश्वर प्रसाद की अध्यक्षता में सी पी समिति सभागार गोलमुरी में संपन्न हुई।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार और विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेता खेमलाल चौधरी उपस्थित थे। भगवान शिव, बाबा संत गाडगे और डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्रों के समीप दीप प्रजवल्लित कर कार्यक्रम की शुरूवात की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते दिनेश कुमार ने कहा कि सामाजिक एकजुटता तो मायने रखता ही है लेकिन सामाजिक जागृति बहुत महत्वपूर्ण है। किसी भी समाज को आगे बढ़ाने में समाज के पदाधिकारियों और युवा पीढी की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है, युवा पीढ़ी को आधुनिकता के साथ सामाजिकता का भी जान देना आज जरूरी है। खेमलाल चौधरी ने कहा कि भारतीय संस्कृति और सभ्यता का कोई जोड़ नहीं है जहां हमारी संस्कृति और सभ्यता को बाहर के लोग अपना रहे है वही हम लोग पाश्चात्य सभ्यता को बढ़ावा देने का कार्य कर रहे है जो आज के युवा पीढ़ी के लिए घातक है। अध्यक्ष धनेश्वर प्रसाद ने कहां की समाज में वरिष्ठ सदस्यो का सहयोग लेते हुए नए यूवाओ को भी सामाजिक कार्यों में अवसर देने का प्रयास कर रहा हूं। समाज के द्वारा शैक्षणिक माहौल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रथम और द्वितीय श्रेणी प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरुस्कृत किया गया, समाज के बच्चो के द्वारा सांस्कृतिक एवम मनोरंजन कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया साथ ही खेलकूद का भी आयोजन किया गया और विजेताओं को पुरुस्कृत। कार्यक्रम में स्वागत संबोधन रूपेश कुमार ने और महिला अध्यक्षा ममता देवी और महामंत्री रुक्मणि देवी ने अपना विचार व्यक्त किया किया, कार्यक्रम में मुख्यरूप से समाज के मनोज रजक, पुनित रजक, तरूण प्रसाद, राम जी, देवानंद रजक, राम रजक, बिरेंद्र रजक, महिला अधिकारी गण रूक्मिणी देवी, गीत देवी, लक्ष्मी रजक, सविता देवी, सेवती रजक, शशि रजक, विद्या रजक,पूनम रजक, नेहा देवी, पूनम देवी, सुनीता देवी, नेहा देवी ने इस कार्यक्रम को एकजुटता के साथ सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## एक नजर में

### दुसाध समिति जमशेदपुर का वार्षिक वनभोज सह पारिवारिक मिलन समारोह आयोजित



**जमशेदपुर।** रविवार को सिद्धगोड़ा स्थित बिरसा मुंडा टाउन हॉल मैदान मे दुसाध समिति जमशेदपुर के द्वारा वार्षिक वनभोज सह पारिवारिक मिलन समारोह 2025 का भव्य रूप से आयोजन किया गया जिसमे कि दुसाध समिति जमशेदपुर के विभिन्न क्षेत्र से लोगो ने बढ़ चढ़कर भाग लिया कार्यक्रम का शुभारम्भ आये हुए अतिथियों के द्वारा बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर बिरसा मुंडा बाबा चौहाद माल के चित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप जलाकर किया आये हुए अतिथियों का दुसाध समितिके द्वारा पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया स्वागत भाषण दुसाध समिति अध्यक्ष गौरी देवी ने दिया संचालन सचिव पूर्णिमा देवी धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष अजय कुमार ने दिया कार्यक्रम मे दुसाध समिति के सामाजिक आर्थिक राजनैतिक उत्थान को मजबूत करने का संकल्प लिया कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे ओड़िशा के पूर्व राजपाल श्री रघुवर दास जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो पूर्वी कि विधयाक पूर्णिमा साहू दास उपस्थित थे। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि सरयू पासवान, अशोक प्रसाद पासवान, गौरी देवी, पूर्णिमा देवी, रवि पासवान, सिकन्दर पासवान, अशोक पासवान, राम, अजित प्रसाद, सिकन्दर लाल, भागवद प्रसाद मौजूद थे।

### पटमदा के जोड़सा पंचायत के घोड़ाबंधा गांव में वनभोज मनाया गया



**जमशेदपुर।** विश्वनाथ महतो कहा कि अमूमन हमलोग देखते आए हैं कि नकारात्मक ऊर्जा को खत्म करने के लिए वास्तु शास्त्र, ज्योतिष शास्त्र इत्यादि का सहारा लिया जाता है। लेकिन बृहद झाड़खंड के छोटानागपुर क्षेत्र के आदिवासी- मूलवासी नकारात्मक ऊर्जा को खत्म करने के लिए बिल्कुल ही अलग उपाय करते हैं। इस उपाय से न केवल नकारात्मक ऊर्जा को खत्म करने की मान्यता है, बल्कि गांव के लोगों और जानवरों को सुरक्षित रखने का भी दावा किया जाता है। छोटानागपुर के आदिवासी समुदाय गांव में मनुष्य और जानवर सुरक्षित रखने के लिए के मकर संक्रांति के बाद जो भी पहला रविवार होता है, उस दिन सामुहिक रूप से अपनी परंपरा का निर्वहन करते हैं। उसे बोड़ाम बाटिया कहा जाता है। मकर संक्रांति और टुसु परब के बाद कृषि कार्य करने वाले लोगों के लिए नया साल का पहला महीना माघ (जनवरी) के रविवार को ग्रामीण बोड़ाम बाटिया करते हैं। जिसमें अपने घरों में साल भर उपयोग में आने वाली बांस के उपकरणों, चूल्हे की राख, ढुटका झाडू (आधा घिसा हुआ झाडू) इत्यादि के साथ साथ बीते साल के जो कुछ नकारात्मक ऊर्जा देने वाली वस्तुओं को इक्क्ठा करते हैं। उन इकट्ठा गए वस्तुओं पर एक लोटा पानी डाल उन्हें गांव के सीमा क्षेत्र के बाहर फेंका जाता है। बताते हैं कि ग्रामीणों का एक समूह सबसे पहले गांव में पुराने वस्तुओं को इकट्ठा करते हैं। फिर उन्हें रीतिरिवाज के साथ गांव के अंतिम सीमा पर फेंक देता हैं। इस दौरान नकारात्मक ऊर्जा के रूप में जिन्दा मुर्गी के चूजों को प्रतीकात्मक रूप से उड़ाकर उसे छोड़ दिया जाता है। ग्रामीण अपने ग्राम देवता से गांव के मनुष्यों और जानवरों के सुरक्षा की कामना करते हैं। बोड़ाम बाटिया परंपरा के अनुसार पुराने वस्तुओं को फेंकने के बाद सामुहिक वनभोज का आयोजन होता है जिसमें घर के महिला पुरुष बच्चा बिना किसी भेदभाव से ग्रामीण वनभोज करते है। मौके पर विश्वनाथ महतो, शत्रुघन सिंह, मनोहर सिंह, हेमंत सिंह, संजय सिंह, कल्याण सिंह, माधाई सिंह, चित्तरंजन सिंह, हिमाद्री सिंह, धनिकलाल महतो आदि शामिल थे।

### स्पोर्ट्स क्लब मैदान मऊभंडार में सातवें घाटशिला फ्लावर शो का उद्घाटन 24 जनवरी को



**जमशेदपुर।** क्रियेसन्स व घाटशिला फ्लावर शो कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में 24 और 25 जनवरी को मऊभंडार स्पोर्ट्स क्लब मैदान में सातवे दो दिवसीय घाटशिला फ्लावर शो का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए झारखंड उदय व क्रिएशंस के प्रमुख रवि प्रकाश सिंह और घाटशिला फ्लावर शो कमेटी के अध्यक्ष निर्मल झुनझुनवाला ने बताया की सातवें घाटशिला फ्लावर शो का उद्घाटन 24 जनवरी सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष के फ्लावर शो में फूलों और बोनसाई प्लांट के साथ-साथ औषधीय पौधों और किचन गार्डनिंग पर विशेष जोर दिया गया है। पहले दिन 24 जनवरी को शाम 4 बजे से डॉग परेड कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। जिसमें घाटशिला व आसपास के विभिन्न नस्ल के कुत्तों का परेड प्रदर्शन किया जाएगा। वही फ्लावर शो के समापन के दिन 25 जनवरी की सुबह 9 बजे वेल बेबी प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिसमें एक से तीन वर्ष तक के बच्चे अपने अभीभावको के साथ शामिल होंगे। जिसमें तीन सदस्यिय निर्णायक मंडली सर्वश्रेष्ठ शिशुओ का चयन करेंगे। वही दोपहर 12 बजे से लाइव सिट एंड ड्रॉ प्रतियोगिता भी आयोजित होगी, जिसमें विभिन्न स्कूलों के चयनित विद्यार्थी पौधों के बीच बैठकर कागज पर अपनी कला उकेरेंगे। वही शाम 4 बजे से 5 से 8 वर्ष के बच्चों के बीच फैशन परेड का भी आयोजन किया गया है, जिसमें बच्चे रैम्प पर चलकर अपने कला का प्रदर्शन करेंगे। शाम को प्रदेश के स्कूली शिक्षा साक्षरता व निबंधन मंत्री रामदास सोरेन की मौजूदगी में घाटशिला फ्लावर शो के साथ-साथ विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रस्तुत किया जाएगा। इस दौरान क्षेत्र के कई नामी कलाकार अपनी संगीतमय प्रस्तुति भी देंगे साथ ही फ्लावर शो में आने वाले सभी दर्शकों के लिए भी विजिटर प्राइज की व्यवस्था की गई है।

## स्पीड न्यूज

### सामाजिक कार्यकर्ता आशीष ने सांसद बीडी राम का किया स्वागत



सतबरवा। सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा के नेतृत्व मे रविवार को प्रखंड क्षेत्र के हलुमांड गांव के ग्रामीणों ने पलामू के सांसद बिष्णु दयाल राम का स्वागत उनके आवास पर बुके देकर किया। इस दौरान ग्रामीणों ने सांसद बीडी राम को सतबरवा प्रखंड की जनसमस्याओं से अवगत कराते हुए मांगपत्र सौंपा। जिसमें पोंची गांव में बर सिनवार के पास बांध निर्माण, हलुमाड़ गांव में फुठहारवा नाला पर बांध निर्माण, बारी गांव मे मलय नहर के मुख्य कैनाल से मिनी कैनाल रूपौनधा रांची रोड खामडीह तक कैनाल निर्माण समेत कई समस्याओ से अवगत कराया गया। ग्रामीण बताते है कि फुटहाडवा नाला के बांध टुटने से करीब बीस एकड़ जमीन के किसान सिचाई से वंचित हो गये है। जिससे किसानो को खेती करने मे परेशानी हो रही है। वही सिन्हा ने बताया कि सांसद ने भरोसा दिलाया है कि समस्याओ का समाधान कर किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाएगा। मौके पर सिकन्दर भुईयां, मनोज मेहता, नन्दु प्रजापति, रामलाल सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

### जीसीपीए कॉलेज में स्वामी विवेकानंद जयंती सह युवा महोत्सव का समापन



छतरपुर पलामू। छतरपुर अनुमंडल स्थित गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज, सड़मा, छतरपुर में स्वामी विवेकानंद जयंती सह युवा महोत्सव का समापन समारोह धूमधाम से मनाया गया। प्रभारी प्राचार्य प्रो राजकिशोर लाल ने कहा कि कलकत्ता के एक कुलीन बंगाली कायस्थ परिवार में जन्मे विवेकानंद का नाम नरेंद्रनाथ दत्त था, जिनका जन्म 12 जनवरी, 1863 को हुआ था। वे पश्चिमी दुनिया में वेदांत और योग के भारतीय दर्शन को पेश करने में एक प्रमुख व्यक्ति थे। विवेकानंद ने रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन की स्थापना की। उन्होंने 1893 में शिकागो में विश्व धर्म संसद में हिंदू धर्म का परिचय दिया था। वहीं प्रो अखिलेश सिंह एवं अमित कुमार सिंह ने उनकी जीवन पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। कॉलेज के खेल विभाग द्वारा वार्षिकोत्सव खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। आज लुड्डो, कैरम तथा चेस का खेल विधार्थियो के बीच खेल कराया गया। मंच का संचालन योगेंद्र विश्वकर्मा तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो मुन्नी देवी ने किया।

### निगम आयुक्त जावेद हुसैन ने पंपूकल का निरीक्षण किया, दिये कई निर्देश



मेदिनीनगर। निगम वासियों को सुचारू रूप से शुद्ध जल की आपूर्ति हो इसके लिए निगम के आयुक्त जावेद हुसैन ने जलापूर्ति केंद्र पंपूकल का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त के पहल पर निगम वासियों को शुद्ध व सुचारू रूप से जल की आपूर्ति की जा रही है। नगर आयुक्त ने कहा कि बेहतर रूप से निगम वासियों को जलापूर्ति कराने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। शहरवासियों को नियमित व शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हर हाल में कराया जायेगा। हाउसिंग कॉलोनी में स्थल निरीक्षण कर फेस टू के कार्यों का जायजा लिया और डब्लू टी पी और इएसआर गुणवत्तापूर्ण कार्य करने को आदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि जल आपूर्ति शहर क्षेत्र में किया जा रहा है उसमें जल को शुद्ध करने के लिए आवश्यक केमिकल का उपयोग सही-सही हो रहा है या नहीं साथ ही पंप हाउस के ऑपरेटर और नगर निगम क्षेत्र के प्रबंधकों को दिशा निर्देश दिया गया कि शहर को जो जल आपूर्ति हो रही है वह शुद्ध जल हो। उसके लिए नगर निगम जो भी जरूरत की चीज है वह उपलब्ध किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान सहायक नगर आयुक्त विश्वनाथ मेहता समेत नगर निगम के कई अभियंता और जलापूर्ति प्लांट के कई कर्मचारी और पदाधिकारी उपस्थित थे।

### हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान में मन की बात कार्यक्रम का आयोजन



हुसैनाबाद पलामू। हुसैनाबाद विधानसभा के नगर मंडल हुसैनाबाद के बूथ 124 अनुमंडल मैदान में मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां कार्यकर्ताओं ने मन की बात सुना एवं साथ ही यहां सदस्यता अभियान भी चलाया गया। जिसमें कई लोगों ने भाजपा का सदस्यता ग्रहण किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व मंत्री कमलेश सिंह ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम से हम सभी को बहुत कुछ जानने और समझने का अवसर मिलता है। यह काफी प्रेरणादायक कार्यक्रम है। उन्होंने कहा की पार्टी सदस्यता अभियान चला रही है। पूरे विधानसभा में हर बूथ पर दो सक्रिय सदस्य बनाना है और सक्रिय सदस्य बनने के लिए अपने रेफरल कोड पर कम से कम 50 सदस्य बनाने हैं। मौके पर भाजपा नेता श्रीराम प्रवेश सिंह, जिला मंत्री सोमेश सिंह, अजय गुप्ता, नरेंद्र सिंह, अखिलेश मेहता, अजीत सिंह, रंजीत पासवान, प्रकाश अग्रवाल, पप्पू सिंह, सत्येंद्र सिंह, रामराज मेहता, पवन अग्रवाल, विनोद पांडे, रामराज मेहता समेत कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जन्म दिन पर किशुनपुर ओपी प्रभारी ने किया कंबल का वितरण



पाटन पलामू। किशुनपुर ओपी प्रभारी नीलेश कुमार ने अपने जन्म दिन पर किशुनपुर क्षेत्र के कई गांवों में गरीब गुरबों व असहायों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर ओपी प्रभारी नीलेश कुमार ने कहा कि समृद्ध लोग ठंड से गर्म वस्त्र खरीद लेते हैं लेकिन ग्रामीण क्षेत्र के गरीब लोग पैसे के अभाव में गर्म वस्त्र नहीं ले पाते हैं। वे ठंड से ठिठुरते रहते हैं। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा से बढ़कर दूसरी कोई सेवा नहीं है। उन्होंने कहा कि समाज के समृद्ध लोग भी गरीबों की सेवा में आगे आयें। वे हर वर्ष जन्म दिन पर गरीबों की सेवा करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा करने में उन्हें शांति व सुकून मिलता है। मौके पर ओपी प्रभारी के साथ क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार

चैनपुर पलामू। चैनपुर थाना कांड संख्या 104/24 के अभियुक्त रोहित कुमार सिंह, पिता राजमोहन सिंह उर्फ लालटेन सिंह, ग्राम बनाई, थाना पांकी गिरफ्तारी के डर काफी दिनों से फरार चल रहा था। इस मामले के विरुद्ध कोर्ट द्वारा निर्गत इश्तेहार को चैनपुर पुलिस अवर निरीक्षक बाबुलाल दुबे द्वारा अभियुक्त के ग्राम बनाई के घर पर थाना पांकी स्थित घर पर चिपकाया गया।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सतबरवा में जागरूकता समारोह का आयोजन



सतबरवा पलामू। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर रविवार को सतबरवा प्रखंड अंतर्गत धवादीह सीआरटीसी में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उमंग परियोजना के अंतर्गत झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी और पीसीआई इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों और माताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। ये जानकारी पीसीआई इंडिया की प्रतिनिधि सुमन कुमारी ने दी। जेएसएलपीएस की जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनीता केरकेट्टा ने कहा कि सरकार द्वारा घोषित इस वर्ष के विषय पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। जिला परिषद प्रतिनिधि सुधा देवी ने किशोरियों से आग्रह किया कि वे इस कार्यक्रम में सीखी गई बातों को अपने जीवन में अमल में लाएं।

---

#### बीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति ने सम्मान सह वनभोज व पासवान मिलन समारोह किया आयोजित

## मैंने कभी जात पात की राजनीति नहीं किया : राधाकृष्ण किशोर

### शिक्षित व्यक्ति से ही समाज का विकास संभव : सांसद बीडी राम



खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** बीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति पाटन के द्वारा सम्मान सह वन भोज एवं पासवान मिलन समारोह खनवा अमानत नदी में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वित एवं वाणिज्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर एवं विशिष्ट अतिथि पलामू सांसद विष्णु दयाल राम उपस्थित थे। कार्यक्रम में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बिट्टु पाठक, पाटन बीर चौहरमल समिति के अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद, महासचिव अजय पासवान, उपाध्यक्ष कमलेश पासवान, मुखिया अखिलेश पासवान, मुखिया लक्ष्मण मांझी, बीपीन कुमार, अरुण सिंह, ईश्वरी पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में पासवान समाज के लोग उपस्थित थे। मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि परिवार में पद का कोई मायने नहीं रखता है। मंत्री ने कहा कि आज बाबा साहब ने आरक्षण नहीं दिया होता तो हम आपके बीच मंत्री के रूप में नहीं रहते। उन्होंने कहा कि हमने कभी जात पात की राजनीति नहीं किया। सभी वर्गों को लेकर चलने का काम किया है जिसके फलस्वरूप पांच बार विधायक बना। उन्होंने कहा कि सभी समाज को शिक्षित होना जरूरी है। शिक्षित रहने पर समाज में कोई भेद भाव नहीं रहेगा। राज्य में जो आदिवासी समाज की स्थिति है वह चिंतनीय है। हरिजन विकास परिषद गठन करने की मांग की है ताकि अनुसुचित जाति का भी विकास हो। उन्होंने कहा कि पाटन में जिन सड़कों पर वर्षों से केस दर्ज था जिसके चलते सड़क नहीं बन पा रहा था उन सभी का जल्द निर्माण कार्य शुरू किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह सभी सांसद के प्रयास का फल है। कार्यक्रम में सांसद बीडी राम ने कहा कि आप अपने समाज को तभी विकास कर सकते हैं जब आप शिक्षित रहेंगे इसलिए सबसे जरूरी है अपने बच्चों को शिक्षित करें। सांसद ने कहा कि भुखे रहकर भी अपने बच्चों को पढ़ाये। समाज में आगे बढ़ कर शिक्षा पर ध्यान देना जरूरी है तभी समाज का विकास संभव हो पायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पाटन पासवान समाज के अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद ने की। संचालन समाज के जिला अध्यक्ष संदीप पासवान ने किया।

## ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़कर संगठन को मजबूत बनाना है : सांसद बीडी राम

### बीएन कॉलेज मैदान में भाजपा ने चलाया सदस्यता अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज नगर मंडल अंतर्गत बूथ संख्या-152, 153, 154 पर बी एन कॉलेज के मैदान में संगठन महापर्व सदस्यता अभियान सह मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां लोगों ने न सिर्फ प्रधानमंत्री जी की मन की बात कार्यक्रम को सुना बल्कि सैकड़ो लोगों ने अपने मोबाइल से 8800002024 नंबर पर मिस कॉल कर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता भी ग्रहण की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो हर एक 6 साल में सदस्यता अभियान चलाती है। ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़कर संगठन को मजबूत बनाना है। मौके पर कड़ाके की ठंड को देखते हुए गरीब, असहाय व जरुरतमंद लोगों के बीच सांसद के द्वारा 150 कंबल का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, जिला प्रमंडलीय प्रभारी विकास प्रीतम, वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल सिंह, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, उपाध्यक्ष अभिमन्यु तिवारी, महामंत्री विजय ठाकुर, ईश्वरी पाण्डेय, शिव कुमार मिश्रा, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, नगर मंडल अध्यक्ष श्रवण गुप्ता, अविनाश कुमार सिन्हा, मनोज दुबे, जय दुबे, भोला पाण्डेय, संजय कुमार, रिंकू रंजन कुमार, मनोरमा देवी, नन्दलाल प्रसाद, कौशल झा, अभिषेक चौरसिया सहित पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पलामू के विकास के प्रति समर्पित हूं : वित मंत्री

### केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन का वार्षिक आमसभा संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन का वार्षिक आमसभा पलामू क्लब में आयोजित किया गया। इसमें जिले के विभिन्न प्रखंड, पंचायतों से दवा व्यवसायी भाग लिये। वार्षिक आम सभा में प्रस्ताव पारित कर छह सूत्री स्मार पत्र झारखंड के वित्त मंत्री सह संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर को सौंपा गया। सभा को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि पलामू जिला के सर्वांगीण विकास में मैं काफी समर्पित हूं लेकिन विकास किसी एक व्यक्ति या संस्थान से संभव नहीं है। इसमें सभी की सहभागिता होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पलामू में जिस गति के साथ विकास होना चाहिए था आज उस गति से नहीं हुआ है। इसके लिए सभी को पहल करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि फेडरेशन की जो मांग है उसे स्वास्थ्य सचिव को बुलाकर बात कर समाधान करने का प्रयास किया जायेगा। फेडरेशन के मृत्युंजय शर्मा ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि फेडरेशन विगत 25 वर्षों से पलामू जिले के विभिन्न प्रखंडों व पंचायतों में सामाजिक दायित्वों का निर्वहन कर रहा है। अध्यक्ष रमेश कुमार शुक्ला ने कहा कि पलामू के दवा व्यवसायी सिर्फ अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए व्यवसाय नहीं करते बल्कि गरीब गुरबों को सहायता के लिए भी कई सरानीय कार्य करते हैं। मौके पर सतीश तिवारी, अमिताभ मिश्रा, हनी कुमार, प्रिंस कुमार, अशोक अग्रवाल, रामाकांत पांडेय, जितेंद्र कुमार, पुरूषोत्तम अग्रवाल, कुंदन प्रसाद, गौरीशंकर मिश्रा, संतोष कुमार गुप्ता, राजीव रंजन, डीपी शुक्ला, ओम अग्रवाल, राजीव रंजन, राज कुमार, दिनेश अग्रवाल, दीपक कश्यप समेत कई दवा व्यवसायी शामिल थे।

## विकास कार्यों में लापरवाही नहीं की जायेगी बर्दाश्त : विधायक

### नरेश प्रसाद सिंह ने बहुउद्देशीय भवन की आधारशिला रखी



खबर मन्त्र संवाददाता

**नावाबाजार पलामू।** सरकार की ओर से चलाई जाने वाली विकास योजनाओं को ईमानदारी पूर्वक धरातल पर उतारने की जरूरत है। जिससे गांवों का समुचित विकास होगा। विकास कार्यों में लापरवाही तनिक भी बर्दाश्त नहीं की जा सकती। ऐसे में ससमय व ईमानदारी सही तरीके से विकास कार्यों का क्रियांवयन हो। उक्त बातें विश्रामपुर विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने कहा। वे कंडा पंचायत के सींजो गांव में बनने वाले बहुउद्देशीय भवन निर्माण कार्य को ले आयोजित शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। विधायक सिंह ने कहा कि समग्र विकास को ले झारखंड सरकार के द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है। उसे धरातल पर उतारते हुए विकास कार्य को गति देना पहली प्राथमिकता है। विश्रामपुर क्षेत्र का अपेक्षित विकास नहीं हुआ है। क्षेत्र का समुचित विकास हो लक्ष्य बनाकर उनके द्वारा कार्य किया जा रहा है। शिलान्यास समारोह में जिला अध्यक्ष धनंजय पासवान, प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र चौधरी, युवा प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र यादव, पूर्व जिप अनुज राम, वीरू दुबे, जमालुद्दीन खान, बिरजू यादव व कई लोग मौजूद थे।

### उन्नति मार्बल और टाइल्स बड़मोरा ब्रांड का शोरूम का उदघाटन



छतरपुर पलामू। नप क्षेत्र के भव फैक्ट्री के समीप उन्नति मार्बल और टाइल्स बड़मोरा ब्रांड का शोरूम खोला गया। शो रूम का उदघाटन विधिवत पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शोरूम के संचालक दौलत सोनी के परिवार के मुखिया पिता विजय प्रसाद सोनी और उनके माता कुसुम देवी द्वारा फीता काट कर ग्राहकों को सुपुर्द किया। प्रोपराइटर दौलत सोनी और दीपक सोनी ने संयुक्त रूप से बताया की इस इलाके से मेरा पुराना लगाव रहा है तो निश्चित रूप से इस क्षेत्र में व्यापार करने में मुझे सहूलियत होगी और नगर वासियों को उच्चतम श्रेणी का मार्बल ओर ग्रेनाइट हमेशा बेहतर सर्विस के साथ गुणवत्तायुक्त मार्बल देने का काम करेंगे। हर संभव यहां के लोगों को उचित दाम पर मनचाहा रंग और ब्रांड की सामग्री 24 घंटा उपलब्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि छतरपुर में पांचवीं शाखा खोली गई है । इसके अलावे गढ़वा और लातेहार जिला में भी शाखा शामिल है।

## जन विश्वास की रक्षा जीवन का लक्ष्य हैं : मनोज सिंह



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर नगर निगम के भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह डोर टू डोर कैंपनिंग कर सेवा कार्य कर रहे हैं। इस बार का अभियान कंबल वितरण का हैं। निगम क्षेत्र के 35 वार्ड में दस हजार कंबल वितरण का लक्ष्य रखा गया हैं। रविवार को इस अभियान के तहत मनोज सिंह वार्ड नंबर एक के सिंगरा, पुलिस लाइन रोड़, सुदना के अघोर आश्रम रोड, पटेल नगर, बैक कॉलोनी, निमिंया आदि इलाकों में भ्रमण कर कंबल का वितरण किया। मौके पर सिंह ने कहा कि राजनीति को वह सेवा का मिशन मनाते हैं। सेवा के मिशन को लेकर हीं वह राजनीति में आये हैं। जनता के आशीर्वाद से पद पर रहने के वक्त भी, और उसके बाद भी जनता की सेवा में पूरी सक्रियता के साथ लगे हैं। जनता के प्रति अपनापन का भाव हैं। इसलिए वह अपनों के बीच रहते हैं। सामर्थय के अनुसार सेवा भाव के कार्य को आगें बढ़ाते हैं, ताकि इसके माध्यम से वह लोग से मिलते जुलते रहे, जिससे आप हमारे और हम आपके की भाव मजबूत हों सके। जनता की उम्मीद को वह कभी टूटने नहीं देगे, जन विश्वास की रक्षा हीं उनके राजनीतिक जीवन का लक्ष्य हैं। मौके पर रोहित, जुगनू, अमित सिंह, रोशन सिंह, यशवंत सिंह, लवकुमार राम, अंतूल सिंह, रणजीत राम, केश्वर राम सहित कई लोग उपस्थित थे।

### पलामू एसपी ने बिश्रामपुर व रेहला थाना प्रभारी को किया सम्मानित



विश्रामपुर (पलामू)। पलामू पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने बिश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ चौबे व रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर पुरष्कृत किया है। दोनों थाना प्रभारी को यह प्रशस्ति पत्र विधानसभा चुनाव के दौरान बेहतर कार्य करने पर दिया गया है। उक्त दोनों थाना प्रभारियों ने विस चुनाव 2024 को अपने अपने थाना क्षेत्र में शांति पूर्ण संपन्न कराने में अहम भूमिका निभायी थी। बिश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने कहा कि सम्मान आगे भी और बेहतर करने की प्रेरणा देता रहेगा। रेहला थाना प्रभारी संतोष ने कहा कि पुलिस कप्तान से मिला यह प्रशस्ति पत्र सेवा कार्य की एक बड़ी उपलब्धि है।

### जिले के वरीय पत्रकार की मौत शोक की लहर



तरहसी पलामू। जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के भंडरी निवासी देवानंद पाठक उर्फ बबलू की शनिवार की रात्रि मौत हो गई। उनके आकस्मिक निधन पर पत्रकार जगत के साथ क्षेत्र में शोक की लहर है। वह पिछले दो दशक से विभिन्न मीडिया संस्थानों से जुड़कर पत्रकारिता का कार्य कर चुके थे इसके साथ ही कई अखबारों में डेस्क एडिटर के रूप में कार्य करने का अनुभव था। वह पिछले आठ माह से बीमारी से ग्रसित थे, वह अपने पीछे पत्नी और माता-पिता को छोड़कर चले गए। अमानत नदी के तट पर रविवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर प्रखंड के पत्रकारों ने शोक प्रकट करते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की है।

### जंगल गयी किशोरी से दुष्कर्म, आरोपी गया जेल



नीलाम्बर पीतांबरपुर पलामू। लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के जंगल में बकरी खोजने गई 15 साल की किशोरी से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। किशोरी को गंभीर हालत में इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में चापी के दो युवकों रज्जाक अंसारी एवं नाजिर अंसारी, जबकि रामगढ के चौपरिया के मनुव्वर अंसारी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने बताया कि यह घटना 16 जनवरी शाम की है। 4.30 बजे किशोरी जंगल में बकरी को खोजने गई थी। बिचली पहाड़ के पास उसकी मुलाकात नाजिर अंसारी से हुई। जब उसने अपनी बकरियों के बारे में पूछा तो उसे बताया कि पहाड़ी की दूसरी तरफ है। वहां जाने पर पहले से मनुव्वर एवं रज्जाक वहां थे। सभी किशोरी को झाड़ी में ले गए एवं उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की तो वह चिल्लाने लगी। आवाज सुनकर रज्जाक भाग गया, लेकिन मनुव्वर ने उसके साथ दुष्कर्म किया, जिससे वह बेहोश हो गई। किसी तरह परिवार के लोग उसे ढूंढकर इलाज के लिए ले गए। मामले में पीड़िता के फर्द बयान पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए मनुव्वर अंसारी पता-चौपरिया थाना-रामगढ़ को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## प्राइवेट स्कूल के लिए हमेशा तत्पर रहेगा संगठन : अविनाश वर्मा



प्रेम रंजन तिवारी

**चैनपुर(पलामू)।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत गुरुकुल विधा निकेतन आवासीय विद्यालय परिसर में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड का आठवां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उदघाटन दिशा के केंद्रीय अध्यक्ष अविनाश वर्मा, अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, सतीश अग्रवाल, सिकंदर अजाम, आनंद कुमार, वीरेंद्र दुबे सहित सभी सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया। दर्जनो प्राइवेट स्कूलों के निदेशक व प्रतिनिधि ने इस समारोह में भाग लिया। मौके पर अविनाश वर्मा ने बताया कि यह संगठन छोटे और बड़े सभी निजी स्कूलों की समस्याओं को उठाने और उनके समाधान के लिए कार्यरत है। संगठन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा कि निजी विद्यालय संगठन में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सतीश अग्रवाल ने कहा कि संगठन प्राइवेट स्कूल का सहयोग से समाजिक कार्यों में भी बढ़ चढ़ कर योगदान दें रहीं हैं।

## झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन पाटन इकाई का मना 8वां स्थापना दिवस



खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** प्राइवेट स्कूल एसोशिएशन झारखंड के पाटन ईकाई ने 8वीं स्थापना दिवस समारोह का आयोजन डीएफ रेसिडेंटियल स्कूल पदमा में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने कहा कि आप सब स्कूल संचालक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहें समय अनुसार आप सबों की समस्याएं स्वतः समाप्त हो जाएगी। मिडिया प्रभारी मनोज कुमार सिंह सह निदेशक डीपीएस नावा जयपुर ने कहा कि एसोशिएशन एक मंच मात्र नहीं है एसोशिएशन संस्थाओं का संस्था है। अध्यक्ष विरेन्द्र प्रसाद ने एसो. के गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कोषाध्यक्ष विरेन्द्र कुमार ने किया। कार्यक्रम में विकास कुमार, आनंद कुमार, शैलेश मेहता को सदस्यता ग्रहण करवाया गया। कार्य क्रम में सिंचु कुमार, सुशांत शेखर, पंकज वर्मा, श्रीकांत कुमार, संजय पाल, रविन्द्र कुमार, राजु मेहता, नंदन पासवान, रवि शंकर, ओमप्रकाश प्रजापति, सचिन सिंह, फारुख अहम, अर्शद अहम, मेराज अहमद, दिपक मेहता, कृष्ण कुमार प्रजापति, उपाध्यक्ष नारेन्द्र वर्मा, एवं राजु रंजन सिंह आदि निदेशक मौजूद थे।

## जन कल्याण ट्रस्ट ने चलाया सड़क सुरक्षा सह जागरूकता अभियान

### हेलमेट पहनकर नहीं चलनेवाले को दिया गुलाब, यातायात नियमों के पालन करने की अपील







खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जन कल्याण ट्रस्ट के बैनर तले छह मुहान चौक के पास सड़क सुरक्षा सह जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यातायात प्रभारी समाल अहमद, जन कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे समेत अन्य सदस्यों ने बिना हेलमेट के वाहन चलाने पर गुलाब का फूल प्रदान किया। साथ ही लोगों से यातायात के नियमों के पालन करने की अपील की गई।

मौके पर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडेय, उपसचिव सह प्रवक्ता अजय तिवारी, संगठन सचिव नंदलाल दुबे, केंद्रीय सदस्य संतोष दुबे, मिथिलेश दुबे, ट्रस्ट पलामू जिला संचालक प्रभात रंजन अग्रवाल, सचिव रणजीत रंजन, सदस्य पवन बैठा, कुमार सौरभ, रविंद्र पांडे, राजेंद्र यादव, सुनील कुमार, अशोक राम मौजूद थे।

मौके पर यातायात प्रभारी ने कहा कि जीवन बहुमूल्य है आज हम जो यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं कहीं नहीं कहीं अपने शरीर को हानि पहुंचाने में अपना साथ दे रहे हैं।

अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे ने बताया कि सड़क सुरक्षा अभियान का यह कार्यक्रम ट्रस्ट के द्वारा नियमित चलाया जाएगा। उन्होंने लोगों को गुलाब देकर यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

## पाल्हे कला ग्राम में पैक्स अध्यक्ष के चुनाव में गौतम सिंह 59 वोट से जीते







खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के पाल्हे ग्राम स्थित पाल्हे पंचायत भवन में पैक्स अध्यक्ष का चुनाव आयोजित किया गया। चुनाव प्रभारी निशिकांत ठाकुर एवं पाटन सीआई प्रगास के द्वारा पैक्स अध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न किया गया। पैक्स अध्यक्ष के पद पर गौतम सिंह, अरुण सिंह, स्नेह सिंह तथा बशिष्ठ सिंह ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। गौतम कुमार सिंह को 140 वोट मिला। जबकि अरुण सिंह को 81 वोट, स्नेह सिंह को 22 वोट एवं बशिष्ठ सिंह को मात्र 8 वोट मिला। चुनाव में कुल 261 सदस्यों ने वोट डाले। गौतम कुमार सिंह 59 वोट से विजयी हुए। उन्होंने पैक्स अध्यक्ष का चुनाव जीत लिया। चुनाव प्रभारी निशिकांत ठाकुर ने पैक्स अध्यक्ष के लिए गौतम सिंह को जीत का प्रमाण पत्र दिया। वहीं अध्यक्ष चुनाव के उपरांत 13 सदस्यीय कमिटी का भी गठन किया गया जिसमें सदस्य के रूप में आरती देवी, प्रतिमा देवी, पुनीता देवी, देवंती देवी, हित नारायण सिंह, रमेश सिंह, असलम अंसारी, भीम सिंह, सोहन साव एवं मनोज कुमार गुप्ता को चुना गया। गौतम सिंह के अध्यक्ष पद पर चुने जाने पर उपस्थित लोगों ने हर्ष जताया। वहीं अध्यक्ष के पद पर चुने जाने पर गौतम सिंह ने पैक्स के सभी सदस्यों का अभार जताया तथा किसानों के लिए हर संभव सुविधा देने के लिए तैयार रहने की बात कही।

# महिला सशक्तिकरण शिविर का आयोजन



जानकारी देते पीएलवी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में विवेकानंद जयंती सप्ताह के समापन पर रविवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका उत्कृष्ट विद्यालय में महिला सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गढ़वा के पीएलवी एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका उत्कृष्ट विद्यालय की छात्राओं ने भाग लिया। मौके पर पीएलवी मुरली श्याम तिवारी ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों को अनुकरण कर आप अपना भविष्य सुधार सकते हैं। संस्था के सचिव रामाशंकर चौबे ने कहा विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को हुआ था। पीएलवी अरविंद तिवारी ने युवाओं पर एक प्रेरणा गीत गाकर सभी छात्राओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पीएलवी रविंद्र नाथ यादव ने बाल संरक्षण अधिनियम एवं बाल विवाह पर रोक लगाने संबंधी जानकारियां दी। पीएलवी केएन दुबे ने बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम डायन प्रथा उन्मूलन आदि अनेक विषयों पर विस्तार से चर्चा की। जबकि पीएलवी संगीता सिन्हा ने महिलाओं पर हो रहे घरेलू हिंसा एवं आकिार उनके अधिकार एवं कर्तव्य पर विस्तृत जानकारियां प्रदान की। मौके पर विद्यालय कर्मी चांदनी प्रजापति सहित कई विद्यालय कर्मी उपस्थित थे।

## सुंदरनाथ धाम से मुख्यमंत्री 22 जनवरी को करेंगे प्रगति यात्रा की शुरूआत

**एजेंसी**

**फारबिसगंज/अररिया।** सुंदरनाथ धाम का धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व काफी पुराना है। बिहार कभी सबसे अमीर और विविध जातीयता का केंद्र था। चाहे रामायण हो, महाभारत हो, या बौद्ध धर्म, इन सभी की बिहार की समृद्ध संस्कृति के निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बिहार में आज भी बौद्ध काल और महाभारत काल के मंदिर मौजूद हैं, जो अत्यंत लोकप्रिय हैं। आज हम आपको महाभारत काल के एक ऐसे ही मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिससे दो देशों के लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। हम बात कर रहे हैं अररिया के सुंदरनाथ धाम शिव मंदिर की, जो अररिया जिले के कुसार्काटा प्रखंड की डुमरी पंचायत में स्थित है। इस मंदिर में रोजाना भारी संख्या में नेपाली श्रद्धालुओं के साथ भारतीय लोग भी जलाभिषेक करने पहुंचते हैं वही, आगामी 22 जनवरी को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का अररिया जिला के कुसार्काटा प्रखंड में स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर सुंदरनाथ धाम में आगमन होने जा रहा है और मुख्यमंत्री अररिया में अपनी प्रगति यात्रा की शुरूआत यही पूजा अर्चना करके करेंगे। बता दें की महाभारत काल से जुड़े इस मंदिर का काफी विशेष महत्व भी है, जहां कभी पांडवों को अज्ञातवास मिला था और अज्ञातवास में पांडव और माता कुंती नेपाल के राजा विराट के यहां रुके थे और उन्होंने इसी मंदिर में जलाभिषेक कर शिव की आराधना की थी। महाभारत में भी इस बात के प्रमाण मौजूद हैं कि पांडवों का अज्ञातवास राजा विराट के इन्हीं क्षेत्र में गुजारा था इसलिए यह मंदिर अपने आप में एक इतिहास है।

# लालू यादव से मिले पशुपति पारस

**एजेंसी**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव का समय करीब आने के साथ ही राजनीतिक हलचल भी बढ़ गई है। मकर संक्रांति पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू यादव ने राष्ट्रीय लोक जन शक्ति पार्टी (आरएलजेपी) के प्रमुख पशुपति पारस से मुलाकात की थी। इसके बाद अब रविवार को पशुपति पारस ने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पर जाकर लालू यादव से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच करीब आधे घंटे तक बातचीत हुई। राजद सांसद संजय यादव ने कहा कि आरएलजेपी के प्रमुख पशुपति पारस और बिहार प्रदेश अध्यक्ष प्रिंस पासवान के साथ लालू यादव की मुलाकात हुई है। दरअसल, लालू यादव उनके घर मिलने गए थे और आज पशुपति कुमार उनसे मिलने आए। यह शिष्टाचार मुलाकात थी। संजय ने कहा कि पशुपति पारस महागठबंधन का हिस्सा होंगे या नहीं, यह राष्ट्रीय अध्यक्ष तय करेंगे। साथ ही कहा कि पशुपति पारस एक अनुभवी राजनेता हैं। वह किसी भी गठबंधन के साथ रहें, गठबंधन को फायदा होगा। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि आरएलजेपी यदि महागठबंधन का हिस्सा बनती है तो यह बिहार की कुछ प्रमुख विधानसभा सीटों पर उम्मीदवार उतार सकती है। इनमें जमुई, हाजीपुर, बेगूसराय, वैशाली, मुंगर और खगड़िया जैसी सीटें शामिल हैं। इसके परिणामस्वरूप अगड़ी और दलित वोटों में बिखराव हो सकता है, जिसका फायदा महागठबंधन को मिल सकता है। राजनीति के जानकारों का कहना है कि इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव में राजद में आरएलजेपी के शामिल होने से महागठबंधन को बहुत हद तक राहत मिलेगी। क्योंकि, पशुपति पारस मोदी सरकार में केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं। उनकी पार्टी पहले भी एनडीए का हिस्सा रह चुकी है लेकिन समय-समय पर उनकी नाराजगी सामने आई है। ऐसे में राजद खासकर लालू यादव, पशुपति पारस को अपने खेमे में लाने की कोशिश कर रहे हैं ताकि भूमिहार और दलित वोट बैंक को साधा जा सके।

### आधे घंटे हुई बातचीत



## खबर एक नजर में

### दिव्यांगों के बीच कंबल वितरण



कंबल वितरण करते पदाधिकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** बढ़ते ठंड के मद्देनजर जिला प्रशासन लगातार गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद व्यक्तियों के बीच पहुंचकर कंबल का वितरण कर रही है। साथ ही ठंड से बचाव को लेकर लोगों को जागरूक भी कर रही है। गिरते तापमान और बढ़ते ठंड के मद्देनजर डीसी शेखर जमुआर के निर्देश पर सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक नीरज कुमार नगर उटारी पहुंच दिव्यांगजनों के बीच कंबल वितरण किया। इस कार्य के लिए दिव्यांगजनों ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। मौके पर सहायक निदेशक श्री कुमार ने सभी से उन्हें मिलने वाली पेंशन की जानकारी ली तथा राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्य योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने किसी के बहकावें में न आने की बात कहीं।

### पश्चिम चंपारण जिले में पिछले 36 घंटों में पांच लोगों की संदिग्ध हालात में मौत

**पटना।** बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में पांच लोगों की संदिग्ध हालात में मौत हो गयी है। यह आंकड़ा पिछले 36 घंटे का है। यह घटना जिले के लौरिया थाना क्षेत्र के मठिया गांव की है। बताया जा रहा है कि लौरिया थाना के मठिया गांव में 36 घंटे में एक-एक कर पांच लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतकों में मठिया पंचायत के वार्ड छह निवासी मनीष चौधरी (30), सुरेश चौधरी (50), नेयाज साह (35), वार्ड चार निवासी प्रदीप कुमार गुप्ता (30) और वार्ड 9 निवासी शिव राम (58) हैं। सभी ने एक साथ कुछ खाया-पीया था। सभी मृतकों का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

### ग्रामीणों ने लिया जंगल को बचाने का संकल्प

**सगमा।** प्रखण्ड के मकरी के ग्रामीणों ने पौधशाला स्थित जंगल को बचाने का संकल्प लिया। बताते चलें कि बीते शनिवार को स्थानीय मीडिया द्वारा सगमा प्रखण्ड के मकरी पौधशाला से कीमती लकड़ी काटे जाने की खबर प्रमुखता के साथ छापी गई थी। जिसके बाद रविवार को ग्रामीणों ने बैठक कर जंगल बचाने का संकल्प लिया। जंगल परिसर में ग्रामीणों ने कहा कि समाचार पत्र के माध्यम से पता चला कि मकरी जंगल से कीमती पेड़ो की कटाई हो रहा है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। इसे लेकर ग्रामीणों का कहना है कि जंगल के द्वारा हम सभी ग्रामीणों को आपात स्थिति में काफी मदद मिलता है। जाड़े के मौसम में मकरी के ग्रामीण जंगल से लकड़ी चुनकर लाते है ठंड से बचने के लिए आग जलाकर आराम से तापते है। साथ ही गांव के लोग किसी की मृत्यु होने पर जंगल में पड़े सुखी लकड़ी से शव जलाते हैं। हम सभी ग्रामीण उक्त जंगल को बचाने के लिए तैयार है। हम सभी ग्रामीण इसके लिए वन विभाग से मांग करते है कि रात्रि सुरक्षा के लिए ग्रामीणों को टार्च के साथ-साथ जंगल बचाने में सहयोगी अन्य सामग्री उपलब्ध कराया जाए। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग करते हुए कहा कि जंगल परिसर में खाली पड़े भूमि पर कीमती पौधा लगवाया जाए।

## आधा दर्जन पोल गिरा, चार घायल



जानकारी देते लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के बूढ़ीखाड़ गांव में महेंद्र यादव के घर के पास रविवार को मिलर के पिछले हिस्से में बिजली का तार फंस जाने से आधा दर्जन पोल गिर गया। इस दौरान इसके चपेट में आने के कारण बच्ची और महिला समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों में बीडीसी पति अशोक यादव की पुत्री काजल कुमारी 13 वर्ष, रामाशीष यादव का पुत्र अभिषेक कुमार 05 वर्ष, स्व. रामजन्म यादव के पुत्र महेंद्र यादव 35 वर्ष एवं बुानी कुंवर (पति स्व हरिहर यादव) 85 वर्ष के नाम शामिल हैं। इनमें काजल की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। उसे मझिआंव रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक द्वारा बेहतर चिकित्सा के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। इस सम्बंध में ग्रामीण नवल यादव ने बताया कि जगदेव मोड़ से मुख्य पथ बभनी तक चल रहे पथ निर्माण कार्य में मिलर जा रहा था, इसी बीच महेन्द्र यादव के घर के पास उसके पिछले हिस्से में बिजली का तार फंस गया। इस दौरान लोगों ने ड्राइवर को तेज स्वर में चिल्लाकर जानकारी दी लेकिन उसने नही सुना। इस प्रकार छह पोल तार सहित गिर गया। जिसमे बच्ची समेत चार लोग घायल हो गए। इस संबंध में इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि सूचना मिली है ग्रामीणों से आवेदन मिलते ही आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर प्रारंभ

**भागलपुर।** बी.एन कॉलेज भागलपुर में रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन प्रारंभ किया गया। जिसका शुभारंभ तिलका मांझी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) जवाहर लाल ने किया। इस अवसर पर कुल सचिव डॉ रामाशीष पूर्वे ने कहा कि बी एन कॉलेज में विकास की असीम संभावना है।

### हृदयगति रुकने से होमगार्ड जवान की मौत

**सगमा।** प्रखण्ड अंतर्गत पुतूर गांव निवासी 40 वर्षीय होमगार्ड जवान की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पुत्तुर गांव निवासी मनोज बैठा रामगढ़ जिले के पतरातु में होमगार्ड जवान के रूप में तैनात था। वह एक सप्ताह पूर्व अपने गांव पुत्तुर आया हुआ था। शनिवार को सुबह लगभग दस बजे अचानक तबियत खराब होने के बाद परिजन सदर अस्पताल गढ़वा लेकर गए। स्थिति को देखते हुए चिकित्सको ने रांची रेफर कर दिया गया। रांची के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान रात्रि एक बजे मनोज बैठा की मृत्यु हो गई। रांची से सुबह एंबुलेंस के माध्यम से शव घर पहुंचते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना के बाद पहुंचे मुखिया पति हनुमंत यादव ने मृतक के परिवार जनों को सांत्वना देते हुए कहा कि मनोज बैठा की मृत्यु से पूरा गांव मर्माहत है। इस दुःख की घड़ी में पूरा गांव मृतक परिवार के साथ खड़ा है। सरकार के द्वारा मिलने वाला हर सुविधा मृतक के आश्रित को देने के लिए जितना भी होगा दिलाने का काम किया जाएगा। मौके पर पूर्व उप प्रमुख संजय यादव, बीडीसी प्रेमन प्रसाद यादव, योगेंद्र यादव, सुरेंद्र बैठा, सुीर यादव, मनोज यादव, शिवपुजन यादव आदि उपस्थित थे।

## शहीद नीलांबर पीतांबर क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन



उद्घाटन करते पूर्व मुखिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड के परसोडीह हाई स्कूल के प्रांगण में शहीद नीलांबर पीतांबर कास्को क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 8 का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व मुखिया अनिल पासवान ने पूजा अर्चना कर, खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फीता काटकर किया। उद्घाटन मैच डंडई प्रखंड से सहारा क्रिकेट क्लब बनाम केतार प्रखंड से मां अम्बे क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मां अम्बे क्रिकेट क्लब 185 ओवर में 166 रन पर सिमट गई। जवाबी पारी में सहारा क्रिकेट क्लब ने 195 ओवर में 2 विकेट से मैच को अपने टीम के नाम कर लिया। मौके पर अनिल पासवान ने कहा कि लगातार आठ वर्षों से हाई स्कूल के ग्राउंड में टूर्नामेंट का आयोजन होता रहा है। जब तक मैं रहूंगा तब तक इस ग्राउंड में टूर्नामेंट का आयोजन होता रहेगा। मेरा सपना है कि इस ग्राउंड से भी एक धोनी जैसा खिलाड़ी उभर कर देश में नाम रौशन करे।

यह मेरा सपना एक दिन जरूर पूरा होगा मुझे पूर्ण विश्वास है। समाजसेवी पंकज कुमार सिंह ने कहा कि इस टूर्नामेंट में गढ़वा जिले के साथ-साथ अन्य जिले के टीम शामिल होते है। इस टूर्नामेंट के विजेता टीम को 25001 रू के साथ बड़ी शील्ड एवं उपविजेता टीम को 20001 रु के साथ छोटी शील्ड दिया जाएगा। अंपायर की भूमिका कुश वर्मा, रमेश बैठा, कॉमेंटेटर की भूमिका संजय लव वर्मा, एके मोर्या ने निभाया। मौके पर युवा समाज सेवी पंकज सिंह, नागेंद्र ठाकुर, मूंगा साह, आयोजन कमिटी के अध्यक्ष संजय वर्मा, उपाध्यक्ष देवकुमार ठाकुर, सचिव संजीव गुप्ता, कोषाध्यक्ष विजय कुमार मेहता, श्रीराम वर्मा, संतन तिवारी, विंधेश्वरी प्रसाद, अनीश गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।

### किशनगंज को मिली 1117 करोड़ की सौगात, 25 केएम का बनेगा फोरलेन

**किशनगंज।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने किशनगंज जिले में सड़क कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है। इस प्रोजेक्ट के तहत किशनगंज-बहादुरगंज प्रखंड में एनएच-27 और एनएच-327ई को जोड़ने वाला 24.849 किलोमीटर लंबा फॉरलेन हाईवे बनाया जाएगा। गौर करे कि 1117.01 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला यह हाईवे पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होगा। नए हाईवे के बनने से न केवल दो प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होगी, बल्कि आसपास के शहरों से सिलीगुड़ी के बागडोगरा हवाई अड्डे तक की यात्रा भी सुगम हो जाएगी। इस परियोजना से क्षेत्र में यातायात की स्थिति में सुधार होगा और यात्रा का समय भी कम होगा। यह नया मार्ग यात्रियों को सबसे कुशल और छोटा रास्ता प्रदान करेगा, जिससे समय और ईंधन की बचत होगी। यह प्रोजेक्ट न केवल स्थानीय लोगों के दैनिक जीवन को सुगम बनाएगा, बल्कि पूरे क्षेत्र के आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बेहतर कनेक्टिविटी से व्यापार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

### जिले में पर्याप्त मात्रा में है खाद उपलब्ध, कालाबाजारी करने वालों पर होगी कार्रवाई : डीएओ

**अररिया।** जिला में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। खाद की किसी तरह की किल्लत नहीं है। लगातार रैक से खाद मंगाया जा रहा है।जिले में वर्तमान समय में पांच हजार मिलियन टन खाद उपलब्ध है।खाद की किल्लत दिखाकर कालाबाजारी करने वाले खाद विक्रेताओं पर कार्रवाई जारी है और यदि कोई खाद विक्रेता किसान से अधिक कीमत कालाबजारी से खाद बिक्री करते हैं तो उनके ऊपर विधि सम्मत कार्रवाई की साथ साथ दुकान का लाइसेंस रद्द किया जाएगा। उक्त बातें जिला कृषि पदाधिकारी गौरव प्रसाद सिंह ने कही। उन्होंने बताया कि खाद दुकानों के साथ साथ प्रखंड मुख्यालय में खाद उपलब्ध है। किसी भी किसान को अधिक मात्रा में खाद चाहिए तो वे प्रखंड मुख्यालय से खाद ले सकते हैं।

# विडंडा गांव ने जीता पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट



ट्रॉफी प्रदान करते अतिथि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रामपुर पंचायत के कसयानी मैदान पर पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में विडंडा गांव की टीम ने ट्राफी पर कब्जा किया। मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि पंचायत मुखिया कुमारी छाया एवं बीडीसी प्रतिनिधि शिवकुमार सिंह, अभिमन्यु सिंह ने विजेता टीम को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान किया। यह पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट पंचायत मुखिया कुमारी छाया एवं मुखिया प्रतिनिधि रमेश पासवान के द्वारा आयोजित किया गया था। मौके पर पंचायत मुखिया प्रतिनिधि रमेश कुमार पासवान ने बताया कि पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में पंचायत के जाहरसराय, विडंडा, रामपुर एवं रानी ताली गांव की टीम भाग ली थी। फाइनल मुकाबले में विडंडा के टीम निर्धारित 12 ओवर में 126 रन बनाई और उसे लक्ष्य को पीछा करते हुए जाहरसराय की टीम ने 99 रन पर सिमट गई। विजेता टीम को 3100 रुपए नगद और विजेता ट्रॉफी वहीं उपविजेता टीम को 2100 रुपए नगद और रनर ट्रफी दिया गया। वहीं क्रिकेट टूर्नामेंट की अध्यक्षता विवेक कुमार सिंह एवं सचिव शत्रुघ्न सिंह ने किया। मौके पर नामधारी सिंह, जनेश्वर राम, उप मुखिया प्रतिनिधि बाबूलाल सिंह, वार्ड सदस्य धर्मेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### हाईवा की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**रमना।** रमना-श्री बंशीधर मुख्य सड़क स्थित बहियार मोड़ के समीप हाईवा की चपेट में आने से लगभग 60 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। जिसकी पहचान अभी नहीं की जा सकी है। जानकारी के अनुसार श्री बंशीधर नगर की ओर से मृतक लूना पर सवार होकर रमना की तरफ आ रहा था। इसी क्रम में रफ्तार में पीछे से आ रही हाईवा यूपी 64 बीटी 5294 ने पूरी तरह चपेट में ले लिया। घटना के बाद हाईवा चालक फरार हो गया। घटना के सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंचकर बिखरे हुए शव को कपड़े में लपेटकर गढ़वा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके पूर्व ग्रामीणों ने हाइवा की पहचान कर पुलिस को सूचित किया। मौके पर थाना प्रभारी आकाश कुमार, पुअनि आलोक कुमार, जयप्रकाश गुप्ता, एसआई राकेश कुमार सहित पुलिस के जवान मौजूद थे। ग्रामीण कुलदीप पासवान, भृगुण पासवान, सुभान अंसारी, मंसूर अंसारी, राजेंद्र उरांव सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि गांव में तीखा मोड के कारण हमेशा दुर्घटना होते रहता है, जिसके लिए बैरिकेटिंग जरूरी है। ग्रामीणों की मांग पर बहुत दिन पहले बैरिकेटिंग लगाया गया था, लेकिन इसे हटाए जाने के बाद हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

### भाजपा नेताओं ने सुना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की साल 2025 की पहली मन की बात

**एजेंसी**

**फारबिसगंज/अररिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को साल 2025 की पहली मन की बात की। भाजपा विधानसभा प्रभारी प्रवीण कुमार ने कहा पीएम के मन की बात कार्यक्रम राष्ट्र के प्रति सामूहिक प्रयासों और इच्छा शक्ति से विकसित भारत के निर्माण संकल्पना को सुदृढ करता है। विधानसभा प्रभारी प्रवीण कुमार ने संबोधन की खास बातों का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री ने आगामी 75वें गणतंत्र दिवस समारोह और लोकतंत्र को आकार देने में भारत के संविधान के महत्व पर जहां विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने कहा कि? जब युवा पीढ़ी अपनी सभ्यता के साथ, गर्व के साथ जुड़ जाती है तो उसकी जड़ें और मजबूत होती हैं। इस खास मौके पर संदीप कुमार, किशन शर्मा, विपुल सिंह,राजेश्वर साह,विकास सिंह, विकास ठाकुर, निहाल ठाकुर,चंद्र आदित्य शर्मा, करण साह आदि मौजूद थे।

## एसपी ने की समीक्षात्मक बैठक, दिये कई निर्देश



बैठक करते एसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** एसपी दीपक कुमार पांडेय ने रविवार को गढ़वा थाना क्षेत्र के अन्नराज नावाडीह डैम पर समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में एसपी ने सभी थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही पिछले दिन हुए अपराध की घटनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक कार्रवाई करते हुए निष्पादन करने का निर्देश दिया। एसपी श्री पांडेय ने लूट, गृह भेदन एवं दुष्कर्म जैसी घटनाओं का तत्काल उद्भेदन करते हुए गिरफ्तारी का निर्देश दिया। साथ ही थाना क्षेत्र में चोरी की घटना को कम करने के लिए सभी थाना प्रभारी को रात्रि गस्ती कराने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी को पुरानी लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए अनुसंधान में तेजी लाने का निर्देश दिया है। एसपी ने कम उम्र के युवा और शराब पीकर वाहन चलाने वाले के खिलाफ, बिना हेलमेट ट्रिपल लोडिंग वाहन चलाने पर कार्यवाही के लिए थाना क्षेत्र के अलग अलग जगहों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस निरीक्षक और थाना प्रभारी को 22 जनवरी को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया है। बैठक में एएसपी राहुल देव बड़ाइक, गढ़वा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार, नगर उंटारी एसडीपीओ सतेंद्र नारायण सिंह, रंका एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह, प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीवी मंडल, प्रचारि प्रवर संदीप कुमार, गढ़वा थाना प्रभारी बृज कुमार, मेराल थाना प्रभारी विष्णु कांत सहित अन्य पुलिस के पदाधिकारी व जवान शामिल थे।

## पेज एक का शेष

### महाकुंभ मेला क्षेत्र...

**स्तिथि काबू में, अफवाहों पर ध्यान न दे :** डीआइजी वैभव कृष्ण ने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है। कृपया अफवाहों पर ध्यान न दें। प्रयागराज में ही मौजूद सीएम योगी ने राहत कार्यों में तेजी लाने का आदेश दिया। महाकुंभ के सेक्टर 19 (तुलसी मार्ग) पर हुए अग्निकांड स्थल पर अधिकारियों का दल मौजूद है। साधु-संतों एवं श्रद्धालुओं की हर संभव मदद की जा रही है। स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है।

### आज दूसरी बार ...

यह शपथ सरल शब्दों में होती है जिसमें राष्ट्रपति यह शपथ लेता है कि वह अमेरिका के संविधान का पालन करेगा और अपने पद की जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभायेगा। 29 दिसंबर 2024 को पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर का निधन हो गया जिसके बाद पूरे अमेरिका में अमेरिकी ध्वज आधा झुका हुआ है। निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन ने घोषणा की थी कि जिमी कार्टर की मृत्यु के कारण 30 दिनों तक यानी 28 जनवरी तक अमेरिकी ध्वज आधा झुका रहेगा।
**ये रहेंगे उपस्थित :** समारोह में राष्ट्रपति जो बाइडन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा, जॉर्ज डब्ल्यू बुश और बिल क्लिंटन के भी शामिल होने की उम्मीद है। समारोह में विश्व के तीन सबसे धनी व्यक्ति एलन मस्क, अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस, एप्पल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टिम कुक और फेसबुक की मूल कंपनी मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग मौजूद रहेंगे। संभावित लोगों में ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन, गूगल के सीईओ सुंदर पिचई और उबर के सीईओ दारा खोसरोशाही हैं।

### राष्ट्र निर्माण में ...

**कुंभ में गरीब और अमीर सब एक :** मोदी ने कुंभ', पुष्करम' और गंगा सागर मेले' का उल्लेख करते हुए कहा कि ये पर्व सामाजिक मेल-जोल, सद्भाव और एकता को बढ़ाने वाले पर्व हैं। उन्होंने कहा, ये पर्व भारत के लोगों को भारत की परंपराओं से जोड़ते हैं। कुंभ में देश के हर कोने से लोग आते हैं। कुंभ में गरीब और अमीर सब एक हो जाते हैं और सब लोग संगम में डुबकी लगाते हैं। एक साथ भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हैं। तभी तो कुंभ एकता का महाकुंभ है। कुंभ का आयोजन हमें यह भी बताता है कैसे हमारी परंपराएं पूरे भारत को एक सूत्र में बांधती हैं। उन्होंने कहा, हमें विकास के रास्ते पर चलते हुए ऐसे ही अपनी विरासत को भी सहेजना है और उनसे प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ना है। उन्होंने अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों का उल्लेख किया और कहा कि आज हमारा देश अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

## स्पीड न्यूज

### श्रीलंका में भूस्खलन, बाढ़ की चेतावनी जारी

**कोलंबो।** श्रीलंका के कई जिलों और प्रांतों में रविवार को भूस्खलन और बाढ़ की चेतावनी जारी की गयी। नेशनल बिल्डिंग एंड रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (एनबीआरओ) ने बदुल्ला, कैंडी, कुरुनेगला और मटाले जिलों के लिए भूस्खलन की चेतावनी जारी की, जो सोमवार सुबह तक प्रभावी रहेगी।

### ईरान ने भूमिगत नौसैनिक अड्डे का अनावरण किया

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रेवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) की नौसेना ने विभिन्न लड़ाकू जहाजों को समायोजित करने के लिए एक भूमिगत अड्डे का अनावरण किया है। आईआरजीसी के आधिकारिक समाचार आउटलेट सेपा न्यूज ने शनिवार को यह जानकारी दी।

### ईरान ने 1,110 कैदियों को अफगानिस्तान को सौंपा

**तेहरान।** तालिबान आंदोलन के 2021 में अफगानिस्तान में सत्ता में लौटने के बाद से ईरान ने 1,110 अफगान कैदियों को उनकी सजा पूरी होने के बाद वापस भेज दिया है। सलाम वतनदार रेडियो ने शनिवार को यह जानकारी दी।

### ईरान में सुप्रीम कोर्ट के दो न्यायाधीशों की गोली मारकर हत्या

**तेहरान।** ईरान के दो वरिष्ठ न्यायाधीशों की देश के सुप्रीम कोर्ट में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। देश की राजधानी तेहरान में शनिवार सुबह एक बंदूकधारी अदालत में घुस गया और अली रज़िनी तथा मोहम्मद मोगीसेह पर गोली चला दी।

### चीन के साथ संबंधों में मजबूती बरकरार रहेगी : चीनी राजदूत

**ढाका।** चीन के साथ बांग्लादेश के संबंधों में कोई दरार नहीं आएगी, बल्कि यह और मजबूत होंगे। यह बात ढाका में नियुक्त चीनी राजदूत याओ वेन ने रविवार को विदेश मंत्रालय में एक बैठक के बाद कही। उन्होंने कहा कि अंतरिम सरकार के विदेश मामलों के सलाहकार की चीन यात्रा अत्यंत महत्वपूर्ण है और इससे द्विपक्षीय सहयोग और गहरा होगा।
बांग्लादेश के साथ किए गए समझौते कायम रहेंगेयाओ वेन ने स्पष्ट किया कि चीन और बांग्लादेश के बीच जो भी समझौते हुए हैं, उनमें किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। उन्होंने कहा, चीन हमेशा बांग्लादेश का मित्र रहा है और भविष्य में भी रहेगा। तीस्ता परियोजना के संबंध में राजदूत ने कहा कि चीन इस परियोजना पर काम कर रहा है और जल्द ही इसे समाधान की दिशा में ले जाएगा।

### समय और धन की बचत करेगा वन नेशन, वन इलेक्शन: रामनाथ कोविंद


**महाकुंभनगर।** दिव्य प्रेम सेवा मिशन, हरिद्वार द्वारा रविवार को कुंभ नगरी प्रयागराज में वन नेशन, वन इलेक्शन आर्थिक, राजनीतिक, चुनाव सुधार एवं विकसित भारत के संदर्भ में विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने वन नेशन, वन इलेक्शन की अवधारणा को देश की प्रगति का अहम स्तंभ बताते हुए इसके विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला।

# वैज्ञानिक अंतरिक्ष में पौधे उगाने की कोशिश कर रहे

## मन की बात में बोले पीएम मोदी, इसरो ने अंतरिक्ष में लोबिया के बीज भेजे थे, जो पिछले सप्ताह अंकुरित हुए

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मन की बात के 118वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारे वैज्ञानिक अंतरिक्ष में पौधे उगाने और उन्हें जीवित रखने का प्रयास कर रहे है। इसके लिए इसरो के वैज्ञानिकों ने लोबिया के बीजों का चयन किया है। पीएम मोदी ने रहा, 30 दिसंबर को अंतरिक्ष में भेजे गए ये बीज अंकुरित हो गए है। यह एक प्रेरणादायक प्रयोग है, जो भविष्य में अंतरिक्ष में सब्जियां उगाने के रास्ते खोलेगा। यह दशार्ता है कि हमारे वैज्ञानिक भविष्य के लिए एक विजन के साथ काम कर रहे है। बता दें कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने 30 दिसंबर को कॉम्पैक्ट रिसर्च मॉड्यूल फॉर ऑर्बिटल प्लांट स्टडीज से अंतरिक्ष में लोबिया (ब्लैक-आइड पी) के बीज भेजे थे, जो पिछले सप्ताह अंकुरित हुए।



अंतरिक्ष में पौधे क्यों उगाएं?
मनुष्य मंगल और चंद्रमा जैसे खगोलीय पिंडों पर कॉलोनी स्थापित करने के लिए लंबे अंतरिक्ष मिशनों पर निकलते है। ऐसे में अंतरिक्ष में उगाए गए पौधे उन्हें एक स्थायी खाद्य स्त्रोत प्रदान कर सकते है। वहीं, अंतरिक्ष यात्री मिशन के दौरान मल्टीविटामिन के सीमित स्टॉक पर भी निर्भर नहीं रह सकते हैं जो सालों तक चल सकते है। इसके अलावा पहले से पैक किए गए विटामिन लंबे समय में टूट जाते हैं और अपना न्यूट्रेटिव वैल्यू खो देते है। अमेरिका स्थित ब्लू मार्बल स्पेस इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के एक संबद्ध शोध वैज्ञानिक सिद्धार्थ पांडे ने द इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि चूंकि पौधे प्रकाश संश्लेषण के दौरान ऑक्सीजन छोड़ते हैं, इसलिए उन्हें अंतरिक्ष में उगाने से अंतरिक्ष यान में हवा को सांस लेने योग्य बनाए रखने में मदद मिल सकती है। पांडे ने कहा, पौधे कार्बन डाइऑक्साइड और कार्बनिक वेस्ट को रिसाइकिल कर सकते हैं, जिससे एक बंद लूप लाइफ स्पोर्ट सिस्टम बन सकती है। उन्होंने कहा कि पौधों की देखभाल करने से भी तनाव कम करने में मदद मिल सकती है।

### अंतरिक्ष में किस तरह के पौधे उगाए जा सकते हैं

पांडे ने कहा, पौधों का सेलेक्शन उनकी वृद्धि दर, पोषक तत्वों की मात्रा और अंतरिक्ष खेती प्रणालियों के साथ अनुकूलता के आधार पर किया जाता है। सलाद, पालक और केल जैसी पत्तेदार हरी सब्जियां, जो तेजी से बढ़ती हैं, उनको कम जगह की आवश्यकता होती है और पोषक तत्वों से भरपूर होती है।यह अंतरिक्ष में उगाने के लिए आदर्श पौधे है। बीन्स और मटर की खेती भी की जाती है, जो प्रोटीन से भरपूर होती हैं और मिट्टी में नाइट्रोजन को ठीक कर सकते हैं, जिससे पोषक चक्र में सुधार होता है। पांडे ने कहा, मूली और गाजर कॉम्पैक्ट जगहों में अच्छी तरह से उगते है। अंतरिक्ष आवासों में लंबे समय तक जीवित रहने के लिए गेहूं और चावल उगाए जा सकते है। टमाटर और स्ट्रॉबेरी जैसे फल भी उगाए जा सकते है।

### अंतरिक्ष में पौधे उगाना क्यों मुश्किल है

सबसे बड़ी चुनौती माइक्रोग्रैविटी है, वह स्थिति जिसमें लोग या वस्तुएं वेटलेस लगती है। गुरुत्वाकर्षण की कमी पौधों की जड़ों को नीचे की ओर बढ़ने से रोकती है, साथ ही पोषक तत्वों की डिलीवरी को भी मुश्किल बनाती है। चूंकि पानी माइक्रोग्रैविटी में जिस भी सतह को छूता है, उससे चिपक जाता है, इसलिए जब उसे पौधे के बेस पर छिड़का जाता है, तो यह जड़ों तक नहीं पहुंच पाता जहां इसे अवशोषित किया जा सकता है। अंतरिक्ष में उगाए जाने वाले पौधों को हाई लेवल रेडिएशन से भी बचाने की आवश्यकता होती है जो उनके डीएनए को नुकसान पहुंचा सकते हैं और विकास में बाधा डाल सकते है। इसके अलावा तापमान में उतार-चढ़ाव से भी बचाए रखना चाहिए रोशनी की स्थिति, विशेष रूप से बाहरी सौर मंडल में जहां सूर्य का प्रकाश दुर्लभ है, एक और चुनौती पेश करती है. रोशनी के बिना, प्रकाश संश्लेषण बंद हो जाता है और पौधे जितना ऑक्सीजन बनाते हैं, उससे अधिक ऑक्सीजन कंज्यूम करना शुरू कर देते है।

# एनडीआरएफ ने बहुत कम समय में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में भारत की वैश्विक पहचान बनायी: शाह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल ने बहुत कम समय में न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया में अपनी विश्वसनीयता बनायी है तथा आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में भारत को वैश्विक पहचान दी है। श्री शाह ने रविवार को आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में बल के 20वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान के दक्षिणी परिसर, बल की 10वीं वाहिनी तथा क्षेत्रीय कार्रवाई केन्द्र के सुपौल परिसर सहित लगभग 220 करोड़ रूपए लागत की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया। गृह मंत्री ने राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में नई इंटीग्रेटेड शूटिंग रेंज का शिलान्यास और तिरूपति में राज्य सरकार की क्षेत्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला भवन का भी उद्घाटन किया।



केन्द्रीय गृह मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि प्राकृतिक आपदा के समय यह बल सबसे पहले आगे आकर काम करता है । उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार मिलकर तीन गुना अधिक गति से आंध्र प्रदेश का विकास कर रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने पिछले छह माह में तीन लाख करोड़ से अधिक का निवेश और मदद आंध्र प्रदेश के लिए भेजे हैं। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने विशाखापत्तनम के स्टील प्लांट के लिए 11 हजार करोड़ रूपए की मदद को स्वीकृति दी है। इस निर्णय से आंध्र प्रदेश के गौरव माने जाने वाले विशाखापत्तनम स्टील प्लांट का लंबे समय तक चलना सुनिश्चित हो गया है। गृह मंत्री ने कहा कि अमरावती राजधानी की कल्पना मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने की थी और प्रधानमंत्री ने इसका भूमिपूजन किया था, लेकिन पिछली सरकार के कार्यकाल के दौरान इस पूरे प्रोजेक्ट को एक प्रकार से दरकिनार कर दिया गया था।

श्री शाह ने ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान के तहत महत्वपूर्ण गतिविधियों को आगे बढ़ाने का काम हुआ है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत, पुलिस स्टेशन, एनसीसी और स्काउट्स के कैडेट्स से लेकर सरकार तक हर जगह कोऑर्डिनेशन से काम होता है, तभी बाधारहित आपदा प्रबंधन जमीन पर उतरता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में दृष्टिकोण, तरीका और उद्देश्य में क्रांतिकारी परिवर्तन करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पहले राहत-केन्द्रित दृष्टिकोण होता था, अब बचाव-केन्द्रित आपदा प्रबंधन को लेकर यह 360 डिग्री बदलाव 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद आया है। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान जीरो कैजुअल्टी के लक्ष्य को प्राप्त करने में बल, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और संस्थान तीनों ने बहुत सामंजस्य से काम किया है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि बल ने एक संस्था के तौर पर बहुत कम समय में न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया में अपनी विश्वसनीयता बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा , आपदा के दौरान जब बल के जवान आते हैं, तो लोगों को भरोसा हो जाता है कि वे अब सुरक्षित हैं। विगत दो साल में दो तूफान ऐसे आए, जिनमें हमने जीरो कैजुअल्टी का लक्ष्य प्राप्त किया।ह्व श्री शाह ने कहा कि नेपाल, इंडोनेशिया, तुर्की, म्यांमार, विएतनाम सहित कई अन्य देशों में जब बल की टीमें गईं, तो वहां की जनता की मदद करने में इनकी भूमिका की प्रशंसा वहां के राष्ट्राध्यक्षों ने भी की। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण की नीतियों को बल ने जमीन पर उतारा है और इसके कारण आपदा प्रबंधन के मामले में भारत की वैश्विक पहचान बनी है।

श्री शाह ने कहा कि 12वें वित्त आयोग में आपदा प्रबंधन के लिए 12500 करोड़ रूपए रखे गए थे, जिसे 14वें वित्त आयोग में बढ़ाकर 61,000 करोड़ रूपए कर दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार ने कई ऐप, वेबसाइट्स और पोर्टल बनाकर आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में जनजागृति का काम किया है। देश के लाखों-करोड़ों लोगों ने इन सभी ऐप के साथ खुद को जोड़ा है और अब इन को सभी भाषाओं में संवाद करने योग्य बनाने के प्रयास हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ह्यडायल 112ह्व और ह्यकॉमन अलर्ट प्रोटोकॉलह्व से लोगों की बहुत मदद हुई है। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में आज दो और संस्थान जुड़ने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री नायडू ने केन्द्र सरकार को बिना किसी लागत के यहां भूमि देकर दसवीं वाहिनी और संस्थान की दक्षिण भारत शाखा को स्थापित करने में मदद की है। इस अवसर पर श्री नायडू, केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री बंडी संजय कुमार, गृह सचिव गोविंद मोहन और बल के महानिदेशक पीयूष आनंद सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### इजराइल-हमास संघर्ष विराम आज से

**तेल अवीव।** इजराइल मंत्रिमंडल के गाजा संघर्ष विराम समझौते को मंजूरी देने के बाद छह हफ्ते तक चलने वाला संघर्ष विराम रविवार से लागू हो गया। इजराइल की कैबिनेट ने शनिवार को हमास के साथ संघर्ष विराम समझौते को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के ऑफिस ने बयान जारी इसकी पुष्टि की। समझौते के तहत हमास पहले चरण में 33 बंधकों को रिहा करेगा और इजराइल 700 फलस्तीनी कैदियों को मुक्त करेगा। दी टाइम्स ऑफ इजराइल ने हमास समर्थक मीडिया के दावों का हवाला देते हुए बताया है कि रविवार सुबह संघर्ष विराम समझौते के तहत इजराइल की सेना गाजा के दक्षिणी शहर रफाह के अलग-अलग इलाकों से हटना शुरू कर दिया है। हालांकि इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) की तरफ से इस पर कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं है। खास बात यह है कि युद्ध विराम समझौते के तहत पहले चरण के बंदियों की अदला-बदली के लिए हमास ने उन बंदियों के नामों की सूची इजराइल को भेजी है जिन्हें रिहा किया जाना है। इसे लेकर इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि, अगर नाम जारी नहीं किए गए तो सीजफायर पर आगे नहीं बढ़ पाएंगे।

# 2047 तक भारत को विकसित बनाएंगे : राजनाथ

एजेंसी

**जौनपुर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत सबसे बड़ी डिजिटल अर्थव्यवस्था बन चुका है। शहर से गांव तक सबसे ज्यादा 5 जी यूजर्स है। हम 2047 तक भारत को विकसित देश बनाएंगे।
रक्षा मंत्री राजनाथ से रविवार को उत्तरप्रदेश में जौनपुर जिले के निजामुद्दीनपुर गांव में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जगत नारायण दुबे के आवास पर आयोजित मांगलिक समारोह में भाग लेने के पश्चात पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज भारत कुछ बोलता है, तो सारी दुनिया कान खोल कर सुनती है कि भारत बोल क्या रहा है। विज्ञानी सेना से जुड़े उपकरण भारत की धरती पर बना रहे हैं और दूसरे देशों को भी एक्सपोर्ट कर रहे हैं। देश में 1.30 लाख स्टार्टअप काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज देश के युवाओं को भारत का इतिहास पढ़ना चाहिए, हमारे इतिहास में हर क्षेत्र में भारत की उपलब्धि व्याप्त है। श्री सिंह ने पत्रकारों के सवालों का जबाब देते हुए कहा कि गुलाम जम्मू कश्मीर भारत का मुकुट मणि है और इसके बिना जम्मू कश्मीर अधूरा है, पाकिस्तान के लिए यह एक विदेशी क्षेत्र से अधिक कुछ नहीं है वह इसका इस्तेमाल आतंक को शह देने व भारत विरोधी दुष्प्रचार के लिए कर रहा है। रक्षा मंत्री ने गुलाम जम्मू कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग करार दिया और साथ ही पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि गुलाम जम्मू कश्मीर में आतंकी ट्रेनिंग कैम्प व लॉन्चिंग पैड खत्म कर दे नहीं तो उचित जवाब दिया जाएगा। रक्षा मंत्री ने इस वाक्य से पाकिस्तान को आतंकी शिविरों पर सर्जिकल स्ट्राइक व बालाकोट स्ट्राइक की याद भी दिला दी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान जम्मू कश्मीर में आतंक को शह देने की साजिशें निरंतर जारी रखे हुए हैं।



# राम मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष ने निर्माण की जानकारी ली



**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र ने रविवार को श्री राम लला का दर्शन किया।तत्पश्चात उन्होंने एलएंडटी सभाकक्ष में निर्माण एजेंसियों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करके निर्माण कार्य प्रगति की अद्यतन जानकारी ली और घूम घूमकर स्थलीय निरीक्षण किया।

# कुम्भ हमारी सांस्कृतिक व परंपराओं से संपूर्ण विश्व को करा रहा साक्षात्कार : योगी

**महाकुम्भ नगर (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को वर्ष के पहले मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने महाकुम्भ का भी प्रमुखता से जिक्र किया और एक बार फिर इसे एकता का महाकुम्भ बताया। महाकुम्भ पर पीएम मोदी की चर्चा पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका आभार जताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में भारत की एकात्मता के जीवंत प्रतीक, आध्यात्मिकता, समता और समरसता के महासमागम महाकुम्भ के सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व पर चर्चा कर हम सभी को मार्गदर्शन प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का



महोत्सव महाकुम्भ 2025 प्रयागराज हमारी सांस्कृतिक धरोहरों व परंपराओं से आज संपूर्ण विश्व का साक्षात्कार करा रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा महाकुम्भ में युवाओं की बढ़ती भागीदारी पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का युवाओं के लिए गर्व के साथ अपनी सभ्यता, संस्कृति के अनुगमन का संदेश उन्हें एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा।

इससे पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में त्रिवेणी तट पर लगे महाकुम्भ पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ का श्रीगणेश हो चुका है। चिरस्मरणीय जन सैलाब, अकल्पनीय दृश्य और समता, समरसता का असाधारण संगम दिखाई दे रहा है। इस बार कुम्भ में कई दिव्य योग बन रहे हैं। ये उत्सव विविधता में एकता का उत्सव मनाता है। संगम की रेती पर पूरे भारत के, पूरे विश्व के लोग जुटते हैं। हजारों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में कहीं कोई भेदभाव नहीं, जातिवाद नहीं। इसमें भारत के दक्षिण से लोग आते हैं, भारत के पूर्व और पश्चिम से लोग आते हैं। कुम्भ में गरीब, अमीर सब एक हो जाते हैं। सब लोग संगम में डुबकी लगाते हैं। एक साथ भंडारों में भोजन करते हैं, प्रसाद लेते हैं, तभी तो कुम्भ एकता का महाकुम्भ है। यह आयोजन हमें ये भी बताता है कि कैसे हमारी परंपराएं पूरे भारत को एक सूत्र में बांधती हैं। उत्तर से दक्षिण तक मान्यताओं को मानने के तरीके एक जैसे ही हैं। एक तरफ प्रयागराज, उज्जैन, नासिक और हरिद्वार में कुम्भ का आयोजन होता है, वैसे ही दक्षिण भूभाग में गोदावरी, कृष्णा, नर्मदा और कावेरी नदी के तटों पर पुष्करम होते हैं। ये दोनों ही पर्व हमारी पवित्र नदियों से उनकी मान्यताओं से जुड़े हुए हैं। इसी तरह अनेक ऐसे मंदिर हैं जिनकी परंपराएं कुम्भ से जुड़ी हुई हैं।

उन्होंने खुशी और संतोष जताया कि महाकुम्भ में युवाओं की बड़ी भागीदारी दिख रही है। उन्होंने कहा कि इस बार आप सबने देखा होगा कि कुम्भ में युवाओं की भागीदारी बहुत व्यापक रूप में नजर आती है। यह भी सच है कि जब युवा पीढ़ी अपनी सभ्यता के साथ, गर्व के साथ जुड़ जाती है तो उसकी जड़ें और मजबूत होती हैं। तब उसका स्वर्णिम भविष्य भी सुनिश्चित हो जाता है।

